डाक पंजीयन संख्या: jaipur city/005/2023–25

RNI. NO.- RAJHIN2022/ 82942

दैनिक प्रातः कालीन

# राजस्थान दर्शन

वर्ष 3 | अंक: 296 | जयपुर, शनिवार, 01 फरवरी, 2025 | पृष्ठ : 8 | मूल्य- 2₹

# संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश: निर्मला सीतारमण ने बजट को अंतिम रूप दिया, आज लगातार आठवीं बार पेश कर रचेंगी इतिहास

## अप्रैल से दिसंबर 2024 के बीच महंगाई 4.9 प्रतिशत रही, जीडीपी ग्रोथ 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत रह सकती है

राजस्थान दर्शन

**नई दिल्ली। नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट को अंतिम रूप प्रदान किया. बजट को लेकर आशा है कि इसमें मध्यम वर्ग की टैक्स कटौती की उम्मीद और वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए अर्थव्यवस्था की जरूरतों के बीच संतुलन स्थापित किया जाएगा. बता दें कि वित्त मंत्री सीतारमण एक फरवरी को लगातार आठवीं बार बजट पेश करेंगी. वहीं बजट के राजकोषीय रूप से विवेकपूर्ण होने के साथ-साथ इसमें कमजोर पड़ती आर्थिक वृद्धि को सहारा देने के अलावा ऊंची कीमतों और स्थिर वेतनवृद्धि का सामना कर रहे मध्यम वर्ग पर बोझ कम करने के उपाय शामिल किए जाने की उम्मीद है.

इस बारे में वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में नॉर्थ ब्लॉक स्थित अपने कार्यालय में केंद्रीय बजट 2025-26 को अंतिम रूप दिया. साथ ही उन्होंने बजट निर्माण प्रक्रिया में शामिल सचिवों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत भी की.बैठक के दौरान वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी भी मौजूद थे.




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 31 जनवरी को इकोनॉमिक सर्वे पेश किया। इसके अनुसार FY26 यानी, 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के दौरान GDP ग्रोथ 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं रिटेल महंगाई अप्रैल-दिसंबर 2024 में 4.9 प्रतिशत हो गई। इकोनॉमिक सर्वे बजट से एक दिन पहले पेश किया जाता है। इसमें देश की GDP का अनुमान और महंगाई समेत कई जानकारियां होती है। इससे पता चलता है कि हमारे देश की अर्थव्यवस्था की हालत कैसी है। डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक अफेयर्स इसे तैयार करता है।

### इकोनॉमिक सर्वे 2025 की 6 बड़ी बातें-

2025-2026 में इकोनॉमी 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ने का अनुमान है। सर्वे में कहा गया है कि 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए अगले एक से दो दशक तक 8 प्रतिशत के दर से आर्थिक विकास करना होगा।

2023-2024 में रिटेल महंगाई 5.4 प्रतिशत थी, जो अप्रैल-दिसंबर 2024 में 4.9 प्रतिशत हो गई। चौथी तिमाही में महंगाई में कमी की उम्मीद है। खराब मौसम, कम उपज के चलते सप्लाई चेन में बाधा आने से खाने-पीने की महंगाई बढ़ी।

सर्वे में कहा गया है कि लेबर मार्केट के हालात 7 साल में बेहतर हुए है। FY24 में बेरोजगारी दर गिरकर 3.2 प्रतिशत पर आई। वहीं EPFO में नेट पेरोल पिछले 6 साल में दोगुना हुआ जो संगठित क्षेत्र में रोजगार का अच्छा संकेत है।

एआई का तेजी से हो रहा विकास न केवल ग्लोबल लेबर मार्केट में नए अवसरों का निर्माण कर रहा है, बल्कि महत्वपूर्ण चुनौतियां भी उत्पन्न कर रहा है। AI के चलते होने वाले बदलाव के विपरीत प्रभावों को कम करने की जरूरत है।

भारत को अगले 20 साल में तेज ग्रोथ के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश की जरूरत है। पिछले 5 साल में सरकार ने फिजिकल, डिजिटल और सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस किया है। पब्लिक फंडिंग से अकेले ये जरूरतें पूरी नहीं होंगी, इसलिए प्राइवेट भागीदारी बढ़ानी होगी।

भारतीय बाज़ारों के सामने सबसे बड़ा जोखिम अमेरिका से जुड़ा है। सर्वे में अमेरिकी बाजार में करेक्शन की हाई पॉसिबिलिटी बताई गई है। इसका भारतीय शेयर बाजार पर असर पड़ सकता है, खासकर रिटेल निवेशकों पर।

### दिसंबर में महंगाई दर 4 महीने के निचले स्तर पर आई

खाने-पीने की चीजें सस्ती होने से दिसंबर में रिटेल महंगाई दर 4 महीने के निचले स्तर पर आ गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक महंगाई घटकर 5.22 प्रतिशत हो गई है। इससे पहले नवंबर में महंगाई दर 5.48 प्रतिशत पर थी। वहीं 4 महीने पहले अगस्त में महंगाई 3.65 प्रतिशत पर थी।

महंगाई के बास्केट में लगभग 50 प्रतिशत योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महंगाई महीने-दर-महीने आधार पर 9.04 प्रतिशत से घटकर 8.39 प्रतिशत हो गई है। वहीं ग्रामीण महंगाई 5.95 प्रतिशत से घटकर 5.76 प्रतिशत और शहरी महंगाई 4.89 प्रतिशत से घटकर 4.58 प्रतिशत हो गई है।

### इकोनॉमिक सर्वे क्यों जरूरी होता है?

ये कई मायनों में जरूरी होता है। इकोनॉमिक सर्वे एक तरह से हमारी अर्थव्यवस्था के लिए डायरेक्शन की तरह काम करता है, क्योंकि इसी से पता चलता है कि हमारी अर्थव्यवस्था कैसी चल रही है और इसमें सुधार के लिए हमें क्या करने की जरूरत है।

### क्या सरकार के लिए इसे पेश करना जरूरी है?

सरकार सर्वे को पेश करने और इसमें दिए गए सुझावों या सिफारिशों को मानने के लिए बाध्य नहीं है। अगर सरकार चाहे तो इसमें दिए सारे सुझावों को खारिज कर सकती है। फिर भी इसकी अहमियत है, क्योंकि इससे बीते साल की अर्थव्यवस्था का लेखा-जोखा पता चलता है।

### 1950-51 में पेश हुआ था पहला इकोनॉमिक सर्वे

भारत का पहला इकोनॉमिक सर्वे 1950-51 में केंद्रीय बजट के एक भाग के रूप में पेश किया गया था। हालांकि, 1964 के बाद से, सर्वे को केंद्रीय बजट से अलग कर दिया गया। तब से, बजट पेश करने से ठीक एक दिन पहले इकोनॉमिक सर्वे जारी किया जाता है।



## दावा- ममता कुलकर्णी और किन्नर महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण निष्कासित

### संस्थापक अजय दास ने कहा- वे रास्ते से भटकीं; अखाड़ा परिषद अध्यक्ष बोले- आपको नहीं जानते

**प्रयागराज।** खुद को किन्नर अखाड़ा के संस्थापक बताने वाले ऋषि अजय दास ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा- मैंने लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी और अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर पद से हटा दिया है। ममता को महामंडलेश्वर बनाने में प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया, जिस पर (ममता पर) देशद्रोह का आरोप हो। उसे महामंडलेश्वर कैसे बनाया जा सकता है? दास ने ये भी कहा कि ये कोई बिग बॉस का शो नहीं है, जिसको कुंभ के दौरान एक महीने चला दिया जाए। लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी को मैंने किन्नर समाज के उत्थान और धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए आचार्य महामंडलेश्वर बनाया था, लेकिन वह भटक गई। ऐसे में मुझे एक्शन लेना पड़ा।

महामंडलेश्वर लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी ने अजय दास के दावे को खारिज किया है। उन्होंने कहा- वे कौन होते हैं, मुझे अखाड़े से निकालने वाले। 2017 में अजय दास को किन्नर अखाड़े से निकाल दिया गया है। वो निजी स्वार्थ के लिए ऐसा कह रहे हैं। इधर, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने कहा कि हम लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी के साथ हैं। अजय दास हैं कौन? हम इन्हें नहीं जानते।

# नवनिर्वाचित देहात जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली का गोगुंदा में ऐतिहासिक स्वागत, विशाल जनसभा में उमड़ा जनसैलाब

## पुष्कर तेली बोले, भाजपा का हर कार्यकर्ता मेरी ताकत, संगठन को जड़ों तक मजबूत करेंगे

राजस्थान दर्शन

**गोपाल लोढ़ा, गोगुंदा।** भाजपा के नवनिर्वाचित उदयपुर देहात जिलाध्यक्ष पुष्कर तेली के गोगुंदा आगमन पर ऐतिहासिक स्वागत और विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। हजारों कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने फूल मालाओं, आतिशबाजी और जयकारों के साथ युवा नेता का भव्य अभिनंदन किया। पूरे क्षेत्र में भाजपा के प्रति बढ़ते जनसमर्थन और जोश का नजारा साफ देखने को मिला।

### भाजपा का हर कार्यकर्ता मेरी शक्ति- पुष्कर तेली

विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पुष्कर तेली ने भावुक स्वर में कहा,भाजपा ने एक सामान्य कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष बनाकर जो विश्वास जताया है, वह मेरे लिए सम्मान और जिम्मेदारी दोनों है। गोगुंदा विधानसभा के कार्यकर्ताओं और जनता ने जो प्रेम और सहयोग दिया है, वह मेरी सात पीढ़ियों तक नहीं चुकाया जा सकता। मैं संगठन को परिवार की भावना से चलाऊंगा और भाजपा को बूथ स्तर तक मजबूत करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र में पनप रही राष्ट्रविरोधी और सनातन विरोधी ताकतों को करारा जवाब दिया जाएगा। सत्ता और संगठन के समन्वयक के रूप में, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचे और भाजपा का 'अंत्योदय' का संकल्प पूरा हो।



### भव्य रैली से हुआ स्वागत, ऐतिहासिक जनसभा में उमड़ी भीड़

सुबह 11 बजे उदयपुर से सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ पुष्कर तेली रवाना हुए। सबसे पहला स्वागत बरोडिया चौकी पर हुआ, इसके बाद ईसवाल, नयागुड़ा, विजयबावड़ी, धोलीघाटी सहित विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत समारोह आयोजित किए गए। गोगुंदा बाईपास चौराहे पर हनुमान जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और प्रताप सर्कल पर स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

इसके बाद रैली गोगुंदा कस्बे के लिए रवाना हुई, जहां बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने पुष्कर तेली का अभिनंदन किया। फिर रैली कस्बे के विभिन्न मार्गो से होते हुए राजतिलक स्थली पहुंची। पूरे मार्ग में भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने फूल वर्षा, आतिशबाजी और जयकारों के साथ नेता का स्वागत किया।

राजतिलक स्थली पहुंचने पर पुष्कर तेली ने महाराणा प्रताप और भीलू राणा की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किए। साथ ही महादेव व हनुमान जी के दर्शन किए और प्रताप की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया।

### गोगुंदा की राजनीति में नया जोश

राजतिलक स्थली पर हुए इस ऐतिहासिक कार्यक्रम ने भाजपा संगठन की मजबूती और युवा नेतृत्व के प्रति जनता के विश्वास को और गहरा किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला।

### ये रहे मौजूद

इस आयोजन में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शांतिलाल चपलोत, मावली पूर्व विधायक धर्म नारायण जोशी, पूर्व देहात जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान, प्रदेश कार्य समिति सदस्य भंवर सिंह पवार, पूर्व प्रदेश मंत्री कन्हैया लाल मीणा डेरी चेयरमैन डालचंद पटेल गोगुंदा प्रधान सुंदर देवी गमेती, बडगांव प्रधान प्रतिभा नागदा, उप प्रधान लक्ष्मण सिंह झाला, गोगुंदा पूर्व उप प्रधान पप्पू राणा भील, बड़गांव पूर्व प्रधान खूबी लाल पालीवाल,महामंत्री दीपक शर्मा, लोकेश बागरेचा, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष ललित सिंह, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रेमचंद लोहार, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष मुरारीलाल, जिला उपाध्यक्ष रामकृपाल शर्मा, चंद्रशेखर जोशी, शांतिलाल जैन, यूनाइटेड कांट्रैक्टर्स एसोसिएशन, राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष बी.एस.राव, अल्पसंख्यक प्रदेश प्रभारी इकराम कुरैशी, जिला प्रवक्ता अशोक मालवीय, गोगुंदा मंडल अध्यक्ष निखिल कोठारी, सायरा मंडल अध्यक्ष करण जोशी, देवला मंडल अध्यक्ष राजाराम गरासिया, कोटडा मंडलहिम्मत तावड़, बड़गांव मंडल अध्यक्ष मोहन लाल डांगी, पूर्व जिला मंत्री दयालाल चौधरी, गोगुंदा पूर्व उप प्रधान पप्पू राणा भील, जिला संयोजक डीसी मेघवाल, गोगुंदा सरपंच कालू लाल गमेती, वार्ड पंच सुरेश सोनी, कमलेश तेली, ओम सिंह चौहान व हिम्मत खटीक सहित सभी मोर्चो के अध्यक्ष के साथ उदयपुर, गोगुंदा, सायरा, कोटडा, देवला व बड़गांव से हजारों की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# 19 फरवरी को आएगा राजस्थान का बजट

### स्पीकर बोले-विधानसभा से अपशकुन दूर करने वास्तुविदों की सलाह ली; राज्यपाल और डोटासरा में तीखी नोक-झोंक



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में बजट सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान गोविंद सिंह डोटासरा बोलने लगे तो हरिभाऊ बागड़े ने भी उन्हें तल्ख अंदाज में जवाब दिया। अभिभाषण के दौरान राज्यपाल ने पिछली कांग्रेस सरकार को भी घेरा। उन्होंने कहा जल जीवन मिशन घोटाले से देश में राजस्थान की साख खराब हुई है। अभिभाषण के बाद कांग्रेस एमएलए मुकेश भाकर का निलंबन समाप्त कर दिया गया है।

वहीं, स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा है कि विधानसभा से अपशकुन दूर करने के लिए वास्तुविदों का सहारा लिया गया है, इस आधार पर कुछ बदलाव किए गए हैं। इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही 3 फरवरी तक के लिए स्थगित हो गई है। विधानसभा स्पीकर की अध्यक्षता में हुई कार्य सलाहकार समिति (BAC) की बैठक में विधानसभा के 19 फरवरी तक का कामकाज तक किया गया। राजस्थान का बजट 19 फरवरी को सुबह 11 बजे पेश किया जाएगा।

### विधानसभा से अपशकुन दूर करने वास्तु का सहारा, स्पीकर बोले- हमने वास्तुविदों से सलाह ली है

विधानसभा में 200 विधायक कभी भी एक साथ नहीं होने के संयोग को तोड़ने के लिए वास्तु का सहारा लेने का जिक्र विधानसभा में आया। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा- पिछले दिनों कुछ सुझाव दो-तीन वास्तु वालों के मिले हैं, दो-तीन सुझाव लागू किए हैं ,एक दो और बताए गए हैं। मैं सोचता हूं 4 साल पूरे 200 के 200 सदस्य पूरे बने रहे ,ऐसी मेरी अपेक्षा है। गौरतलब है कि वास्तुविदों के सुझाव के बाद विधानसभा में विधायकों की एंट्री का रास्ता भी बदल दिया गया है। इसके अलावा सदन में कई छोटे-मोटे बदलाव भी किए गए हैं। दक्षिणी कोने में टेंट लगाया है।

# फिरोजपुर में धुंध में कैंटर-पिकअप की टक्कर, 11 की मौत: 15 लोग घायल; सड़क किनारे बिखरी लाशें, बिलखते दिखे परिजन; सीएम ने जताया दुख

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर में आज सुबह करीब 8 बजे एक बोलेरो पिकअप और कैंटर की टक्कर हो गई। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई। जबकि, 15 लोग घायल हो गए। यह हादसा फिरोजपुर-फाजिल्का रोड पर गांव मोहन के उताड़ के पास हुआ। हादसे के वक्त पिकअप में 25 से ज्यादा लोग सवार थे। इनमें से मरने वालों की लाशें सड़क किनारे बिखरी पड़ी मिलीं। जबकि, जख्मी लोगों को पुलिस ने राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने आशंका जताई है कि हादसा धुंध के कारण हुआ है। हालांकि, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।




मरने वालों में एक सुखविंदर नाम का व्यक्ति भी शामिल है, जोकि पांच बहनों का इकलौता भाई था। हादसे को लेकर पंजाब के सीएम सरदार भगवंत सिंह मान ने दुख जताया है। उन्होंने कहा- फिरोजपुर में आज सुबह कैंटर और पिकअप ट्रक के बीच टक्कर होने से बड़ा हादसा हो गया। जिसमें एक शादी समारोह में जा रहे वेटरों की दुखद मौत की खबर आई है और कुछ लोग घायल बताए जा रहे हैं। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। पंजाब सरकार इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। वहीं, इसे लेकर फिरोजपुर की डीसी दीपशिखा शर्मा ने कहा है कि सभी घायलों का इलाज जिला प्रशासन की ओर से करवाया जा रहा है। इनकी पूरी देखभाल की जाएगी।

# आरएएस प्री-2024 परीक्षा कल: प्रदेश में 2045 सेंटरों पर 6.75 लाख कैंडिडेट्स देंगे एग्जाम, नकल करने पर होगी उम्र कैद

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से 2 फरवरी को होने वाली आरएएस प्री परीक्षा 2024 की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश में 2045 सेंटरों पर परीक्षा होगी। करीब 6.75 लाख अभ्यर्थी एग्जाम देंगे। अजमेर जिले में कुल 127 सेंटर बनाए गए हैं। इनमें 43 हजार 77 अभ्यर्थी परीक्षा देने आएंगे। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया- परीक्षा 2 फरवरी को दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश- पत्र जारी कर दिए हैं। यह प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट और SSO Portal पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### एक घंटे पहले मिलेगी एंट्री




परीक्षा सेंटरों पर अभ्यर्थियों को एक घंटा पहले तक ही प्रवेश दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को अपने साथ मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) लेकर आना होगा। यदि मूल आधार कार्ड पर फोटो पुरानी या अस्पष्ट है, तो अन्य मूल फोटो पहचान पत्र लेकर पहुंचना होगा। परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया- प्रदेश में 38 जिला मुख्यालय और 49 उपखंडों पर यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। कुल 87 शहरों में यह परीक्षा होगी। अजमेर जिले के 127 सेंटर हैं। इसमें अजमेर में 102, किशनगढ़ में 11 और केकड़ी में 14 सेंटर बनाए गए हैं। यहां 43 हजार 77 अभ्यर्थियों के लिए व्यवस्था की गई है। आयोग ने परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों के लिए चेतावनी भी जारी की है। आयोग सचिव मेहता ने बताया कि अभ्यर्थियों को आगाह किया गया है कि परीक्षाओं के संबंध में किसी दलाल, मीडिएटर, समाजकंटक या अपराधी के बहकावे में ना आएं।

## चिंतन

# जीडीपी दर बढ़ाने और कड़े आर्थिक सुधारों का सुझाव

वित्त वर्ष 2024-25 की आर्थिक समीक्षा में देश की अर्थव्यवस्था की मौजूदा तस्वीर पेश की गई है। अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद घरेलू व वैश्विक चुनौतियों को रेखांकित किया गया है और आर्थिक वृद्धि को रफ्तार देने के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने का सुझाव दिया गया है। सुस्त जीडीपी दर व महंगाई पर चिंता दर्शायी गई है। रोजगार सृजन पर जोर देने और निवेश को बढ़ावा देने के उपायों पर गौर करने के लिए कहा गया है। यूं तो अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बताई गई है, लेकिन चालू व अगले वित्त वर्ष के लिए कम जीडीपी अनुमान को देखते हुए कड़े आर्थिक सुधार की पैरवी की गई है। आर्थिक समीक्षा में देश की वृद्धि दर अगले वित्त वर्ष में 6.3 से 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को हासिल करने के लिए काफी नहीं है। इसके साथ ही वृद्धि को गति देने के लिए भूमि और श्रम जैसे क्षेत्रों में नियमनों को उदार बनाने और सुधार को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शुक्रवार को संसद में पेश आर्थिक समीक्षा में साफ संकेत दिया गया है कि भारत की वृद्धि सुस्त हो रही है और 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए करीब दो दशक से अधिक वक्त तक आठ प्रतिशत या इससे अधिक रफ्तार से जीडीपी ग्रोथ दर्ज करना होगा। वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी दर 8.2 प्रतिशत रही थी। समीक्षा में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि का जो अनुमान लगाया गया है, उसे विकसित देश बनने के लिए जरूरी वृद्धि दर से काफी कम माना जा रहा है। सरकार को उम्मीद है कि कृषि उत्पादन में उछाल, खाद्य मुद्रास्फीति में अपेक्षित नरमी और स्थिर वृहद-आर्थिक परिवेश के साथ ग्रामीण मांग के चलते निकट अवधि में आर्थिक वृद्धि में तेजी आएगी। समीक्षा में सरकार को लगता है कि अगले साल भारत की आर्थिक संभावनाओं को लेकर जोखिम संतुलित है। अगर वैश्विक स्थिति को देखें तो रूस व यूक्रेन युद्ध जारी है, पश्चिम एशिया में इजराइल, ईरान, हमास, हिज्बुल्ला, हुती के बीच तनाव व्याप्त है। अमेरिका में ट्रंपराज में अमेरिकी संरक्षणवाद को बढ़ावा दिए जाने व यूएस व चीन के बीच ट्रेड वार बढ़ने की संभावना के चलते वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां कठिन रहने वाली हैं। इसके असर से भारतीय अर्थव्यवस्था भी अछूत नहीं रहेगी। भारत का निर्यात आयात से कम है, व्यापार घाटा बहुत ज्यादा है, वैश्विक स्तर पर तनाव और अनिश्चितताओं के साथ जिंसों के दाम में तेजी की आशंका अर्थव्यवस्था के लिए प्रतिकूल परिस्थितियां पैदा करती हैं। ऐसे में बजट में वैश्विक जोखिमों से निपटने के लिए बड़ा उपाय करने होंगे। समीक्षा में कृषि क्षेत्र, नए टेक उद्योग, एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार व निवेश बढ़ाने को कहा गया है। निवेश दर को बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पाद का 35 प्रतिशत करने की आवश्यकता है, जो वर्तमान में 31 प्रतिशत है। समीक्षा में नियमनों को कम कर आर्थिक सुधारों को बढ़ाकर वृद्धि के इंजन को फिर से मजबूत करने का आह्वान किया गया है। नवाचार व एसएमई को बढ़ावा देने के लिए कहा गया है। जर्मनी, स्विट्जरलैंड, जापान और सिंगापुर जैसे देशों की आर्थिक सफलता में छोटे उद्यमों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बजट में आर्थिक समीक्षा के सुझावों के अनुरूप एक्शन प्लान की उम्मीद है। समीक्षा में आयकर में राहत व टैक्स सुधार पर चुप्पी है। यह संकेत हो सकता है कि बजट में कर सुधारों पर अधिक ध्यान न दिया जाए, विकास को गति देने के लिए टैक्स रिफॉर्म जरूरी है।

# समीक्षा में बुलंद बजट के संकेत



**विश्लेषण**
शंभू भद्र

सुस्त ग्रोथ का सामना कर रही सरकार के सामने राजकोषीय विवेक बनाए रखने और विकास दर बढ़ाने के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती है। वित्त वर्ष 2024-25 की आर्थिक समीक्षा में पेश देश की आर्थिक तस्वीर में भी जीडीपी, महंगाई को लेकर चिंता है, कृषि व उद्योग क्षेत्र के लिए सुझाव हैं, निवेश बढ़ने की उम्मीद जताई गई है और वैश्विक स्थितियां व भूराजनीतिक तनाव के चलते कठिन आर्थिक परिस्थिति बनी रहेंगी। सर्वे में रोजगार सृजन, कृषि, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटेक व हाईएंड न्यूटेक, सेवा क्षेत्र, सोशल वेलफेयर सेक्टर, इन्फ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन और जीडीपी ग्रोथ पर फोकस के सुझाव हैं। कड़े आर्थिक सुधार से लबरेज समावेशी व बुलंद बजट के संकेत हैं।

आज मोदी 3:0 सरकार वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपना बजट पेश करेगी। सभी वर्ग को सरकार से बड़ी उम्मीदें हैं। खासकर नौकरीपेशा वर्ग को आयकर में राहत की आस है। किसान, कमेरा, व्यापारी, उद्यमी, गृहिणी, युवा, विद्यार्थी सभी क्लास को बजट से कुछ न कुछ चाहिए। लेकिन क्या वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपना आठवां बजट पेश करते हुए इन सबकी उम्मीदों पर खरा उतर पाएंगी? सुस्त ग्रोथ का सामना कर रही सरकार के सामने राजकोषीय विवेक बनाए रखने और विकास दर बढ़ाने के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती है। वित्त वर्ष 2024-25 की आर्थिक समीक्षा में पेश की गई देश की आर्थिक तस्वीर में भी जीडीपी, महंगाई को लेकर चिंता है, कृषि व उद्योग क्षेत्र के लिए सुझाव हैं, निवेश बढ़ने की उम्मीद जताई गई है और वैश्विक स्थितियां व भूराजनीतिक तनाव के चलते कठिन आर्थिक परिस्थिति बनी रहेंगी। आर्थिक सर्वे में रोजगार सृजन, कृषि, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटेक व हाईएंड न्यूटेक, सेवा क्षेत्र, सोशल वेलफेयर सेक्टर, इन्फ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन और जीडीपी ग्रोथ पर फोकस के सुझाव हैं।

समीक्षा में कड़े आर्थिक सुधार से लबरेज समावेशी व बुलंद बजट के संकेत हैं। कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025-26 में 6.3-6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में इसके 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आंकड़े बता रहे हैं कि ग्रोथ के मोर्चे पर चुनौती बरकरार है। हालांकि समीक्षा में कहा गया है कि भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत है, इसे संतुलित राजकोषीय सशक्तीकरण और स्थिर उपभोग का समर्थन प्राप्त है। वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक, विवेकपूर्ण नीति प्रबंधन और घरेलू बुनियादी सिद्धांतों को मजबूत करने की जरूरत होगी। वैश्विक राजनीतिक, आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण मुद्रास्फीति का जोखिम बना रहेगा। उच्च सार्वजनिक पूंजीगत व्यय और बेहतर होती कारोबारी अपेक्षाओं से निवेश गतिविधि में तेजी आने की उम्मीद है। भारत को जमीनी स्तर पर संरचनात्मक सुधारों के माध्यम से अपनी वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करने की जरूरत है। कारोबारी सुगमता (ईओडीबी) 2.0 राज्य सरकार की अगुवाई वाली पहल होनी चाहिए, जो व्यवसाय करने में असुविधा की मूल समस्या को दूर करने पर केंद्रित हो। भारत को निर्यात बढ़ाने और निवेश आकर्षित करने के लिए अपने प्रयासों को दोगुना करना चाहिए। भारत को उच्च वृद्धि के लिए अगले दो दशक में बुनियादी ढांचे में निवेश को निरंतर बढ़ाने की जरूरत है। कॉरपोरेट क्षेत्र को उच्च स्तर की सामाजिक जिम्मेदारी दिखानी होगी। जलवायु-प्रतिरोधी फसल किस्मों को विकसित करने, उपज बढ़ाने और फसल क्षति को कम करने के लिए दलहन, तिलहन, टमाटर, प्याज उत्पादन बढ़ाने के लिए शोध की जरूरत है। आर्थिक समीक्षा में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए एक या दो दशक तक औसतन आठ प्रतिशत की दर से वृद्धि की वकालत की गई है। कहा गया है कि अपेक्षित वृद्धि हासिल करने के लिए निवेश को 31 से बढ़ाकर 35 प्रतिशत करने की जरूरत है। सुधारों और आर्थिक नीति का ध्यान अब व्यवस्थित विनियमन पर होना चाहिए। विनिर्माण क्षेत्र को और विकसित करने तथा एआई,



रोबोटिक्स और जैव प्रौद्योगिकी जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों में निवेश करने की जरूरत है। समीक्षा में जो सुझाव हैं, बजट में उस दिशा में कदम दिखेंगे। निवेश बढ़ाने पर जोर होगा। चूंकि भारतीय अर्थव्यवस्था लंबे समय से आर्थिक सुधार के अगले चरण के इंतजार में है। सत्ताधारी भाजपा के चुनावी गणित में उलझे रहने के चलते राजनीति अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ी है। इसका खामियाजा वित्त वर्ष 2024-25 में देखने को मिला है, जब जीडीपी दर साढ़े छह फीसदी से नीचे आ गई। सुस्त ग्रोथ के चलते भारत मध्यम आय के जाल (मिडल इनकम ट्रैप) में फंस सकता है। कार्यबल का लाभ लेना है और विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना है तो आठ फीसदी से अधिक जीडीपी ग्रोथ का मोमेंटम बनाए रखना होगा।'मिडिल इनकम ट्रैप' एक ऐसी स्थिति है जिसमें किसी देश की प्रति व्यक्ति आय मध्य स्तर तक ही सिमट कर रह जाती है और उच्च आय की श्रेणी की तरफ नहीं बढ़ पाती है। यह बजट सरकार के सामने विकास को गति देने के उपाय करने और घाटे को लक्षित दर के दायरे में रखने का मौका है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि सरकार आज पेश होने वाले बजट में राजकोषीय संतुलन का ध्यान रखेगी, सब्सिडी को तर्कसंगत बनाएगी और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाले विकास मॉडल की ओर रुख करेगी। वर्तमान आर्थिक मॉडल पर रोजगार सृजन रहित विकास के आरोप लगते रहे हैं। चूंकि देश कोविड महामारी के संकटकालीन दौर से बाहर निकल चुका है, ऐसे में आर्थिक सुधारों को जारी रखना होगा। इस बजट में कड़े आर्थिक सुधारों के नए रोडमैप देखने को मिलेंगे। विकास को गति देना के लिए घरेलू खपत को बढ़ावा देना होगा। सरकार अगर सार्वजनिक खर्च बढ़ाएगी और टैक्स रियायत लेकर आएगी तो घरेलू खपत बढ़ सकती है। ग्रामीण क्षेत्र में निवेश पर अधिक ध्यान देना होगा। बजट में ग्रामीण क्षेत्र में खपत बढ़ाने के उपाय देखने को मिल सकते हैं। उद्योग जगत भी ग्रामीण उपभोक्ताओं को लक्षित कर रहे हैं। समीक्षा में भी देश की अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद चुनौतियों और संभावनाओं के बारे में विस्तार से बात की गई है। कृषि क्षेत्र के लिए जल-दोहन वाली फसलों से दूर रखने की सलाह दी गई है। धान व गेहूं के बजाय मोटे अनाज, दलहन व तिलहन की खेती पर जोर देने के लिए कहा गया है। कृषि विकास दर को पांच फीसदी पर लाने की बात कही गई है। कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान बजट में रहेगा। रसायनिक उर्वरक के प्रयोग को संतुलित करने, कृषि उत्पादों को उचित बाजार तंत्र प्रदान करने और किसानों को जोखिम से बचाने के लिए तंत्र विकसित करने के उपाय बजट में होंगे। कृषि आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने और कृषि क्षेत्र की अप्रयुक्त क्षमता के उपयोग पर भी ध्यान होगा। आर्थिक सर्वेक्षण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल के लिए श्रमिकों को तैयार करने, नई तकनीकों को अपनाने के लिए बुनियादी ढांचे और सुरक्षा में सुधार करने, सरकारी, निजी क्षेत्र और शिक्षाविदों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने पर जोर देने का सुझाव दिया गया है। साथ ही, कपड़ा उद्योग के विकास और रोजगार सृजन में इसकी भूमिका को मजबूत करने तथा मानव निर्मित फाइबर उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता पर भी ध्यान देने को कहा गया है। सरकार नीतिगत स्तर पर एआई पर ध्यान दे रही है। बजट में अलग से एआई के क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के उपाय दिखेंगे। 2025-26 के बजट में लक्षित पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता और सहयोगात्मक संघवाद को बढ़ावा देने की उम्मीद है। कृषि सुधारों के माध्यम से मुद्रास्फीति का दबाव कम किया जा सकता है। समीक्षा से संकेत साफ है कि इस बार के बजट में टैक्स में राहत, महिलाओं, बुजुर्गों पर ध्यान के साथ ग्रोथ व जॉब ओरिएंटेड आर्थिक सुधार का फ्रेमवर्क दिख सकता है।

(लेखक वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



वैकोम मंदिर केरल के कोट्टायम में स्थित है और नवंबर के महीने में अपने वैकोम अष्टमी समारोह के दौरान इस मंदिर का महत्व और बढ़ जाता है। इस मंदिर का निर्माण वर्ष 1594 में किया गया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस मंदिर में जो शिवलिंग स्थापित है वह त्रेता युग में स्थापित की गई थी।


## सच्चे भक्त के प्रति प्रेम रखते हैं भगवान



संकलित
**दर्शन**

क्या तुम सचमुच भगवान को चाहते हो? क्या तुम सचमुच उनके दर्शन के लिए प्यासे हो? क्या तुममें सच्ची आध्यात्मिक भूख है? ये ऐसे आवश्यक प्रश्न हैं, जिनका तुम्हें अपने जीवन में प्रतिदिन उत्तर देना चाहिए। जो भगवान के दर्शन के लिए प्यासा है, उसके मन में भगवान के प्रति प्रेम उत्पन्न होगा। उसके लिए भगवान स्वयं प्रकट होंगे। यह आपूर्ति और मांग का प्रश्न है। यदि भगवान की सच्चे मन से मांग की जाए, तो आपूर्ति तुरंत आ जाएगी। प्रह्लाद की तरह निष्ठापूर्वक प्रार्थना करो। ऋषि वाल्मीकि, संत तुकाराम और भक्त तुलसीदास की तरह भगवान का नाम जपें। गौरांग महाप्रभु की तरह कीर्तन करो। भगवान से वियोग में मीरा की तरह एकांत में रोओ। तुम्हें भगवान के दर्शन इसी क्षण हो जाएंगे। कभी अपने आप को परखें। आत्मनिरीक्षण करें और भगवान के प्रति अपने प्रेम को विकसित करें। उनसे प्रार्थना करें। उनके लिए रोएं और रोएं। उनका नाम जपें और उनका नाम गाएं। वे अवश्य ही तुम्हें अपनी कृपा से आशीर्वाद देंगे। सच्चे भक्त पर भगवान की कृपा सदैव बनी रहती है। उसे बस अपने अंदर उनकी उपस्थिति को महसूस करना होता है। जो व्यक्ति हर घटना के पीछे भगवान का हाथ पहचानता है, बड़ी-से-बड़ी असफलताओं के बावजूद शांत रहता है और जो शांत रहता है, वही अंत में सफल होता है। भगवान हमेशा सच्चे भक्त के प्रति प्रेम रखते हैं। हमारे प्रति उनके असीम प्रेम के कारण ही जीवन जीने योग्य है।

## अपनी इच्छाओं का दमन नहीं शमन करें



संकलित
**प्रेरणा**

जब आप इच्छा का निरीक्षण करते हैं, तब क्या आप किसी अजनबी की तरह उसे देखते हैं? या इच्छा उठने के साथ ही उसका निरीक्षण करते चलते हैं? ऐसा नहीं कि इच्छा करनेवाले व्यक्ति की इच्छा अलग है; इच्छा करनेवाला ही स्वयं इच्छा है। इच्छा हमारे जीवन की एक अत्यावश्यक प्राणभूत प्रेरणा है। हम इच्छा मात्र की बात कर रहे हैं, किसी विशिष्ट चीज को पाने की इच्छा के बारे में नहीं। सारे धर्मों ने कहा है कि यदि आप भगवान को पाना चाहते हैं तो इच्छा को वश में करना होगा, इच्छा को नष्ट करना होगा, इच्छा को नियंत्रित करना होगा। सारे धर्मों ने कहा है इच्छा के स्थान पर विचार द्वारा बनाई किसी प्रतिमा की स्थापना करो, यानी वास्तविक के स्थान पर काल्पनिक की स्थापना। इच्छा वास्तविक है, ज्वलंत है और लोग समझते हैं कि उसके स्थान पर किसी दूसरी चीज की स्थापना करने से उस पर काबू पा लिया जाएगा। या फिर आप उस व्यक्ति की शरण में चले जाते हैं, जिसे आप महात्मा, परमात्मा, गुरु मानते हैं। और ये सब विचार के ही क्रिया-कलाप हैं। सारे धार्मिक चिंतन का यही ढांचा रहा है। इच्छा की समग्र गतिविधि को समझना हमारे लिए आवश्यक है, क्योंकि स्पष्ट है कि वह न तो प्रेम है और न ही करुणा। प्रेम और करुणा की अपनी स्वयं की एक प्रज्ञा होती है; वह धूर्त विचार की बुद्धिमत्ता नहीं होती। अत इच्छा का स्वरूप क्या है तथा इच्छा हमारे जीवन में इतनी असाधारण भूमिका क्यों निभाती रही है, यह समझ लेना महत्वपूर्ण है।

**बजट**
डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



# मुफ्त योजनाएं बंदकर शिक्षा व स्वास्थ्य को करें निःशुल्क

केंद्रीय बजट आज वित्त मंत्री द्वारा पेश किया जाएगा। बजट में क्या राहत मिलने वाली है, इसे लेकर सभी वर्गों में उत्साह बना रहता है । गरीबों को विशेष सुविधा देने के बड़े-बड़े वादे बजट आते ही लुप्त हो जाते हैं। सामान्य वर्ग तो हमेशा ही छला जाता रहा है। बजट में आम जनता को उसकी उम्मीद के अनुसार लाभ क्यों नहीं मिल पाता, इस पर चिंतन की जरूरत है । देश के लगभग सभी प्रदेशों में सबसे निचले तबके को लुभाने और वोट बैंक को मजबूत करने के उद्देश्य से निःशुल्क योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन्हीं योजनाओं के कारण देश की आर्थिक स्थिति बद से बदतर होती चली जा रही है। यदि देश की शीर्ष राजनीति में काबिज लोग इस बात पर चिंतन करें तो आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाता जा सकता है। लोगों की शारीरिक शक्ति को इन्हीं योजनाओं ने जंग लगाना शुरू कर दिया है। इन्हें कर्मवीर बनाने की ओर ध्यान देने की जरूरत है, ताकि फोकट का भोजन-कपड़ा, दाना-पानी पाने वाला वर्ग भी विकास में योगदान कर सके। समाज सेवा की नजर से देखा जाए तो देश की सरकार को बजट में ऐसे प्रावधान करने चाहिए जिससे न तो बेरोजगारी बढ़े और न ही लोगों को निः शुल्क योजनाओं के कारण अपनी शारीरिक शक्ति खोनी पड़े। इससे एक बड़ा लाभ यह होगा कि कल कारखानों की बंद पड़ी मशीनें फिर से घरघरा उठेंगी। प्रत्येक व्यक्ति की आय में इजाफा हो सकेगा। मानवीय जीवन की सबसे बड़ी विकास से जुड़ी सुविधा 'शिक्षा और स्वास्थ्य' को सभी वर्गों के लिए निःशुल्क घोषित कर देना चाहिए। वर्तमान में चल रही सभी निःशुल्क योजनाओं को बंद करने के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य में लगने वाला बजट शायद हमारे लिए आसान होगा। सभी लोग शिक्षित होकर नौकरी,पेशा अथवा उद्योगपति की श्रेणी में पहुंच सकेंगे जो विकास का मजबूत आधार होगा। सवाल यह भी उठ सकता है कि उम्र के अंतिम पड़ाव में पहुंच चुके ऐसे लोगों के लिए क्या किया जाए, जिनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है ? इस संदर्भ में देश की सरकार को विशेष नियम बनाते हुए विभाग का गठन कर उनकी जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेना भी कोई कठिन काम नहीं होगा। देश के उद्योगपतियों और उच्च सेवा सहित व्यापारिक घरानों के अरबपतियों पर सरकार करों की दर बढ़ा भी दे तो उसे सालने वाला निर्णय नहीं माना जाना चाहिए। सभी क्षेत्रों में अनिवार्यतः शारीरिक श्रम की जरूरत पड़ती है। यह शारीरिक श्रम वर्तमान में घर बैठे सुविधाएं मिलने से बिना उत्पादन के नष्ट हो रहा है। इसे बचाने का प्रयास हर हाल में होना चाहिए। भारत का हर युवा जब खुद कमाने के लिए आगे आएगा और हर तरह के कार्य को करेगा तो दुनिया का कोई देश प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारतवर्ष का मुकाबला नहीं कर सकेगा। जब युवा भारत एक अच्छी बजट प्रणाली के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ेगा तो किसी भी क्षेत्र में श्रमवीरों की कमी नहीं होगी और यही श्रम देश को गौरवान्वित करेगा। सभी शिक्षित होंगे तो मेहनत से ही अपनी सुविधाएं जुटाने प्रयत्न कर सकेंगे। वित्त मंत्री से यही उम्मीद है कि वे ऐसे प्रावधान बजट में बनाएं जिससे जनता की ऊर्जा में वृद्धि हो और देश के विकास में उनकी योजनाएं कारगर हो सकें ।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




### आज की पाती

**आज के समय में सनातन बोर्ड बेहद जरूरी**

मीडिया की मानें तो दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुंभ में एक नया मोड़ आ गया है। यहां पहुंचे संतों और महंतों ने एक साथ मिलकर सरकार से सनातन बोर्ड बनाने और वक्फ बोर्ड को खत्म करने की मांग कर दी। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी के नेतृत्व में संतों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से यह मांग रखी। उन्होंने कहा कि वे महाकुंभ छोड़कर तब तक नहीं जाएंगे जब तक सरकार उनकी मांग नहीं मानती। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर, जूना अखाड़े के महंत स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि, आनंद अखाड़े के पीठाधीश्वर स्वामी बालकानंद गिरि आदि सभी ने एक स्वर में सनातन बोर्ड गठन के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद की। अब सरकार के फैसले का इंतजार है। - **सागर**

## ट्रेंड

### 'बेचारी' का उपयोग



पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा राष्ट्रपति को संदर्भित करने के लिए "बेचारी" वाक्यांश का उपयोग बेहद अपमानजनक है और सर्वोच्च संवैधानिक कार्यालय की गरिमा के लिए विपक्ष की निरंतर उपेक्षा को रेखांकित करता है।
**-जे.पी. नड्डा, भाजपा अध्यक्ष**

### ज़हरीला पानी बंद



दिल्लीवासियों को बहुत-बहुत बधाई। दिल्ली में जो ज़हरीला पानी भेजा जा रहा था, वो अब बंद हो गया। अगर हम आवाज़ नहीं उठाते और संघर्ष नहीं करते, तो आज दिल्ली की आधी आबादी को पानी नहीं मिल रहा होता। हमने दिल्ली को बहुत बड़े पानी के संकट से बचा लिया।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### अब होगा विकास



अब बहाने नहीं, सिर्फ विकास होगा! सत्ता भोगी 'आप' ने जनता को केवल झूठे वादों और बहानों से बहलाया, जबकि दिल्ली पानी के लिए तरसती रही, बारिश में डूबती रही, और बुनियादी सुविधाएँ बदहाल होती रहीं।
**-बांसुरी स्वराज, भाजपा सांसद**

### प्रकृति की 'उड़ानें' सर्वोच्च



गरुड़ दस्ते का एक बाज, दुष्ट ड्रोनों का पीछा करने और उन्हें जाल में फंसाने के लिए प्रशिक्षित है। शायद यह हमें बताता है कि भले ही हम ऊंची उड़ान भरने में मदद के लिए नई तकनीकें विकसित कर रहे हैं, फिर भी प्रकृति की 'उड़ानें' सर्वोच्च रहेंगी !
**-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# गाजा के पुनर्निर्माण में लग सकते हैं कई दशक



गाजा में एक साल से भी ज्यादा समय तक चली जंग अब थम चुकी है। इस जंग में ना सिर्फ गाजा की बड़ी आबादी मिट गई बल्कि शहर के शहर तबाह हो गए। गाजा के अधिकारियों के मुताबिक इस जंग में 45 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। वहीं यहां की 90 प्रतिशत आबादी को अपना घर छोड़कर जाना पड़ा। युद्धविराम की घोषणा के बाद लोग वापस गाजा के उत्तरी इलाकों में लौटने लगे हैं लेकिन वहां उन्हें मलबे के अलावा कुछ नजर नहीं आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मिडिल ईस्ट के दूत स्टीव विटकॉफ ने बीते दिनों गाजा का दौरा किया। दौरे के बारे में बात करते हुए उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया है कि गाजा में लगभग सब कुछ खत्म हो चुका है और युद्ध से तबाह हुए इस इलाके के पुनर्निर्माण में 10 से 15 साल लग सकते हैं। विटकॉफ ने एक्सियोस वेबसाइट को बताया, हम पांच सालों में गाजा के पुनर्निर्माण के लिए एक ठोस योजना बना सकते हैं। लेकिन यह असंभव है। इसमें 10 से 15 साल लग सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, वहां कुछ भी नहीं बचा है। वहां चलना भी सुरक्षित नहीं है। यह बहुत खतरनाक है। मैं वहां जाकर निरीक्षण किए बिना यह नहीं जान पाता। विटकॉफ ने गाजा का दौरा करने के बाद बताया, लोग अपने घरों की ओर जा रहे हैं। वहां न तो पानी है और न ही बिजली।

## ऑफ बीट

# मनोकामना पूर्ण होने पर भूमिया देव को चढ़ाते हैं घंटियां



मासी का भूमिया मंदिर काफी प्राचीन है। यह मंदिर रामगंगा नदी के तट पर स्थित है। भूमिया देव इस पूरे क्षेत्र के रक्षक हैं। इस क्षेत्र में कोई भी शुभ कार्य होता है तो उसके लिए भूमिया देव का आशीर्वाद जरूर लिया जाता है। मनोकामना पूरी होने पर लोग यहां पर घंटियां भी चढ़ाते हैं। यहां तक कि मासी सडक़ से निकलने वाली सारी गाड़ियां बिना भूमिया देव को भेंट चढ़ाए आगे नहीं बढ़ती हैं। ऐसी भी मान्यता है कि इस मंदिर में दर्शन करने से भूत-प्रेत की बाधा भी दूर हो जाती है। इस मंदिर परिसर में अन्य देवी-देवताओं के भी मंदिर हैं, जिनमें भगवान गणेश जी, भगवान शिवजी और माता की मूर्तियां स्थित हैं। यह मंदिर भूमिया देवता का है और अल्मोड़ा जिले के मासी में स्थित है। रामनगर से मासी भूमिया मंदिर 100 किलोमीटर दूर है। चौखुटिया से इस मंदिर की दूरी करीब 13 किलोमीटर है। ऐसी भी मान्यता है कि इस मंदिर में दर्शन करने से भूत-प्रेत की बाधा भी दूर हो जाती है। इस मंदिर परिसर में अन्य देवी और देवताओं के भी मंदिर है, जिनमें गणेश जी, शिवजी और माता की मूर्तियां स्थित हैं। भूमिया देव को क्षेत्रपाल देवता के नाम से भी जाना जाता है। ये गांव, पशु और खेती के देव होते हैं, जिनकी पहाड़ों में बेहद मान्यता है। इस मंदिर की स्थापना कब हुई और यहां पूजा कब से हुई यह ठीक-ठीक बताना मुश्किल है, लेकिन इस मंदिर को काफी प्राचीन बताया जाता है।

# राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 की की तैयारियों को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

## जिला कलक्टर एवं पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को दिये निर्देश

## पूर्ण सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ होगा भर्ती परीक्षा का आयोजन

राजस्थान दर्शन



**जयपुर** जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 के सफल आयोजन के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी एवं पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने शुक्रवार को परीक्षा के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में समस्त परीक्षा समन्वयक, पुलिस नोडल अधिकारियों, जिला शिक्षा अधिकारियों, उपसमन्वयकों एवं केंद्र अधीक्षकों से राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 की तैयारियों को फीडबैक लिया गया। बैठक में अधिकारियों को परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी गई। साथ ही पुलिस अधिकारियों को भर्ती परीक्षा में किसी भी प्रकार की नकल अथवा अनियमितता की सूचना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई को अंजाम देते हुए परीक्षा का आयोजन पूर्ण सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गए। पुलिस सहित सभी सुरक्षा एजेंसियां इस दौरान सतर्क एवं मुस्तैद रहेगी एवं परीक्षा का सफल एवं सुचितापूर्ण आयोजन सुनिश्चित करेंगी। वहीं, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज की मौजूदगी में फरवरी माह में आयोजित होने वाली कनिष्ठ अभियंता, रीट सहित अन्य समस्त प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना गौरतलब है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा दिनांक 2 फरवरी, 2025 (रविवार) को जयपुर जिले में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक 240 परीक्षा केन्द्रों पर राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 का आयोजन किया जाएगा। जयपुर के परीक्षा केन्द्रों पर 91 हजार 513 अभ्यर्थी अपना भाग्य आजमाएंगे। परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका संचालन 31 जनवरी, 2025 से 02 फरवरी 2025 तक किया जाएगा। नियंत्रण कक्ष 01 फरवरी तक प्रातः 9:30 बजे से सांय 6 बजे तक कार्य करेगा। वहीं, 02 फरवरी को प्रातः 10 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए 85 उप समन्वयक एवं 40 उड़नदस्तों की नियुक्ति की गई है। जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा। उक्त नियंत्रण कक्ष पर जयपुर में स्थापित किये गए परीक्षा केन्द्रों से संबंधित जानकारियां प्रदान की जाएंगी एवं जयपुर स्थित परीक्षा केंद्रों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। परीक्षा के आयोजन के लिए पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग, रोडवेज, जेसीटीसीएल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

# रेल्वे का लोहा चोरी करने वाला एक गिरफ्तार

राजस्थान दर्शन




**फुलेरा।** रेलवे सुरक्षा बल फुलेरा ने शुक्रवार को रेलवे का लोहा चोरी करने के मामले में एक जने को गिरफ्तार किया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए आरपीएफ निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि रेलवे के आई ओ डबल्यू कार्यालय के सामने स्थित रामलीला मैदान में पड़े रेलवे के स्क्रैप लोहे में से अपनी पिकअप में भरकर लोहा चोरी कर ले जाते हुए दिलीप सिंह पुत्र चन्दन सिंह निवासी गणेश विहार कॉलोनी फुलेरा को गिरफ्तार किया गया है। वहीं आगे बताया कि आरोपी के खिलाफ थाने पर मामला दर्ज किया जाकर जांच शुरू कर दी गई है।

# नशा मुक्ति अभियान को मजबूती देने के लिए समर्थन मांगा

राजस्थान दर्शन



**फुलेरा।** कस्बे की हाल की गंभीर समस्या सूखे नशे की दलदल में फंसते हुए युवा वर्ग को इस दलदल से निकालने के लिए स्थानीय समाजसेवी चार्टर्ड अकाउंटेंट अर्पित मुद्गल व उनके साथियों द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान को मजबूती देने के लिए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से मुलाकात कर उनसे समर्थन मांगा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए अर्पित मुद्गल ने बताया कि वहीं बैठक के दौरान अर्पित मुद्गल ने राज्य में बढ़ते नशे की समस्या पर चिंता जताई और युवाओं को इससे बचाने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। इस पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने उक्त नशा मुक्ति अभियान का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार इस दिशा में पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने राज्य स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने का आश्वासन दिया और समाज के हर वर्ग से इसमें सहयोग करने की अपील की। इसके बाद अर्पित मुद्गल ने इस पहल के तहत स्कूलों और कॉलेजों में विशेष कार्यक्रम आयोजित करने, सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर सेमिनार और वर्कशॉप चलाने की योजना पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यदि सरकार और समाज मिलकर प्रयास करें, तो राजस्थान को नशा मुक्त बनाया जा सकता है। इस बैठक को लेकर सामाजिक संगठनों और शिक्षाविदों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली है। उम्मीद है कि जल्द ही सरकार इस अभियान के लिए ठोस कदम उठाएगी।

# रूफ टॉप सोलर को बढ़ावा देने के लिए डिस्कॉम्स और टाटा पावर रिन्यूबल के बीच एमओयू

## पीएम सूर्यघर में रजिस्ट्रेशन को इंस्टॉलेशन में बदलें- अतिरिक्त मुख्य सचिव, ऊर्जा

राजस्थान दर्शन



**जयपुर।** पीएम सूर्य घर निशुल्क बिजली योजना को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कम्पनियों एवं टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी के बीच शुक्रवार को विद्युत भवन में एमओयू किया गया। अतिरिक्त मुख्य सचिव (ऊर्जा) आलोक की मौजूदगी में विद्युत कम्पनियों की ओर से चेयरमैन डिस्कॉम्स आरती डोगरा तथा टाटा पावर रिन्यूबल की तरफ से सीईओ एवं एमडी दीपेश नन्दा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक ने कहा कि प्रदेश में पीएम सूर्यघर योजना में बड़ी संख्या में रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। टाटा पावर के साथ इस साझेदारी से डिस्कॉम्स को इन रजिस्ट्रेशन को इंस्टालेशन में बदलने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य आमजन को सौर ऊर्जा से जोड़कर बिजली खर्च से उन्हें मुक्ति दिलाना है। टाटा पावर रिन्यूबल के सीईओ एवं एमडी श्री नन्दा ने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना देश में आमजन को ऊर्जा दाता बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। कंपनी प्रदेश में फैले अपने नेटवर्क के माध्यम से इस योजना में लोगों की भागीदारी बढ़ाने में सहायता करेगी। उल्लेखनीय है कि पीएम सूर्य घर योजना रूफ टॉप सोलर के माध्यम से सौर ऊर्जा को घर-घर तक पहुचाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी पहल है। इसके अन्तर्गत राज्य में अब तक एक वर्ष से भी कम समय में 26 हजार से अधिक घरों में रूफ टॉप सोलर लगाए जा चुके हैं। एमओयू के माध्यम से टाटा पावर रिन्यूबल वेंडर्स की ट्रेनिंग, जागरूकता प्रसार की गतिविधियों आदि के जरिए रूफ टॉप सोलर को बढ़ावा देने के लिए डिस्कॉम्स को आवश्यक सहयोग प्रदान करेगा। इस अवसर पर प्रसारण निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल, राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के सीएमडी देवेन्द्र श्रृंगी, अजमेर डिस्कॉम के एमडी केपी वर्मा सहित टाटा पावर रिन्यूबल के अधिकारी भी मौजूद थे।

# रास्ता खोलो अभियान से नरवरिया ग्राम पंचायत के श्मशान घाट का रास्ता हुआ अतिक्रमण मुक्त

राजस्थान दर्शन



**जयपुर** पंचायत समिति सांगानेर की ग्राम पंचायत रामपुराउती के ग्राम नरवरिया में स्थित श्मशान घाट को जाने वाले आम रास्ते पर गत कई वर्षो से आसपास के लोगों ने अतिक्रमण कर रास्ते को अवरूद्ध कर रखा था। इस कारण स्थानीय ग्रामीणों को जब भी कभी श्मशान घाट जाना होता तो उन्हें अन्यत्र होकर कठिनाइयों का सामना कर जाना पडता था। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा जब भी उक्त रास्ता खोलने का प्रयास किया जाता तो सगे-संबंधी व भाई-बंधू पड़ोसी होने के कारण विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती और अतिक्रमण यथावत बना रहता।
जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा जयपुर जिले मे चलाये गये रास्ता खोलो अभियान के अन्तर्गत इस रास्ते को खुलवाने हेतु चयन किया गया। राजस्व विभाग की टीम, स्थानीय ग्राम पंचायत व स्थानीय निवासियों की समझाइश के फलस्वरूप अतिक्रमियों द्वारा उनके अतिक्रमण ध्वस्त कर पुराने अतिक्रमण को हटा दिया गया है। राज्य सरकार की मंशानुरूप जिला कलक्टर के मार्गदर्शन व उपखण्ड अधिकारी सांगानेर हिम्मत सिंह के निर्देशानुसार उक्त 250 मीटर लंबी इस अतिक्रमण से मुक्त सडक मार्ग को पक्का बनाने के निर्देश ग्राम पंचायत रामपुराउती के ग्राम विकास अधिकारी को दिये गये। सांगानेर पंचायत समिति की विकास अधिकारी ज्योति प्रजापति ने बताया कि तत्काल ग्राम पंचायत को राज्य वित्त आयोग मद (जि.प.) से वित्तीय वर्ष 2024-25 में इंटरलॉकिंग सडक निर्माण ग्राम नरवरिया ग्राम पंचायत रामपुराउती के नाम से स्वीकृति जारी की गयी। करीब 7.50 लाख रुपये व्यय कर 250 मीटर लंबी सडक का निमार्ण करवाया जा चुका है। अब यह आम रास्ता बंद नहीं है बल्कि अब यह श्मशान घाट तक शवयात्रा को जाने के साथ-साथ आमजन के आवागमन के लिए पक्का, सुखद, व सुविधाजनक सड़क मार्ग बन गया है। अतिक्रमण का स्थायी समाधान होने के साथ-साथ पक्का सडक मार्ग बनने से आवागमन सुचारू हो गया है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व स्थानीय निवासियों को राहत मिलने से उन्होंने रास्ता खोलो अभियान चलाने पर राज्य सरकार व जिला प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# एग्रीस्टैक योजना से खुशहाल होंगे किसान, बनेगी विशिष्ट फार्मर आईडी

## 5 फरवरी से 31 मार्च तक जयपुर जिले में आयोजित होगा फार्मर रजिस्ट्री अभियान



राजस्थान दर्शन

**जयपुर** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में किसान समृद्ध और खुशहाल होंगे। राज्य सरकार द्वारा गत 13 दिसम्बर को अजमेर में आयोजित किसान सम्मेलन में एग्रीस्टैक योजना में फामर्स रजिस्ट्री प्रोजेक्ट के तहत किसानों के फार्मर आईडी बनाने का कार्य प्रारम्भ किया गया है। इसी कड़ी में कृषि कानूनों विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित एग्रीस्टैक योजनांतर्गत जयपुर जिले में फार्मर रजिस्ट्री अभियान का आयोजन ग्राम पंचायत स्तर पर 5 फरवरी से शिविर आरम्भ होंगे। जिला कलेक्टर डॉक्टर जितेंद्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को शिविरों के सफल आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं अतिरिक्त जिला कलक्टर सुमन पंवार ने बताया कि भारत सरकार के कृषि विभाग द्वारा संचालित एग्रीस्टैक योजनांतर्गत जिला जयपुर में फार्मर रजिस्ट्री अभियान का आयोजन ग्राम स्तर पर 5 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक किया जायेगा। इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में किसानों की विशिष्ट फार्मर आईडी बनाई जायेगी। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रत्येक किसान को विशिष्ट फार्मर आईडी 11 अंकों की प्रदान की जायेगी। किसानों द्वारा आईडी बनवाने के लिये आधार कार्ड, जमाबंदी, मोबाईल नम्बर की जरूरत होगी। भविष्य में किसानों को सरकारी योजनाओं व सेवाओं तक आसान पहुंच करने, प्रधानमंत्री किसान/मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, कृषि विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से प्राप्त आईडी उपयोगी होगी।

# सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की अतिरिक्त निदेशक अलका सक्सेना को सेवानिवृति पर भावभीनी विदाई

## जनसंपर्क आयुक्त ने जनसंपर्क के क्षेत्र में सक्सेना के योगदान को बताया अभूतपूर्व

राजस्थान दर्शन





**जयपुर** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की अतिरिक्त निदेशक अलका सक्सेना को उनकी अधिशेष आयु पूर्ण होने पर शुक्रवार को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के आयुक्त श्री सुनील शर्मा ने जनसंपर्क के क्षेत्र में सक्सेना के योगदान और उनकी कार्यशैली को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि सक्सेना उर्जावान एवं लोकप्रिय अधिकारी रही हैं। अलका सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि विभाग में बिताए गए उनके कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग और स्नेह के लिए वे सभी की आभारी हैं। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं सहकर्मियों ने सक्सेना के साथ अपने अनुभव साझा किए। उल्लेखनीय है कि अलका सक्सेना ने अपने सेवा काल में विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण अभियानों और जनसंपर्क गतिविधियों को सफलतापूर्वक संचालित किया। उनके नेतृत्व में विभाग ने जनसंपर्क एवं संचार के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की। प्रारंभ में विभाग के आयुक्त श्री सुनील शर्मा ने सक्सेना को बुके एवं मोमन्टो देकर सम्मानित किया।

## फोर्टी वुमन विंग ने की बजट उम्मीदों पर परिचर्चा

# महिला उद्यमियों के लिए बजट में रिटायरमेंट फंड की हो सकती है घोषणा

राजस्थान दर्शन




**जयपुर** फोर्टी वुमन विंग की ओर से देश की महिला वित्?त मंत्री निर्मला सीतारमण से प्रदेश की महिला उद्यमियों की बजट उम्मीदों पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न सेक्टर में बिजनेस करने वाली महिला उद्यमियों ने भाग लिया। इनमें अध्यक्ष डॉ अलका गौड़, उपाध्यक्ष पूजा रस्तोगी, दिव्या बालासरिया, डॉ रीना प्रजापत, सोनिया बढ़ाया, श्वेता अग्रवाल, अनुज्ञा मेहरवाल, कृष्ण प्रिया अग्रवाल, मंजू शर्मा और रौनक मनुश्री गोयल शामिल थे। इसमें फोर्टी वुमन विंग की महिला उद्यमियों ने उम्मीद जताई कि आज पेश होने वाले आम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण महिला उद्यमियों के लिए कई बड़ी घोषणाएं कर सकती हैं।
- महिला उद्यमियों के लिए रिटायर्ड फंड और इंटरनेशनल लेवल की यूनिवर्सिटी की घोषणा कर सकती है।
- फर्नीचर मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए रॉ मैटेरियल पर इंपोर्ट ड्यूटी कम की जानी चाहिए।
- महिलाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट सेंटर खोले जाएं।
- देश में ऑफ लाइन बिजनेस के संरक्षण के लिए ई-कॉमर्स नीति की घोषणा होनी चाहिए।
- आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं को समान अवसर मिलना चाहिए।
- देश में जीवन बीमा को भी अनिवार्य किया जाना चाहिए।
- देश में कला और कलाकारों के प्रोत्साहन के लिए विशेष घोषणा इस बजट में हो सकती है।
- रियल एस्टेट सेक्टर के प्रोत्साहन के लिए होम लोन पर ब्याज दर कम की जाए।

# बस्सी की सड़कों पर दुकानदारों के समान, राहगीरों के लिए नहीं है सड़क पर जगह

## दुकानदार सड़क पर खड़ी गाड़ियों को भी नीचे गिरा देते हैं



**बस्सी** बस्सी नगर पालिका क्षेत्र के बंशीधर मार्केट में दुकानदारों के समान सड़कों पर रखे रहते हैं इसे लेकर बस्सी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने लोगों को संदेश दिया की सड़कों पर रखे सामान को अंदर रखें, साथ ही शिकायत मिली है कि बंशीधर मार्ग पर बर्तन की दुकान करने वाले ने आतंक मचा रखा है दुकान के आगे लग- भग 10 फीट की सड़क है अगर सड़क के ऊपर कोई गाड़ी खड़ी करके सामान लेने जाता है तो उसकी गाड़ी को गिरा देता या सड़क के बीच में खड़ी कर देता है ऐसा ही मामला एक आज देखने को मिला तो हमने कैमरे में कैद किया, उसके बाद अधिशासी अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पूरे मार्केट में अलाउंस करवाया, राहगीरों के साथ ऐसी हरकत करने वाले को नोटिस देने की बात कही, अब देखने वाली बात यह होगी क्या अधिशासी अधिकारी इन के खिलाफ कार्रवाई करेगा या नहीं

# महाकुंभ के नाम पर नहीं हो राजनीति, केंद्र सरकार राजस्थान को दे विशेष राज्य का दर्जा: पायलट

राजस्थान दर्शन



**जयपुर** जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट होटल क्लार्क आमेर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ के नाम पर हो रही राजनीति को लेकर नाराजगी जाहिर की। वहीं केंद्र सरकार से बजट में राजस्थान को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की। सचिन पायलट ने कहा, मैं हर साल जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में आता हूं। मुझे लगता है कि हम होस्ट हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि यहां सभी खुले मन से बात करते हैं। अलग-अलग विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान होता है। भले ही सहमति न बने, लेकिन सुनना जरूरी है। उन्होंने कहा कि दुनिया में क्या कुछ हो रहा है। उस पर जेएलएफ में चर्चा होती है। जिसमें जयपुर वासियों को दिल खोलकर सबका स्वागत करने का मौका मिलता है। दुनियाभर में लिटरेचर फेस्टिवल हो रहा है। लेकिन खुशी की बात यह है कि इसका जन्म जयपुर में हुआ है। यह हमारे लिए गर्व का विषय है। इसलिए सबको सहयोग कर इसे और बड़ा बनाना चाहिए। क्योंकि ऐसे आयोजनों से पर्यटन को बढ़ावा मिलता है। बहुत कम राज्य होंगे, जिनके पास राजस्थान की तरह रिच आर्ट, कल्चर और हेरिटेज है। उसे बचाने की, बढ़ाने की जरूरत है। ताकि इससे एम्प्लॉयमेंट भी क्रिएट हो सकें। इस दौरान महाकुंभ में हिस्सा लेने के लिए प्रयागराज जाने के सवाल पर जवाब देते हुए सचिन पायलट ने कहा कि हर व्यक्ति की अपनी निजी आस्था है। उसका दिखावा या उस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। वैसे भी हर व्यक्ति को अपने मजहब और धर्म की पालना करने की पूरी छूट है। सचिन पायलट ने कहा कि कल केंद्र सरकार बजट जारी करने जा रही है, लेकिन पिछले कई सालों में यह देखने को मिला है कि बजट में राजस्थान की अनदेखी की जाती है। जबकि राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा राज्य है। 8 करोड़ से ज्यादा लोग यहां रहते हैं। लेकिन केंद्र सरकार ने राजस्थान को लेकर गलत नजरिया अपना रखा है। राजस्थान में कोई नई राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं हो रही है। नई रेल लाइन से लेकर बड़े-बड़े प्रोजेक्ट तक नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां तक की राजस्थान को विशेष राज्य का दर्जा तक नहीं दिया जा रहा है। पिछले बजट में तो वित्त मंत्री ने राजस्थान का नाम तक नहीं लिया था। ऐसे में मैं उम्मीद करता हूं कि राजस्थान की भाजपा सरकार केंद्र सरकार पर दबाव डालकर राजस्थान को फायदा दिलाने की कोशिश करेगी। ताकि राजस्थान में निवेश और रोजगार की संभावनाओं में बढ़ोतरी हो। सचिन पायलट ने कहा कि राजस्थान में भी विधानसभा सत्र की शुरुआत हो गई है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी के नेता बीजेपी सरकार के कार्यकाल में हुए कामकाज का लेखा-जोखा सदन में रखेंगे। जिस तरह से बीजेपी सरकार बनने के बाद स्कूलों को बंद किया गया है। जिलों को खत्म किया गया है। उसका जवाब सदन के पटल पर मांगा जाएगा।

# बसंत पंचमी पर श्रीराम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह 2025 का आयोजन देगा सामाजिक समरसता का संदेश



राजस्थान दर्शन

**अंकित पुरोहित/ ब्यूरो जोधपुर।** सेवा भारती समिति जोधपुर की ओर श्रीराम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह 2025 का आयोजन विक्रम संवत् 2081 बसंत पंचमी रविवार दिनांक 2 फरवरी 2025 को आदर्श विद्या मंदिर केशव परिसर, कमला नेहरू नगर में होगा। सेवा भारती समिति जोधपुर महानगर के अध्यक्ष श्री अशोक अग्रवाल ने प्रेसवार्ता में बताया कि हिन्दू संस्कृति के 16 संस्कारों में विवाह (पणिग्रहण) संस्कार एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। लेकिन वर्तमान में विवाह समारोह में आर्थिक प्रदर्शन एवं दहेज प्रथा की समस्याओं के कारण विवाह संस्कार जटिल हो गया है जिसके चलते सामान्य व्यक्ति वैवाहिक आयोजन में कठिनाई अनुभव करने लगा है, इसलिए सेवा भारती सर्व सामान्य वर्ग को आडम्बरपूर्ण आर्थिक आयोजन एवं लेन-देन (दहेज) से मुक्ति दिलाकर समस्त समाज को स्वाभिमान के साथ अपने पुत्र-पुत्रियों के विवाह का आयोजन एक साथ एक मंच पर करने का अवसर प्रदान करता है। सेवा भारती द्वारा सामाजिक समरसता हेतु सर्वजातीय सामूहिक विवाह का आयोजन इस बार बसंत पंचमी को किया जा रहा है। विवाह समारोह में 23 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। विवाह समारोह में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय सेवा भारती के अखिल भारतीय स्वावलंबन प्रमुख माननीय विनोद कुमार बिड़ला व आतिथ्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माननीय प्रांत संघ चालक हरदयाल वर्मा रहेंगे। श्रीराम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह समिति के अध्यक्ष निर्मल गहलोत ने बताया कि सभी बाराते जूना खेड़ापति हनुमानजी मंदिर से रवाना होकर आखलिया चौराह होते हुए विवाह स्थल केशव परिसर में पहुंचेगी। महामंत्री राजेंद्र पालीवाल ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर सर्व समाज के पदाधिकारियों की ओर से बारातियों का स्वागत किया जाएगा। आयोजन को भव्य बनाने के लिए मातृशक्ति की समितियां बनाई गई है। जिसमें कुटिया प्रमुख, रंगोली प्रमुख, मंगल गीत प्रमुख सहित अन्य जिम्मेदारियां सौंपी गई है। श्रीराम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह समिति के अध्यक्ष निर्मल गहलोत ने बताया कि प्रात10 बजे विवाह स्थल पर सभी बारातों का एक साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। वहीं दोपहर 12 बजे से पणिग्रहण संस्कार शुरू होगा। उसके पश्चात प्रीतिभोज का आयोजन होगा। पणिग्रहण संस्कार के बाद वर-वधू का आशीर्वाद समारोह होगा। विवाह समारोह समिति के कोषाध्यक्ष वरूण धनाडिया ने बताया कि विवाह समारोह संतों के मार्गदर्शन के अनुसार समाज में सामाजिक समरसता का संदेश देगा। आयोजन में अजनेश्वर आश्रम के संत शांतेश्वरजी महाराज, बड़ा रामद्वारा सूरसागर के प्रमुख संत, चांदपौल जूना रामद्वारा के अमृतराम जी महाराज व अन्य आश्रम के संत, संबोधि धाम के श्री चन्द्रप्रभ सागरजी-श्री ललितप्रभ सागरजी महाराज, युगल जोड़ी बाबा रामदेवजी मंदिर के संत श्री अचलानंदगिरीजी महाराज, गुरूकृपा आश्रम गुरूओं का तालाब के संत श्री राजारामजी-श्री कृपाराम जी महाराज, चांदपोल बड़ा रामद्वारा के संत श्री हरिरामजी शास्त्री व अन्य आश्रम के संत, श्री गुरूसिंह सभा गुरूद्वारा के ज्ञानी श्री जयपालसिंहजी, पाल बालाजी मंदिर के महंत रामेश्वरदासजी राकांवत, ईश्वर प्रेम आश्रम के साध्वी नित्यमुक्ताजी कथा प्रवक्ता भाई श्री रविजी सहित अन्य संतों का मार्गदर्शन मिला। सेवा भारती समिति के मंत्री मोहनलाल करवा व सेवा भारती समिति के सहमंत्री जितेंद्र गौड ने बताया कि सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह में सामाजिक समरसता, सादगी, समर्पण का दृश्य देखने को मिलेगा। जहां आधुनिकता के चलते लोग लाखों रूपए खर्च करते है, वही इस विवाह समारोह से सादगी का एक उदाहरण देखने को मिलेगा। जिसमें सभी समाज के बंधु सादर आमंत्रित है। वहीं सेवा भारती की ओर से प्रत्येक वर-वधू को उपहार दिए जाएंगे। जिसमें पलंग, गद्दा, अलमारी, सिलाई मशीन, कूलर, प्रेस, नाक की लांग, बिछिया, पायल, कंगन, मंगलसूत्र, बिछिया, सुहाग का सामान, वधु के लिए साड़ियां, वर के लिए पेंट-शर्ट सहित अन्य घरेलू व जरूरत का सामान उपहार में दिया जाएगा। सर्वजातीय सामूहिक विवाह के माध्यम से एक नई क्रांति का सूत्रपात हो रहा है। जिसमें महिला कार्यकर्ताओं ने तन-मन-धन से सहयोग करके मातृशक्ति की प्रबल सामर्थ्य का उदाहरण प्रस्तुत हो रहा है। वहीं समारोह में सहयोग देने वाले सम्पन्न लोगों में समर्पण भाव के साथ सादगी का संदेश दिया गया है। संपूर्ण आयोजन स्थल पर बेहतरीन पांडाल बनाये गए। वहीं आयोजन को देखते हुए हलवाईयों की अलग-अलग टीमे आज से तैयारियों में जुट गए है।

## कुकनवाली में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन




राजस्थान दर्शन

**कुचामनसिटी।** अध्यक्ष ताल्लुका विधिक सेवा समिति एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुन्दर लाल खारोल के आदेशानुसार अधिकार मित्र मनीष कुमार शर्मा ने ग्राम कुकनवाली में मनरेगा श्रमिकों को विधिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक करते हुए कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को काम प्राप्त करने अधिकार है जिसका उल्लेख हमारे संविधान के निति-निर्देशक सिद्धान्तों में भी उल्लेख किया गया है। प्रत्येक नागरिक अपना जीवन गरिमापूर्ण जीने का हकदार है। श्रमिकों को उनके कानूनी अधिकारों के साथ-साथ उनके कर्तव्यों से अवगत करवाया। शर्मा ने श्रमिकों को नालसा की असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना, 2015 की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन के द्वारा भी समय-समय पर असंगठित कामगारों की पहचान कर उन्हें पंजीकृत करते हुए सरकारी योजनाओं से लाभाविन्त किया जा रहा है। इस अवसर श्रमिकों को श्रमिक कार्ड बनवाने से होने वालों लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया।अधिकार मित्र ने इस अवसर पर श्रमिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलवायी।

## राजकीय जिला चिकित्सालय में राज्यमंत्री का अभिनंदन आज

राजस्थान दर्शन

**कुचामनसिटी।** कुचामन विकास समिति द्वारा नवीनीकृत वार्ड संख्या 65एवं 66 का लोकार्पण, चिकित्सालय में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करने एवं कुचामन सिटी की संस्थाओं एवं संगठनों द्वारा जिला चिकित्सालय में नए चिकित्सको के पदस्थापन एवं बड़ी संख्या में नर्सिंग ऑफिसर को नियुक्ति दिलाने पर राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी का अभिनंदन किया जाएगा। राजकीय चिकित्सालय के पीएमओ डॉक्टर वी के गुप्ता ने बताया कि राजकीय जिला चिकित्सालय परिसर में सुबह 11.30 बजे राज्य मंत्री का अभिनंदन एवं स्वागत समारोह के साथ किया जाएगा।

## पत्रकार मर्मी को मातृ शोक

राजस्थान दर्शन



**दांतारामगढ़ (सीकर)।** वरिष्ठ पत्रकार सीताराम मर्मी खाटूश्यामजी की माता धापू देवी का 83 वर्ष की आयु में शुक्रवार को निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ थी। मर्मी की माताजी का शुक्रवार को खाटूश्यामजी में अंतिम संस्कार किया गया जिसमें काफी संख्या में पत्रकारों सहित खाटूश्यामजी कस्बे के अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए। धापू देवी अपने पिछले भरा-पूरा परिवार छोड़कर गई हैं। धापू देवी वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार जगन्नाथ प्रसाद मर्मी की धर्मपत्नी थी।

## गरीब परिवार से उठकर शिक्षा के शिखर तक पहुंचे टी आर मीणा, 36 साल बाद उपनिदेशक के पद से हुए सेवानिवृत्त!

राजस्थान दर्शन



**बाली** एक साधारण से गांव, सेवाड़ी में जन्मे टिमाराम मीणा की कहानी आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का एक बेहतरीन उदाहरण बन गई है। बचपन में जिनके घर में पढ़ाई की कोई खास परंपरा नहीं थी, वहीं आज वो 36 वर्षों के कड़ी मेहनत और संघर्ष के बाद राजस्थान के उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा के पद से सेवानिवृत्त हो गए हैं। मीणा का सफर आसान नहीं था। गरीब परिवार में जन्म लेने के बावजूद, उन्होंने कभी अपनी पढ़ाई और अपने सपनों को छोड़ने का नाम नहीं लिया। आजीविका कमाने के लिए लोगों की तरह ही मेहनत करने के बावजूद, उनका लक्ष्य हमेशा शिक्षा के क्षेत्र में कुछ बड़ा करने का था। अध्यापक के रूप में शुरुआत करने के बाद, उन्होंने ना सिर्फ विभाग में अपने काम को उत्कृष्टता से किया, बल्कि शिक्षा के महत्व को भी लोगों तक पहुंचाया। टी आर मीणा का यह सफर बताता है कि अगर इंसान में जुनून हो और नीयत साफ हो, तो कोई भी मुश्किल उसे सफलता की राह में नहीं रोक सकती। 36 वर्षों की कड़ी मेहनत, संघर्ष और समर्पण के बाद मीणा ने वह मुकाम हासिल किया, जो हर किसी का सपना होता है। अब जब मीणा सेवानिवृत्त हो चुके हैं, तो उनका यह संदेश युवाओं के लिए बहुत मायने रखता है कि सफलता के लिए जज्बा और मेहनत कभी भी कम नहीं होनी चाहिए, चाहे हालात जैसे भी हों। उनका यह प्रेरणादायक सफर साबित करता है कि अगर कुछ पाने की ठान लो, तो कोई भी सपना सच हो सकता है।

## करनवा के नरेंद्र सुथार बने जनता के सारथी, कर रहे है गांव गांव में जनकल्याण शिविर के माध्यम से योजनाओं का प्रचार, जनता को मिल रहा लाभ

राजस्थान दर्शन

**कृपाल सिंह /पाली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर नरेंद्र सुथार करनवा द्वारा एक भाजपा कार्यकर्ता के तौर पर निःशुल्क जनकल्याण शिविर 23 ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किया गया। इन शिविर में नरेंद्र सुथार ने स्वयं अपने निजी खर्च से केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ काम किया। नरेंद्र सुथार का कहना है कि गांव में बैठे अंतिम व्यक्ति तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए। नरेंद्र सुथार की इस अलग प्रकार से सेवा के भाव की पूरे क्षेत्र में अलग चर्चा है। निःशुल्क जन कल्याण शिविर में लगभग 4000 लोग आये। और एक व्यक्ति को 2 से 3 सरकारी योजनाओं का लाभ देकर भेजा। जिसमें हर योजनाओं की सत्यापन, आवेदन, पूछताछ, समस्या, समाधान इस प्रकार हैं। पेंशन योजना में करीब 1180 लोग, किसान सम्मान निधि में 1330 लोग , पालनहार योजना में 102 लोग, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना 25 लाख बीमा में 1480 लोग, प्रधानमंत्री आयुषमान कार्ड 5 लाख बीमा 880 लोग , जन धन खाता बैंक अकाउंट 3 , राशन कार्ड/ जन आधार में 770 लोग , गैस द्वा4ष 480 लोग, तारबंदी फव्वारा में करीब 800 लोग, विकलांग पेंशन 400 लोग के करीब, पीएम विश्वकर्मा योजना में 1130 लोग को इन योजनाओं को लाभान्वित किया। इसके साथ साथ बी पी शुगर भी 2200 लोगो के चेकअप किया गया।

## डॉ हरवीर सांगवा ने आयुर्वेद विश्व विद्यालय का नाम किया गौरवान्वित

### डॉ हरवीर सांगवा ने नेशनल लेवल क्लिनिकल केस स्टडी प्रतियोगिता मे तृतीय स्थान प्राप्त किया

राजस्थान दर्शन



**अंकित पुरोहित /ब्यूरो जोधपुर।** डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के स्नात्तकोत्तर शल्य तंत्र विभाग के पीजी स्कॉलर एवं वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ हरवीर सांगवा ने नेशनल लेवल क्लिनिकल केस स्टडी प्रतियोगिता मे तृतीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवन्वित किया है। इनकी यह केस स्टडी "वर्ल्ड जनरल ऑफ़ फार्मेस्युटिकल्स रिसर्च" मे प्रकाशित हुई है। विश्वविद्यालय के मिडिया प्रभारी डॉ दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया कि एमिल फार्मेस्युटिकल्स द्वारा अपने चालीसवे स्थापना दिवस के उपलक्ष मे राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस एवं धन्वंतरि जयंती को नेशनल लेवल क्लिनिकल केस स्टडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय प्रो.(वैद्य)प्रदीप कुमार प्रजापति मुख्य वक्ता रहे। इस प्रतियोगिता मे देश के विभिन्न संवर्ग के कुल आठ हजार से अधिक स्नातक, स्नात्तकोत्तर एवं पीएचडी उपाधिधारी आयुर्वेद चिकित्सकों ने भाग लिया। प्रोत्साहन स्वरुप एमिल फार्मेस्युटिकल्स द्वारा दिनांक 29 जनवरी 2025 को रिजल्ट जारी किया गया है एवं डॉ.हरवीर सांगवा को प्रमाण पत्र, स्मृति चिह्न एवं रेफ्रीजरेटर देकर सम्मानित किया गया। डॉ.हरवीर सांगवा द्वारा यह केस स्टडी शल्य तंत्र विभाग के विभागध्यक्ष प्रो.(डॉ.)राजेश कुमार गुप्ता के निर्देशन मे "फॉरनिअर गैंगरीन"रोग पर की गई। इस विषय मे प्रो.(डॉ.)राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि "फॉरनिअर गैंगरीन"मुख्यतया पुरुषो मे होने वाला अत्यंत दुर्लभ एवं असाध्य रोग है। इस केस की सफलता के पश्चात "फॉरनिअर गैंगरीन"रोग के रोगियों को आयुर्वेद विश्वविद्यालय के शल्यतंत्र विभाग मे रोग से मुक्त होने की उम्मीद की नई किरण जगी है।

## गुड टच बेड टच का प्रशिक्षण हुआ
## स्पर्श वॉलिंटियर ब्रिजेश परिड़वाल ने दिया प्रशिक्षण

राजस्थान दर्शन



**टोंक।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हांडी कला प्रधानाचार्य सैयद शाहीन अफरोज ने बताया कि आज स्थानीय विद्यालय में गुड टच एंड बेड टच का सभी बच्चों को प्रशिक्षण स्पर्श वॉलिंटियर ब्रिजेश परिड़वाल द्वारा दिया गया और आने वाली समस्याओं के बारे में पूर्ण रूप समझाया, बताया कि बच्चों की मनवैज्ञानिक स्थिति बहुत ही नाजुक होती है और उसका कई लोग फायदा उठाते हैं ऐसी स्थिति से बचने के लिए कौन-कौन से स्थिति गुड होती है और कौन-कौन सी बेड होती है उस पर स्पर्श वॉलिंटियर ब्रिजेश परिड़वाल ने सभी बच्चों को प्रैक्टिकल रूप से सिखाया, जिसमें बच्चों ने काफी रुचि ली और पूरे स्टाफ ने भी बहुत कुछ सीखा ,सीखने की प्रक्रिया में सबसे ज्यादा आगे विद्यालय की रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा की बच्चियों का रहा जिन्होंने भी अपने टिप्स दिए अगर कोई हमें बेड टच करता है तो हम उसे किस तरह से निपटारा करें इस अवसर पर 291 बच्चियों और बच्चे विद्यालय में उपस्थित रहे और समस्त स्टाफ उपस्थित रहा अंत में प्रधानाचार्य सैयद शाहीन अफरोज ने श्री नवीन जैन सीनियर आईएएस के इस नवाचार पर प्रकाश डाला और उन्होंने कहा कि उन्होंने भी जैन साहब के साथ इस प्रोग्राम में काम किया है श्री नवीनजैन ने दौसा में रहते हुए इस प्रोग्राम के आधार पर वर्ल्ड बुक रिकॉर्ड पुस्तक में अपना नाम दर्ज कराया उनकी यह पहल संपूर्ण विद्यालयों में और सब जगह अनैतिक घटनाओं को रोकने ,समाज में बुरी स्थितियों से निपटारा करने के लिए बहुत ही कामयाब हो रही है

## आदर्श महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने खेतीबाड़ी की बारीकियों को जाना



राजस्थान दर्शन

**कुचामनसिटी।** स्टेशन रोड़ स्थित आदर्श महाविद्यालय में चल रहे कृषि एवं बागवानी कार्य अनुभव शिविर के दूसरे दिन सभी बी. एड. प्रशिक्षणार्थियों को कृषि क्षेत्र का भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों को खेतीबाड़ी से जुड़ी जानकारी मुहैया कराते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। शिविर प्रभारी सुमन चौधरी के निर्देशन में महाविद्यालय से प्रशिक्षणार्थियों और व्याख्याताओं का एक दल शहर के पास स्थित हिराणी गाँव में कृषि क्षेत्र के भ्रमण पर निकला जहाँ उनको खेतों और बागों की सैर कराई गई। खेतों में खड़ी गेहूं, जौ, चना, मटर, गाजर की फसलों को विद्यार्थियों ने खेतीबाड़ी से जुड़ी अपनी शंकाओं का समाधान किया।बॉटनी व्याख्याता स्वरूप कंवर और मंजू चौधरी ने विद्यार्थियों को फसलों के प्रकार, खरपतवार के प्रभाव और फसलों की सुरक्षा से संबंधित जानकारियाँ दी। व्याख्याता विजयसागर और टीकमचंद ने विद्यार्थियों को ग्रीन हाउस का विजिट करवाया और उन्हें उसके फायदे, नुकसान से अवगत कराया। व्याख्याता महेंद्र सेन ने खरीफ एवं जायद फसलों के संबंध में विद्यार्थियों को बताया। साथ ही विद्यार्थियों ने खेतों में काम कर रहे किसानों से बातचीत की। वहीं खेतों से निकलकर विद्यार्थी नींबू के बाग में पहुंचे। यहां नींबू के बगीचे विकसित करने में सामने आने वाली चुनौतियों, नींबू के पेड़ों और फसल की देखभाल के संबंध में विद्यार्थियों को बताया गया। व्याख्याता इंद्रा बुगलिया ने विद्यार्थियों को कृषि और बागवानी का महत्व बताते हुए उन तक यह संदेश पहुंचाया गया कि इस क्षेत्र में भी भविष्य बनाने की काफी संभावनाएं हैं। जरूरत है तो केवल मन में इच्छाशक्ति जागृत करने की। मुकेश ढाका ने बताया कि गांव के सरपंच मदन लाल जी सोकल और सभी ग्रामीणों ने अत्यंत सहयोग दिया जिसके फलस्वरूप विद्यार्थी सहज होकर सीख सके। संस्था प्रबंधक निदेशक डॉ राजाराम प्रजापति और निदेशक योगेश कुमार जाखड़ ने कृषि भ्रमण की सराहना की।इस शिविर में व्याख्याता मुकेश कुमार, त्रिलोक चौहान, तारा कुमावत निशिकांत छींपा और सेंकड़ो प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का समापन, रोटरी क्लब व यातायात पुलिस विभाग के सयुंक्त तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

राजस्थान दर्शन



**अंकित पुरोहित /ब्यूरो जोधपुर।** ट्रैफिक पुलिस विभाग द्वारा आयोजित "राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025" का समापन समारोह आज रोटरी क्लब जोधपुर में आयोजित किया गया। यह महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम रोटरी क्लब ऑफ जोधपुर एवं यातायात पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। समारोह में अतिथि के रूप में पुलिस विभाग से अबिषेक अंडासू (IPS), दुर्गा राम चौधरी (अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, यातायात), आशीमा वासवानी (IPS), एवं रतन महेश्वरी (JCI) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद रोटरी क्लब जोधपुर के सचिव अभिनव परिहार ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि रोटरी क्लब सेवा के प्रति समर्पित है और सड़क सुरक्षा जैसे सामाजिक सरोकारों में हमेशा योगदान देता रहेगा। उन्होंने इस संयुक्त पहल को एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए, ट्रैफिक पुलिस एवं सभी सहयोगी संस्थानों को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज, एसएन मेडिकल कॉलेज तथा विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों, जिन्होंने इस एक माह की सड़क सुरक्षा अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई, को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही, उन संस्थानों के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने यातायात पुलिस के साथ मिलकर इस अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रोटरी क्लब जोधपुर ने भी इस अभियान में रिफ्लेक्टर स्टिकर्स लगाने एवं विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता फैलाने में सहयोग किया, जिससे सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में सहायता मिल सके। कार्यक्रम का संचालन हनुमान सिंह हेडकानी ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं एवं यातायात सुरक्षा के प्रति पुलिस द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि विद्यालयों एवं संस्थानों ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा के प्रति नागरिकों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अतिरिक्त एसीपी (यातायात) दुर्गा राम चौधरी ने जोधपुर में सड़क दुर्घटनाओं एवं यातायात उल्लंघनों के आंकड़ों को साझा किया और बताया कि यातायात पुलिस ने इन घटनाओं को रोकने के लिए किस प्रकार के प्रयास किए हैं। उन्होंने बताया कि कैसे ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों, यातायात नियमों के कड़ाई से पालन और नागरिकों की बढ़ती सतर्कता से सड़क सुरक्षा में सुधार हुआ है, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाने में मदद मिली है। अबिषेक अंडासू (IPS) ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, "सड़क पर प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा उसकी अपनी जिम्मेदारी है। अक्सर दुर्घटनाएं लापरवाही, ट्रैफिक नियमों की अनदेखी और अनुशासनहीनता के कारण होती हैं। हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट का उपयोग करना, स्पीड लिमिट का पालन करना और शराब पीकर गाड़ी न चलाना - ये सभी नियम केवल कानून की बाध्यता नहीं बल्कि जीवन रक्षा के साधन हैं।

## आयुर्वेद विश्व विद्यालय जोधपुर में नवीन पाठ्यक्रम पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

### प्रोफेसर द्विवेदी, सदस्य, आयुर्वेद बोर्ड , एन सी आई एस एम नई दिल्ली ने दिया विशिष्ट व्याख्यान

### प्रोफेसर (वैद्य) कमलेश कुमार द्विवेदी ने नवीन पाठ्यक्रम पर किया विस्तृत मार्गदर्शन

राजस्थान दर्शन



**अंकित पुरोहित/ब्यूरो जोधपुर।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद में पी.जी. प्रथम वर्ष के नवीन पाठ्यक्रम पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान प्रोफेसर (वैद्य) कमलेश कुमार द्विवेदी, सदस्य, आयुर्वेद बोर्ड, भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रोफेसर द्विवेदी ने आयुर्वेद शिक्षा में हो रहे आधुनिक परिवर्तनों और नवीन पाठ्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली द्वारा तैयार किया गया। यह पाठ्यक्रम आयुर्वेद को वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण से सशक्त बनाने के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने प्रकाश डालते हुए कहा कि नवीन पाठ्यक्रम में किए गए महत्वपूर्ण संशोधन पाठ्यक्रम को आधुनिक अनुसंधान एवं पारंपरिक ज्ञान के समन्वय से और अधिक प्रभावी बनाया गया है।आयुर्वेद चिकित्सा में नवीन वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करेगा । विद्यार्थियों को अनुसंधान एवं प्रायोगिक अध्ययन में अधिक संलग्न होने की आवश्यकता बताई गई। आयुर्वेदिक शिक्षा में डिजिटल टूल्स का उपयोग बढ़ेगा ।विद्यार्थियों के लिए करियर संभावनाएं आयुर्वेद के क्षेत्र में शिक्षण, अनुसंधान एवं चिकित्सीय सेवाओं में नए अवसरों पर प्रकाश डाला गया। प्रोफेसर द्विवेदी ने छात्रों के प्रश्नों का समाधान करते हुए बताया कि नवीन पाठ्यक्रम किस प्रकार उन्हें न केवल एक बेहतर चिकित्सक बनाएगा बल्कि आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर मजबूती प्रदान करने में भी सहायक होगा।

कार्यक्रम के अंत में संस्थान के वरिष्ठ प्रोफेसर एवं पूर्व कुलसचिव गोविंद सहाय शुक्ला ने कमलेश कुमार द्विवेदी का आभार व्यक्त किया और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्थान के समस्त संकाय सदस्य, पी.जी. प्रथम वर्ष के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सत्यम् एकेडमी की कोमल सोनी का चयन इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलिंपियाड में

## विश्व के सबसे बड़े ओलिंपियाड में सत्यम् एकेडमी के 12 छात्रों को गोल्ड मैडल से सम्मानित

राजस्थान दर्शन

**जोधपुर।** बावड़ी स्तिथ सत्यम् एकेडमी नांदिया जाजड़ा की कक्षा 3 की छात्रा कोमल सोनी का चयन एसओएफ इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलिंपियाड में लेवल टू में हुआ साथ ही अन्य 12 विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल हेतु चयनित किया गया। एसओएफ एक अंतर्राष्ट्रीय परीक्षा में जिसमे 84 देशों के 1 लाख से अधिक स्कूल के विधार्थी भाग लेते है। विद्यालय में डायरेक्टर मूलाराम जाट खेडापा द्वारा विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट एवं मैडल्स देकर उत्साहवर्धन किया एवं सम्पूर्ण टीम एंड सभी विद्यार्थियों को भविष्य में सफल होने के मूल मंत्र साझा किये की जीवन में सफल होने का एकमात्र सूत्र आत्मविश्वास है। इस बात को गांठ बांध लें कि जब तक कोई व्यक्ति खुद से कोई काम नहीं करता, उसे खुद पर विश्वास नहीं होगा। हर व्यक्ति को कामयाबी हासिल करने के लिए सबसे पहले खुद पर आत्मविश्वास होना चाहिए। खुद को कभी भी किसी से कम न समझें। अगर आपका खुद पर अटूट विश्वास हैं, आप किसी भी काम को आसानी से कर सकते हैं। विधालय के प्रधानाध्यापक राजेंद्र सिंह ने बताया की विद्यार्थी







जीवन में प्रतियोगिता में भाग लेना ही स्वम में मंजिल प्राप्ति का प्रथम सीढ़ी है ।साथ ही बताया की जोधपुर संभाग का सबसे तेजी से उभरता विधालय सत्यम एकेडमी सभी आधुनिक सुविधाओं का एक साकार रूप है ,बेहतरीन टीम एवं अनुशासित परिसर में विद्यार्थी जीवन श्रेष्ठ बनाया जा रहा है ।कार्यक्रम में एनुअल स्पोर्ट्स मीट 2025 के सभी विजेताओं को मैडल व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया जिसमे थ्रेड एंड नींडल कम्पटीशन में प्रथम साक्षी 8, द्वितीय कुसुम 6,तृतीय मोनिका 6, रिले रेस में प्रथम भगीरथ, रामकरण, नरेश 8, द्वितीय सचिन, लक्ष्मण, प्रवीण, फास्टेस्ट बिस्कुट ईटिंग कम्पटीशन प्रथम संजना 6,द्वितीय भावना 8,तृतीय मोनिका 7, सेक रेस प्रथम हार्दिक 4,द्वितीय योगेश 4,तृतीय मनीष 4,सेक रेस प्रथम कुलदीप /गजेंद्र 5,द्वितीय गणेश 5,तृतीय कीरत 5,बैलून बैलेंसिंग रेस प्रथम दीक्षा एवं भव्य 4,द्वितीय मनीषा एवं भावना 5,तृतीय दीपिका एवं प्रियल 3,सेक रेस प्रथम सचिन एवं हर्षवर्धन3, द्वितीय हार्दिक4, तृतीय रुद्रप्रताप 3,बैलून एंड कप बैलेंस कम्पटीशन प्रथम दीपिका 3 द्वितीय ईश्वरपाल 3तृतीय दीक्षा 3,लेमन एंड स्पून रेस प्रथम विकास 2,द्वितीय हर्षवर्धन 2 तृतीय अंकित 2,बैलून बैलेंसिंग रेस प्रथम नरेश 2 द्वितीय दिलीप 2 तृतीय युवराज एवं अरविन्द 2,बैलून बैलेंसिंग रेस प्रथम हितेश 1 द्वितीय हिमांशु तृतीय जयेश,लेमन एंड स्पून रेस प्रथम भावना 1 द्वितीय रुचिका एवं तनूजा 1 तृतीय लोकेश 1,हर्डल रेस प्रेप क्लास प्रथम प्रमोद द्वितीय रवि अभिनव मानवी तृतीय गौतम, हर्डल रेस केजी क्लास प्रथम आदित्य द्वितीय हर्षवर्धन तृतीय खुशवंत, बैलून ब्लास्ट कम्पटीशन प्रेप क्लास प्रथम राजवीर द्वितीय रविंद्र तृतीय गौतम, फील बास्केट विथ बॉल्स कम्पटीशन नर्सरी क्लास प्रथम नव्याश, द्वितीय मिष्टी, तृतीय हर्षिता, जलेबी बिटिंग कम्पटीशन नर्सरी क्लास प्रथम जसवंत, द्वितीय कृष्णकांत तृतीय पियूष, लीडर ऑफ़ मार्चपास्ट लक्षिता 8,बेस्ट परेड कैंडिडेट दिव्या 7,बेस्ट वालंटियर्स वैभव 5,हर्षित 8,बेस्ट डांस परफॉर्मर स्वाति 2। एसओएफ गोल्ड मैडलिस्ट कक्षा 8 से यश एवं भगीरथ, कक्षा 7 से मंजू, कक्षा 5 से महिपाल एवं मनीषा कँवर, कक्षा 4 से भव्य गोयल और कक्षा 3 से कृतिका चौधरी, सचिन चौधरी, प्रांजल, विकास जाखड़, देवेंद्र भारी, कोमल सोनी को सम्मानित किया गया।

# पथमेड़ा को मिला व्यापार उत्कृष्टता पुरस्कार, गोसेवा के क्षेत्र में विश्वविख्यात गुरु सुधांशु और लोकसभा अध्यक्ष ने किया सम्मानित



## व्यापारी महासंघ ने पथमेड़ा की धार्मिक गतिविधियों में अहम योगदान की सराहना की

राजस्थान दर्शन

**सांचौर।** भारत मंडपम में आयोजित एक भव्य समारोह में विश्व की सबसे बड़े गोसेवा संस्थान श्री गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा, श्री मनोरमा गोलोकतीर्थ पथमेड़ा को व्यापारी महासंघ द्वारा व्यापार उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार विश्वविख्यात आध्यात्मिक गुरु सुधांशु महाराज और लोकसभा अध्यक्ष ओमजी बिरला के कर-कमलों से श्री गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सीईओ) आलोक सिंहल को प्रदान किया गया। इस अवसर पर व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी भी उपस्थित रहे। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता जावेरी ने बताया कि व्यापारी महासंघ से जुड़े लाखों व्यापारियों ने देश की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पथमेड़ा जैसी धार्मिक संस्था द्वारा गोसेवा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। पथमेड़ा ने न केवल धार्मिक गतिविधियों में बल्कि व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में भी एक मिसाल पेश की है।

### व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि

चारा, पौष्टिक आहार और औषधि की मांग ने स्थानीय बाजार को गति दी है। स्थानीय दुकानदारों, परिवहन व्यवसायियों और अन्य सेवा प्रदाताओं को इससे लाभ हुआ है। पथमेड़ा में 2000 से अधिक लोग प्रत्यक्ष रूप से और लगभग 10,000 लोग अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। इससे क्षेत्र में बेरोजगारी की समस्या कम हुई है।

### दिल्ली शाखा की भूमिका

-दिल्ली शाखा के संरक्षक एस एस अग्रवाल, सत्यभूषण जैन, प्रधान राकेश बिंदल, आलोक जगवायन, पुरुषोत्तम बंसल, यशपाल गुप्ता, विनय सिंहल, एन आर जैन, हंसराज रल्हन, आनंद जालान, मनीष गोयल और अन्य सदस्यों ने पथमेड़ा की सेवा गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी सक्रिय भागीदारी ने दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में गोसेवा के प्रति जागरुकता बढ़ाई है।

# नवीनीकरण हेतु भूमी पूजन का आयोजन




राजस्थान दर्शन

**विजय कुमार/सिरोही /आबूरोड।** एचजी इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड द्वारा अपनी परोपकारी संस्था एच. जी. फाउंडेशन के ट्राइबल हॉस्टल ट्रांसफॉर्मेशन प्रोग्राम के तहत राणा पूंजा राजकीय आश्रम छात्रावास गांव ओर के नवीनीकरण हेतु भूमि पुजन के माध्यम से कार्य की शुरूआत की गई । क्षेत्र के इन जनजातीय छात्रावासों के नवीनीकरण के साथ साथ इनमें डिजिटल साक्षरता एवं भौतिक सुख सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा हैं जिससे छात्रों को शिक्षा की गुणवत्ता एवं साफ सुथरे आवास के माध्यम से बौद्धिक विकास में योगदान रहेगा । इस भूमि पूजन कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी माउंट आईएएस सालूखे गौरव रविन्द्र। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी टीएडी आबुरोड डॉ. मनोहर सिंह चारण, एच जी फाउंडेशन से जवान सिंह एवं हॉस्टल छात्र व ओर गांव से समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे । डॉ मनोहर सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा पूर्व में भी छः हॉस्टलों का नवीनीकरण किया जा चुका हैं और आज एक नए हॉस्टल के नवीनीकरण की शुरुआत की गई हैं। एचजी फाउंडेशन के जवान सिंह ने बताया टीएचटीपी कार्यक्रम के तहत इंफ्रा एवं छात्रों की भौतिक सुख सुविधाओं के साथ साथ व्यावहारिक एवं कौशल विकास पर भी कार्यक्रम के माध्यम से समग्र विकास किया जा रहा हैं

# माधव विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ ह्युमैन माइक्रोबायोम पर आमंत्रित व्याख्यान



राजस्थान दर्शन

**आबूरोड़।** माधव विश्वविद्यालय के बेसिक और अनुप्रयुक्त विज्ञान संकाय में अंतःविषय अनुसंधान के तहत एक विशेष आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आई.आई.टी.ई. गांधी नगर के सहायक प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, डॉ. मेहुल पी. दवे ने ह्युमैन माइक्रोबायोम विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. दवे ने व्याख्यान में विस्तार से बताया कि मानव माइक्रोबायोम, यानी शरीर में मौजूद सूक्ष्मजीवों का समूह, कैसे मानव के स्वास्थ्य, प्रतिरक्षा तंत्र, बुद्धि स्तर और जीनोम को प्रभावित करता है। उन्होंने विशेष रूप से आंत के बैक्टीरिया और अवसाद के बीच के संबंधों पर प्रकाश डाला, जिससे स्वास्थ्य संबंधी नई खोजों की दिशा स्पष्ट हुई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. जिगर सोनी, संकाय सदस्य डॉ. के.एस. दहिया, डॉ. भावीन सोनी, डॉ. ममता बेन सोनी, डॉ. पवन स्वर्णकार, डॉ. फरमान अली, डॉ. शहजाद अली, डॉ. अफसर अली, डॉ. पंकज चौहान, डॉ. आशा राणा, डॉ. रोहिताश कुमार, डॉ. अरुण परिहार, डॉ. अरुण कुलश्रेष्ठ, डॉ. गितिका सिह और रविना जांजरिया उपस्थित रहे। साथ ही संकाय के विद्यार्थी और शोधार्थी भी इस महत्वपूर्ण वार्ता में शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन पर संकाय के अधिष्ठाता डॉ. जिगर सोनी ने सभी उपस्थित व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

# विश्व आर्द्र भूमि दिवस के अवसर पर द्वारा घोंसला निर्माण प्रतियोगिता आयोजित

राजस्थान दर्शन

**बीकानेर** विश्व आर्द्र भूमि दिवस (2 फरवरी) के उपलक्ष्य में शुक्रवार को बीकानेर वनमंडल द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए घोंसला निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीकानेर वन मंडल के उपवन संरक्षक एस. शरथ बाबू ने बताया कि इसका उद्देश्य पक्षियों के लिए सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने के लिए जागरूकता फैलाना एवं विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति का उपयोग करते हुए प्राकृतिक एवं पुनर्नवीनीकरण सामग्री से पक्षियों के लिए सुंदर घोंसले तैयार किए। इस आयोजन के दौरान विद्यार्थियों को पक्षियों के आवास संकट, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता संरक्षण के महत्व की भी जानकारी दी गई। सहायक वन संरक्षक सत्यपाल सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। सभी प्रतिभागियों को 'वृक्ष मित्र' प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का प्रभावी माध्यम हैं। यह उन्हें प्रकृति से गहरे से जुड़ने और वन्यजीव संरक्षण में योगदान के लिए प्रेरित करता है। इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को प्रकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाया जा सकता है और उन्हें संरक्षण प्रयासों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया जा सकता है। आयोजन में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाना (श्रीडूंगरगढ़), नारायण ग्लोबल अकादमी झझू (श्रीकोलायत), राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुजानदेसर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शेरेरा एवं आदर्श राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय नोखा सहित पाँच विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भागीदारी निभाई। उल्लेखनीय है कि विश्व आर्द्र भूमि दिवस हर वर्ष 2 फरवरी को मनाया जाता है।

# स्पोर्ट्स मीट 2025 उड़ान में सेकेंडरी और प्राइमरी विंग के 1550 विद्यार्थी दिखा रहे अपना दमखम

**बीकानेर** करणी नगर स्थित स्वामी आरएन ग्लोबल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट उड़ान का आयोजन किया जा रहा है। स्पोर्ट्स मीट में मिडिल और सेकेंडरी विंग के लगभग 800 तथा प्राइमरी विंग के 750 विद्यार्थी अपना दमखम दिखा रहे हैं। कार्यक्रम का प्रारंभ मशाल प्रज्वलित कर प्रोफेसर डॉक्टर हेमंत दाधीच प्रो वाइस चांसलर राजूवास बीकानेर के साथ विद्यालय की प्रधानाचार्य बिंदु बिश्नोई तथा रामलाल स्वामी कोऑर्डिनेटर हरि वर्मा ने किया। खेल प्रभारी ने बताया कि 2 दिन चलने वाली स्पोर्ट्स मीट में विद्यार्थियों के साथ अभिभावक भी भाग लेंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के विद्यार्थियों ने कदमताल करते हुए मार्च पास्ट से सम्मोहित किया इसके पश्चात विद्यालय के बैंड ने अपनी स्वर लहरियां बिखरते हुए समा बांधा। सभी विद्यार्थियों ने अपने अध्यापकों के साथ खेल भावना की शपथ को ग्रहण किया। कक्षा 6, 7, 8 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मास स्ड्डह्यह्य ड्रिल का भी दर्शकों ने आनंद उठाया। कक्षा 8,9 की गर्ल्स द्वारा प्रस्तुत एक्रोबिक्स ने भी तालियां बटोरी। स्पोर्ट्स मीट में सिंपल रेस, होल्ड बैलून रेस, पेन पेपर रेस, 3 लैग रेस, बकेट बैलेंस रेस , लेमन रेस, हर्डल रेस आदि में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के माता-पिता ने भी उत्साह दिखाते हुए रेस में भाग लिया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे विजेताओं को स्वर्ण रजत एवं कांस्य पदक प्रदान किए गए। जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के विद्यार्थियों को




ट्रॉफी ट्रॉफी प्रदान की गई । अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि खेल जीवन में उत्साह को बढ़ाते हैं तथा शरीर और दिमाग के समन्वय को श्रेष्ठ रूप से तैयार करते हैं। आज के आधुनिक युग में खेल विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है जिसके द्वारा वह शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं विद्यार्थी किसी खेल में माहारत हासिल कर लें तो उसे अपने करियर के रूप में भी अपना सकते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्य ने कहा कि गत वर्षो से निशुल्क स्पोर्ट्स एकेडमी का संचालन किया जा रहा है जिसमें विद्यार्थी विभिन्न खेलों में प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यालय के नाम को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन में कोऑर्डिनेटर प्रीति सिंह प्रदीप रामावत ने विशेष भूमिका निभाई तथा मंच संचालन बंदना गैरा ने किया।

# ग्रीन स्कूल कार्यक्रम के तहत पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय छोटी रानी ने किया फील्ड भ्रमण



राजस्थान दर्शन

**रानी।** ब्लॉक के पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय छोटी रानी ने ग्रीन स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय सुमेरपुर,जवाई बांध, राजस्थान स्टेट सीड्स कॉर्पोरेशन आदि की फील्ड भ्रमण की । जंहा विद्यार्थियों को कृषि की नवीन तकनीक,जैविक खाद का उपयोग,रसायन खाद के दुष्परिणाम के बारे में बताया गया। साथ ही जवाई बांध पर कृषि में नहर सिस्टम के बारे में एवं सीड्स कॉर्पोरेशन पर उच्च गुणवत्ता वाले बीज की पैकेजिंग के बारे में बताया गया। जिसमें स्थानीय विद्यालय के कक्षा 6 से 8 तक के 60 विद्यार्थियों को भ्रमण करवाया गया भ्रमण में विद्यालय के संस्था प्रधान संतोष कुमार पुरोहित,अध्यापक महेंद्र कुमार,दिनेश सिंह, अध्यापिका श्रीमती रिंकू विद्यार्थियों के साथ रही

# खौड़ कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में साइकिल वितरित



राजस्थान दर्शन

**रानी।** समीपवर्ती ग्राम खोड़ के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में साइकिल वितरण तथा छात्रावास एवं विद्यालय विकास कमेटी की बैठक आयोजित हुई। जिसमें कक्षा नवम की 66 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई । बैठक में शिक्षकों द्वारा छात्रावास में संचालित गतिविधियों के बारे अभिभावकों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस मौके कार्यवाहक प्रधानाचार्य मांगीलाल मीणा, समाजसेवी अरविंद गोयल, धनराज बावल, व्याख्याता विजेंद्र सिंह, व्याख्याता मीना चौधरी, व्याख्याता शैतान सिंह राजपुरोहित, शिक्षक फूलचंद मालवीय, व्याख्याता भैराराम, वार्डन लीला मेघवाल, सहायक वार्डन पूजा, दीपचंद्र रागी, पोमाराम, गिरधारीलाल मनिहारी समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# सज्जन शक्ति की सक्रियता और संगठन से भारत बनेगा विश्व गुरु- योगेन्द्र कुमार

राजस्थान दर्शन

**सिरोही।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र के सह संपर्क प्रमुख योगेंद्र कुमार ने कहा कि देश के सज्जन लोगों को सक्रिय होने एवं संगठित होने की आवश्यकता है सज्जन शक्ति की सामूहिक शक्ति के आधार पर ही भारत पुनः विश्व गुरु बन सकता है। वे गुरुवार को देर शाम को आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी में सिरोही नगर के प्रबुद्ध जनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस वर्ष विजयदशमी पर अपने 100 वर्ष पूरे करेगा 100 वर्ष के एक लंबे कालखंड में संघ की यात्रा के विभिन्न आयामों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि संघ की यात्रा केवल संगठनात्मक नहीं है, बल्कि यह एक विचारधारा की यात्रा है, जो समाज के हर वर्ग







को एकजुट कर भारत को सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से एक सशक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्यरत है। उन्होने कहा कि हज़ार वर्षों के सतत् संघर्ष के उपरांत जनमानस में व्याप्त हताशा निराशा के भाव को स्व में बदलकर स्वाधीनता आंदोलन की प्रेरणा दे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में समाज को दिशा दिखाने एवं व्यकित निर्माण की पद्धति देश में किस तरह विकसित हो का विचार करं 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। उन्होंने संघ के माध्यम से एक ऐसे समाज का निर्माण करने का संकल्प लिया, जो देश और समाज के लिए जी सके। उन्होने कहा कि 1947 से पूर्व ओर आज के वर्तमान के समय में संघ के काम की जब तुलना करते है तो आज देश भर में 55 हजार से अधिक स्थानो पर 70 हजार से ज्यादा संघ की शाखाएं लग रही है जिसमें व्यक्ति निर्माण का कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक डॉ जगदीश आर्य के सानिध्य में एवं जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह आढ़ा की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में प्रबुद्ध जनो के प्रश्नो के भी सह संपर्क प्रमुख योगेंद्र कुमार ने जवाब दिये । कार्यक्रम से पूर्व भारत माता की तस्वीर के समक्ष अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन किया।

# पंचायत समिति निंबाहेड़ा की साधारण सभा में गैर अनुमत सदस्यों की रही उपस्थिति

## कांग्रेस शासन में लगाए पत्थर नहीं हटाने पर विधायक ने जताई नाराजगी

राजस्थान दर्शन

**निंबाहेड़ा।** पंचायत समिति के सभागार में पिछले सप्ताह पंचायत समिति की हुई साधारण सभा में एक और जहां गैर अनुमत सदस्यों ने उपस्थिति दी वहीं दूसरी ओर कांग्रेस शासन में लगाएं लोकार्पण एवं शिलालेख के पत्थरों को नहीं हटाने पर विधायक श्री चंद कृपलानी ने नाराजगी जताई। कृपलानी ने सभा के शुरू में अपनी नाराजगी जताते हुए कहा की निंबाहेड़ा पंचायत समिति क्षेत्र में पिछली सरकार ने जो कार्य कराए थे उनमें अधूरे कामों पर शिलान्यास एवं लोकार्पण के भाटे लगाए थे वह पत्थर हटाए के नहीं यह बताओ, लोकार्पण एवं शिलान्यास के एक साथ लगाए थे। इस पर किसी ने कहा कि पीडब्ल्यूडी वालों को ध्यान में है। तो विधायक बोले पीडब्ल्युडी वालों ने क्यों नहीं हटाये पता था तो। इस पर पीडब्ल्युडी के अधिकारी ने कहा की हमने ठेकेदारों को बोल दिया तो विधायक ने कहा ठेकेदार क्या होता है फिर क्या हुआ ठेकेदारों का, अधिकारी ने कहा कि ठेकेदारों को मौखिक बोला था लेकिन वह आए नहीं। अधिकारी के जवाब पर विधायक ने गहरी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि दो मिनट का काम है, ठेकेदार दस साल नहीं हटाएंगे तो क्या करोगे, तुम्हारे कर्मचारी भेज कर नहीं हटवा सकते हो फालतू बैठे रहते हैं, ठेकेदार सब उन्ही के हे उन्हीं ने ठेके दिए सब उन्हीं के आदमी है हटाएंगे नहीं वो तो। तब अधिकारी ने कहा अब हटवा देंगे। गौरतलब है कि राजस्थान में सत्ता परिवर्तन के तुरंत बाद भी निंबाहेड़ा के भाजपाइयों ने अधूरे कामों पर पत्थर लगाने का कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए पत्थरों को हटाने का माहौल बनाया था। विधायक ने साधारण सभा में कांग्रेस कार्यकाल में हुई कनेरा क्षेत्र में भूमि आवंटन एवं भू अवाप्ति के मुआवजे पर भी सवाल उठाए। पंचायत समिति की साधारण सभा में एक ओर अनूठा मामला सामने आया जो यह की साधारण सभा में सत्ताधारी दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित दिखाई दिए जो साधारण सभा में भाग लेने के लिए अनुमत नहीं थे। इन्होंने किसकी अनुमति पर साधारण सभा में भाग लिया यह विचारणीय प्रश्न है। बता दें कि पंचायत समिति की साधारण सभा पंचायत समिति प्रधान की अध्यक्षता में आहूत होती है जिसमें निमानुसार पंचायत समिति सदस्य एवं सरपंच तथा सरकारी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भाग ले सकते हैं। हालांकि कोई भी मंत्री, सांसद, क्षेत्रीय विधायक साधारण सभा में भाग ले सकते हैं लेकिन किसी भी राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी व आमजन इस साधारण सभा में भाग लेने के लिए अनुमत नहीं होते हैं। सभा में मुख्य रूप से विभिन्न जनहित व विकास कार्यों पर चर्चा होती है तथा कार्यों की रूपरेखा, प्रस्ताव, स्वीकृतियां आदि तैयार किए जाते हैं।




## दाधीच वेलफ़ेयर सोसायटी द्वारा डीपीएल का आयोजन आज

### दाधीच प्रिमियर लीग का उत्साह 01 फ़रवरी से




राजस्थान दर्शन

**कोटा।** दाधीच वेलफेयर सोसायटी कोटा द्वारा 2 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन किया जा रहा है। श्री प्रदीप दाधीच ने बताया कि दाधीच प्रीमियर लीग का आयोजन 01 और 02 फ़रवरी को किया जा रहा है। आयोजन में 6 टीमों के मध्य 10 ओवर के मैच आयोजित किए जाएगे। 01 फ़रवरी को 3 मैच व 02 फ़रवरी को सेंट जॉन्स स्कूल बूंदी रोड के क्रिकेट मैदान में 5 मैच होंगे। संयोजक नीतेश दाधीच ने बताया कि डीपीएल का आयोजन बहुत रोमांचक होगा ।खिलाड़ियों द्वारा छक्के और चौके लगाए जाने पर ढोलक की थाप से उत्साहवर्धन किया जाएगा। उन्होने बताया कि पावर हीटर्स,रेड राइडर,डोमिनेटर्स,ट्रॉफी फाइटरस,अवेंजर्स और चैंपियंस 6 टीमें आपस में मुकाबले को उत्साहित है।

## प्रजापत समाज ने मनाई श्रीयादे माता जयन्ती सभापति गुर्जर ने की पांच लाख की घोषणा

**प्रतापगढ़।** प्रजापत समाज की कुलदेवी श्रीयादे माता का जन्म जयंती शुक्रवार को सभापति रामकन्या गुर्जर एवं प्रतिनिधि प्रहलाद गुर्जर के मुख्य आतिथ्य एवं समाज के जिलाध्यक्ष हीरालाल प्रजापत की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, सभापति गुर्जर ने मंदिर प्रांगण में नये विकास कार्य के लिये पांच लाख रु की घोषणा की एवं नई बनाई बाउंडरी वाल का उदघाटन किया । समारोह को संबोधित करते हुये सभापति गुर्जर ने कहा कि किसी व्यक्ति के लिये समाजसेवा से बढ़कर कुछ नहीं होता, उन्होंने श्रीयादे माता के जीवन से सिख लेने और उनके बताए मार्ग पर चलने का आव्हान किया, जिलाध्यक्ष हीरालाल प्रजापत ने संगठन की मजबूती ओर श्रीयादे माता को राष्ट्रीय संत की उपाधि दिलाने का प्रस्ताव रखा, प्रारम्भ में मंत्रोच्चार के साथ श्रीयादे माता की पुजा अर्चना की गई । संचालन जिला महामंत्री भीमराज प्रजापत ने किया, समारोह को समाज के संरक्षक रामनारायण प्रजापत, जिला महामंत्री राजेश प्रजापत, उपाध्यक्ष रमेशचंद प्रजापत, गोवर्धनलाल, कांतिलाल प्रजापत गुड्डू , जिला मीडिया प्रभारी गोपाल प्रजापत, युवा जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापत, युवा उपाध्यक्ष सोहनलाल प्रजापत तहसील अध्यक्ष हरिओम प्रजापत,समाजसेवी ललिता प्रजापत सहित कई वक्ताओं ने सम्बोधित किया । इस अवसर पर प्रजापत समाज के कई वरिष्ठ एवं युवा पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## संविधान द्वारा प्रदत मौलिक अधिकारों के हनन के विरोध में दिया ज्ञापन

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा एवं भारत मुक्ति मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में प्रतापगढ़ जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों के हनन के विरोध में ज्ञापन सोपा। वर्तमान सरकार द्वारा एवं प्राय सभी राज्यों में आर एस एस एवं संबंधित संगठनों द्वारा मूलनिवासी ईसाइयों के ऊपर तरह-तरह के अत्याचार झूठा प्रोपेगेंडा एवं उनके धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ तथा व्यक्तिगत जीवन एवं जान माल आदि पर घोर अत्याचार किया जा रहा है जिसकी कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है पुलिस द्वारा इन अपराधों पर संज्ञान नहीं लिया जा रहा है उल्टा पीड़ित पक्ष पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया जा रहा है। न्यायिक रूप से भी हालत ठीक नहीं है वहाँ भी इन पीड़ित लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा है मूलनिवासियों की आवाज को दबाया जा रहा है एवं धार्मिक आधार पर खुलेआम मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है यह तत्काल बंद हो, यदि आर एस एस एवं संबंधित संगठनों द्वारा भारत के मूलनिवासी ईसाइयों के साथ संविधान विरोधी कृत्य आगे भी जारी रहा, तो सरकार उसे तत्काल रोके, अन्यथा भारत के तमाम मूलनिवासी संगठन पूरे देश में आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस अवसर पर हजारों मूलनिवासियों ने जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सोपा जिसमें सहयोगी संगठनों के रूप में राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा, भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, बहुजन मुक्ति पार्टी, राष्ट्रीय किसान मोर्चा आदि का सहयोग रहा है।

## नोखा रोड़ पर हुई कारों में भिड़ंत एक की मौत, सात घायल

**बीकानेर** शहर के गंगाशहर थानान्तर्गत हुए एक सड़क हादसे में एक की मौत हो गई है। जबकि सात जने घायल हो गये है। घायलों को पीबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी मिली है कि नोखा रोड़ एसबीआई बैंक के सामने इनोवा व मारुति स्विफ्ट कार में भीषण भिड़ंत हो गई। बताया जा रहा है कि स्विफ्ट पुराने बस स्टैंड की तरफ से आ रही थी। अत्यधिक तेज गति होने की वजह से डिवाइडर पर चढ़ गई। संतुलन बिगड़ गया और सड़क की दूसरी तरफ चली गई। दूसरी तरफ पुराने बस स्टैंड की तरफ से आ रही इनोवा में जा भिड़ी। इस हादसे में गंगाशहर निवासी जितेंद्र स्वामी पुत्र पुखराज की मौत हो गई। जबकि लक्ष्मण,मुन्नी देवी,पार्थ जोशी,दर्शना,कोमल,अनिल शर्मा व रंजीत सिंह घायल हुए है। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। भिड़ंत के चलते वाहनों के आगे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये।

## राज्यपाल एक दिवसीय दौरे पर रविवार को आएंगे बीकानेर



**बीकानेर** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे एक दिवसीय दौरे पर रविवार को बीकानेर आएंगे। राज्यपाल बागडे रविवार प्रातः 9.20 बजे नागौर से सड़क मार्ग से रवाना होकर प्रातः 11.10 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 62 पर स्थित हरखमणी एस्टेट पहुंचेंगे तथा 11.15 बजे यहां श्री हरखचंद नाहटा स्मृति न्यास द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। राज्यपाल यहां से दोपहर 12.35 बजे नाल एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे तथा दोपहर 1.15 बजे हवाई मार्ग से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल के एक दिवसीय बीकानेर दौरे के मद्देनजर जिला कलक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने आदेश जारी विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए आधिकारिकयों को कार्य प्रभारी नियुक्त कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

वाहन की टक्कर से दर्दनाक मौत

## कुराबड़ बंबोरा मार्ग पर जुना पानी के निकट शाम को हुआ हादसा

राजस्थान दर्शन




**कुराबड़।** उदयपुर जिले के कुराबड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुराबड़ बंबोरा मार्ग पर गुडली जुना पानी के निकट शुक्रवार शाम को मोपेड सवार को बड़े वाहन ने टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल पर बारिश संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। जानकारी के अनुसार केडिया निवासी नाथू डांगी 65 वर्ष विकी मोपेड पर सवार होकर को कुराबड़ से बंबोरा की ओर जा रहा था तभी पीछे से बड़े वाहन ने टक्कर मार दी । मोपेड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई वही नाथू डांगी का सर बुरी तरह कुचल गया जिससे मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर कुराबड थाना पुलिस मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर कुराबड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। अस्पताल में परिजन सहित कई ग्रामीण जमा हो गए तथा वाहन को पकड़ने की मांग करते रहे। ग्रामीणों ने बताया कि डंपर की टक्कर से हादसा हुआ और डंपर सहित चालक लेकर फरार हो गया पुलिस देर रात तक वहां को ढूंढती रही। मृतक का पोस्टमार्टम शनिवार को होगा।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केशवपुरा में राउण्ड टेबल 358 द्वारा 50 योग किट वितरित

### राउण्ड टेबल ने राजकीय विद्यालय में किये योग किट का वितरण

राजस्थान दर्शन




**कोटा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केशवपुरा में राउण्ड टेबल 358 द्वारा योग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 50 योग किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान राउण्ड टेबल 358 के चेयरमैन प्रांशुल कंजोलिया ने कहा कि योग मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को योग अपनाने और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर राउंड टेबल के सेक्रेटरी रोहित जैन और टेबलर ऋषभ मेहता उपस्थित रहे। सेक्रेटरी रोहित जैन ने बताया कि बच्चों को योगा हेतु मेट व टीशर्ट का वितरण किया गया और योग के फायदों के बारें में बताया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने राउण्ड टेबल 358 का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस पहल से छात्रों को योगाभ्यास के प्रति जागरूकता मिलेगी। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षकगण और राउण्ड टेबल 358 के सदस्य उपस्थित रहे।

## कोटा में भी परिवाद दर्ज है फिट्ज़ी के खिलाफ

### कोटा की छवि बिगाड़ने के प्रयास पर शहरवासियों ने 2016 में दी थी अदालत में याचिका

### कोटा व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी भी हैं गवाह

राजस्थान दर्शन

**कोटा।** पिछले दिनों देशभर में बिना किसी पूर्व सूचना के अपनी कक्षाएं बंद करने के बाद चर्चा में आए इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी के संस्थान फिट्ज़ी के खिलाफ कोटा शहरवासियों में भी नाराजगी है। फिट्ज़ी द्वारा लगातार देश के समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी कर कोटा को 'सुसाइड सिटी ऑफ इंडिया' छापकर बदनाम किया गया था। इसके बाद कोटा व्यापार महासंघ और स्थानीय नागरिकों ने इसके लिए परिवार अदालत में दिया था। यह परिवाद 2016 में दिया गया था। इस परिवाद की सुनवाई न्यायालय में विचाराधीन है। इस मामले में कोटा व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी भी गवाह हैं, तथा वरिष्ठ पत्रकार मनोहर पारीक ने इस संबंध में अदालत में परिवाद दिया था। इस मामले में परिवादी मनोहर पारीक ने बताया कि कॅरियर सिटी कोटा इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए देश में अलग पहचान रखती है। हर वर्ष लाखों की संख्या में विद्यार्थी अपने सपनों को साकार करने कोटा आते हैं। ऐसे में फिट्ज़ी कोचिंग संस्थान द्वारा विज्ञापन जारी किया गया एवं कोटा को 'सुसाइड सिटी ऑफ इंडिया' दर्शाया गया है, जो कि काफी घृणास्पद है। न्यायालय विशिष्ट न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, एनआई प्रथम कोटा की ओर से फिट्ज़ी के कार्यकारी प्रभारी एवं निदेशक डीके गोयल को नोटिस भिजवाया गया है। मामले में पैरवी कर रहे एडवोकेट देवेन्द्र वर्मा ने बताया कि फिट्ज़ी के द्वारा कोटा की छवि धूमिल करने का कृत्य किया गया है, जिससे पूरे देश में कोटा के प्रति घृणा एवं तिरस्कार का भाव पैदा हुआ है। शहर की अर्थव्यवस्था के लिए कहीं से भी उचित नहीं है। भारतीय दंड संहित की धारा 500 के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। उल्लेखनीय है कि घृणित विज्ञापन प्रकाशित करने के बाद कोटा शहरवासियों में संस्थान के खिलाफ रोष था और कोटा व्यापार महासंघ की अगुवाई में कई क्षेत्रों में प्रदर्शन भी किया गया था। फिट्ज़ी संस्थान के खिलाफ नारे लगाए गए थे। स्थानीय प्रशासन से भी कार्रवाई करने की मांग की गई थी। देशभर में फिट्ज़ी कोचिंग की करीब 72 शाखाएं संचालित है। पिछले दिनों हाल ही में मध्यप्रदेश के भोपाल सहित दिल्ली-एनसीआर में संचालित फिट्ज़ी के कई सेंटर अचानक बंद हो गए। इसके बाद पूरे देश में अभिभावकों ने फीस लौटाने की मांग करते हुए संस्थान के खिलाफ मुकदमे दर्ज करा दिए। इसके बाद से ही फिट्ज़ी के मालिक डीके गोयल पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है।

## गोगुंदा में धूमधाम से मनाई गई श्री यादे मां की जयंती, शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु



राजस्थान दर्शन

**गोपाल लोढ़ा, गोगुंदा।** कस्बे में मेवाड़ा मेवलिया प्रजापत समाज की ओर से श्री यादे मां की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाजजन, महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा की शुरुआत सरिया देवी मंदिर से हुई, जहां श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद समाजजन डीजे की धुन पर नाचते-गाते भेरूजी की घाटी, मुख्य बाजार, प्रताप चौक, खटीक मोहल्ला, ब्रह्मपुरी, ठाकुर देवरा, राजपूत मोहल्ला एवं बस स्टैंड होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचे। वहां महाआरती के बाद महाप्रसाद का आयोजन किया गया। श्री यादे मां जयंती के उपलक्ष्य में मेवाड़ा प्रजापत समाज द्वारा शिक्षा एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। समाज के प्रवक्ता विनोद प्रजापत ने बताया कि इस दौरान उन छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने पांचवीं कक्षा से ऊपर की परीक्षाओं में 60% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। साथ ही, समाज के उन युवाओं को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने राजकीय सेवाओं में चयन प्राप्त किया है।समाज में हुए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

### व्यापारिक प्रतिष्ठान रहे बंद

श्री यादे मां की जयंती को लेकर समाज के व्यापारियों ने भी अपने प्रतिष्ठान पूर्ण रूप से बंद रखकर आस्था व्यक्त की।

## जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय पेंशनर्स सोसाइटी द्वारा धरना प्रदर्शन

राजस्थान दर्शन



**अंकित पुरोहित/ ब्यूरो जोधपुर।** जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय पेंशनर्स सोसाइटी द्वारा आज विश्वविद्यालय में राजस्थान सरकार द्वारा राज्य वित्तपोषित विश्वविद्यालयों में पेंशन के स्थाई समाधान हेतु कोई संतोषजनक जवाब नहीं देने तथा सरकार के ढुलमुल रवैया के प्रति आक्रोश प्रकट करने हेतु विश्वविद्यालय के वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर विश्वविद्यालय कुलपति कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन किया सोसाइटी के अध्यक्ष प्रोफेसर रामनिवास शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने दो बार व्यक्तिगत मुलाकात के दौरान आश्वासन दिया कि पेंशन का स्थाई समाधान हो जाएगा लेकिन आज दिन तक कोई संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है स्थिति यथावत बनी हुई है द्य पेंशनर्स सोसाइटी द्वारा स्थानीय विधायक ,सिंडिकेट सदस्य, संसद सदस्य तथा केंद्रीय मंत्री से संपर्क कर बार-बार निवेदन किया गया, लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ नागरिक एबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज इंजीनियरिंग संकाय से सेवानिवृत हुए शिक्षक कार्मिकों की दो माह की पैंशन बकाया है तथा विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्ति कार्मिक शिक्षकों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार पेंशन पुनर्निरधारण राशि एरियर का भी आज दिन तक भुगतान नहीं हुआ है। इसी प्रकार वर्ष 2020 के बाद सेवानिवृत कार्मिक शिक्षकों को सेवानिवृत्ति परीलाभों यथा बढ़ी हुई ग्रेच्युटी राशि एवं कम्युटेंशन राशि का भी भुगतान नहीं किया गया है द्य इसके अतिरिक्त अनेक सेवानिवृत्ति कार्मिकों का पीपीओ भी जारी नहीं हो रहा है ऐसी स्थिति में वरिष्ठ नागरिकों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है । धरना प्रदर्शन स्थान पर पूर्व कुलपति प्रोफेसर भंवर सिंह राजपुरोहित, प्रोफेसर एस एस टॉक,अध्यक्ष प्रोफेसर रामनिवास शर्मा प्रोफेसर , प्रो. के एन व्यास, प्रोफेसर जसराज बोहरा, प्रोफेसर के आर चौधरी, प्रोफेसर सुखबीर सिंह बैस राजेंद्र सिंह मेहता, संघर्ष समिति के संयोजक अशोक व्यास एवं प्रो. एम. एल. बडेरा आदि ने संबोधित किया तथा राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया कि राज्य सरकार तुरंत प्रभाव से वरिष्ठ नागरिकों को राहत प्रदान करते हुए कॉलेज शिक्षा निदेशालय के पेंशनर्स की भांति राज्य सरकार जिम्मेदारी लेकर पेंशन भुगतान के शीघ्र आदेश जारी करें यहाँ यह उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुसार जो राज्य सरकार वेतन का भुगतान करती है वही पेंशन का भुगतान भी करेगी। आयकर नियमानुसार भी पेंशन वेतन का ही अभिन्न भाग है। ऑल राजस्थान राज्य वित्त पोषित पेंशनर्स फेडरेशन द्वारा, 3 फरवरी को जयपुर में पिक सिटी प्रेस क्लब में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित जाएगी जिसमें राज्य के सभी राज्य वित्तपोषित विश्वविद्यालयों की समस्या तथा समाधान के बारे में चर्चा की जाएगी द्य तत्पश्चात बजट से पूर्व राज्य सरकार के रुख के आधार पर आगे आंदोलन की रणनीति घोषित की जाएगी आज प्रदर्शन धरना स्थल पर भारी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे द्यधरने के उपरांत कुलपति को एक पत्र दिया जाना था लेकिन कुलपति और रजिस्ट्रार के उपलब्ध नहीं होने से वित्त अधिकारी सोलंकी को मुख्यमंत्री के नाम का पत्र पेंशनर्स को शीघ्र राहत प्रदान करने के लिए दिया गया कुलपति जी ने फोन पर वार्ता करआश्वस्त किया कि इस पत्र को आज हीअपनी टिप्पणी के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय भेज दिया जाएगा। अध्यक्ष प्रोफेसर रामनिवास शर्मा, डा लोकेंद्र सिंह शक्तावत सचिव,जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय पेंशनर्स सोसाइटी जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय पेंशनर्स सोसाइटी आदि उपस्थित रहे।

# गैजेट्स न बिगाड़ दें सेहत



इन दिनों हम हर वक्त किसी न किसी गैजेट से खुद को घिरा पाते हैं। ये गैजेट्स भले ही हमारी जिंदगी का हिस्सा बन चुके हैं, लेकिन हम इनकी वजह से कब बीमारियों से घिर जाते हैं, पता ही नहीं चलता। इनके प्रभाव से कैसे करें अपना बचाव, बता रहे हैं पंकज घिल्डियाल

## कंप्यूटर/लैपटॉप

आज कंप्यूटर के सामने बैठ कर काम करना मजबूरी भी है और कहीं-कहीं लत भी। इसके अधिक इस्तेमाल के कारण कई बार सेहत पर इसके दुष्प्रभाव भी देखने को मिलते हैं, जैसे शारीरिक सक्रियता का कम होना, नींद में कमी या स्लीप पैटर्न का गड़बड़ा जाना आदि। वहीं लैपटॉप के कारण गर्दन में दर्द एक बड़ी बीमारी के रूप में उभर कर सामने आ रहा है। की-बोर्ड के नजदीक होने से झुकना पड़ता है। इससे गर्दन में खिंचाव होता है, जिससे दर्द होता है। कभी-कभी डिस्क भी खिसक जाती है।

## टेलीविजन और लाइफ स्टाइल

क्या बच्चे, क्या बड़े, लोग घंटों टेलीविजन के सामने बैठ कर समय व्यतीत करते हैं। एक लेख के अनुसार लोगों द्वारा हर घंटे देखे गये टीवी से उनका जीवनकाल 22 सेकंड कम हो जाता है। हर भारतीय एक सप्ताह में औसतन 15-20 घंटे टीवी देखता है। कई शोधों में यह बात सामने आई है कि टीवी के सामने हर रोज दो घंटे बिताने से टाइप 2 डायबिटीज और दिल की बीमारियों का खतरा 20 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।



## वाईफाई/सेलफोन

अनेक अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि वायरलेस उपकरणों से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक तरंगें कैंसर का कारण बनती हैं और मस्तिष्क को नुकसान पहुंचाती हैं। स्वीडन में हुए एक अध्ययन के अनुसार, जो लोग 20 वर्ष से कम उम्र में मोबाइल फोन का उपयोग शुरू कर देते हैं, उनमें ब्रेन कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। युवा आमतौर पर मोबाइल फोन से संगीत का आनंद उठाते हैं, लेकिन 85 डेसिबल से अधिक तेज ध्वनि किसी की भी सुनने की क्षमता को हमेशा के लिए खत्म कर सकती है। स्टीरियो हेडफोन से निकलने वाली तरंगें 100 डेसिबल तक पहुंच जाती हैं।

## वीडियो गेम

वीडियो गेम में बच्चों का जबरदस्त क्रेज है। घंटों वीडियो से चिपके रहना सामान्य बात है। अधिक समय तक वीडियो गेम खेलने से बच्चों पर कई नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। बच्चे जहां अधिक आक्रामक हो रहे हैं, वहीं दोस्तों से झगड़ना, आंखों की रोशनी कम होना, मोटापा बढ़ना आदि बहुत से प्रभाव देखने को मिल रहे हैं।

## गुस्सैल न हो जाए आपका स्वभाव

लंदन यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च के मुताबिक, जो लोग कंप्यूटर पर 4 घंटे या उससे ज्यादा समय बिताते हैं, उन्हें अन्य लोगों के मुकाबले दिल की समस्या होने की आशंका 125 फीसदी अधिक रहती है। रिसर्च में यह भी पता चला है कि कंप्यूटर पर ज्यादा समय बिताने वालों को मृत्यु का खतरा अन्य लोगों के मुकाबले 45 फीसदी ज्यादा होता है। इसी तरह अगर आप रोजाना मोबाइल पर 4 घंटे से ज्यादा बात करते हैं तो आपका स्वभाव गुस्सैल हो जाता है। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी बर्कले की एक स्टडी पर गौर करें तो 70 प्रतिशत से अधिक कंप्यूटर यूजर्स को कंप्यूटर चश्मे की जरूरत पड़ती है।

## दुष्प्रभाव से कैसे बचें

कंप्यूटर या लैपटॉप पर काम करते हुए हर दो घंटे के बाद एक ब्रेक लें या हर आधे घंटे के बाद दो-तीन मिनट के लिए अपनी आंखों को कंप्यूटर से हटा लें।

वीडियो गेम खेलने का समय और अवधि निर्धारित करें। कंप्यूटर के सामने बैठते समय हमारी पीठ सीधी हो, खासकर रीढ़ की हड्डी।

कंप्यूटर की स्क्रीन आंखों से 15 डिग्री नीचे की तरफ होनी चाहिए।

स्क्रीन से आंखों की दूरी दो फुट होनी चाहिए।

टीवी कभी भी अंधेरे में न देखें, वहां हमेशा पर्याप्त रोशनी बनाए रखें।

विशेषज्ञों का मानना है कि करीब 1 घंटा मोबाइल फोन के इस्तेमाल से मस्तिष्क में ग्लूकोज का संतुलन बिगड़ सकता है।

हमेशा बड़ी स्क्रीन के लैपटॉप का इस्तेमाल करें। इसके उपयोग से पॉश्चर पर ज्यादा दबाव नहीं आता।

लैपटॉप की स्क्रीन आंखों के समान लेवल या एंगल पर होनी चाहिए, ताकि आपको अपनी आंखें स्क्रीन पर रखने के लिए गर्दन को घुमाना या मोड़ना न पड़े।

## मोबाइल फोन में बैक्टीरिया!

एक रिसर्च में पाया गया है कि मोबाइल फोन में टॉयलेट के फ्लश हैंडल से औसतन 18 गुना ज्यादा हानिकारक बैक्टीरिया होते हैं। इनकी वजह से पेट में गंभीर बीमारियां होने की आशंका रहती है। रिपोर्ट में पाया गया है कि ब्रिटेन में इस्तेमाल किए जा रहे मोबाइल फोन्स के 6.3 करोड़ में से 1.47 करोड़ यूजर्स को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पाई गई हैं।

# आर्थोस्कोपिक सर्जरी दूर होंगी कंधे से जुड़ी समस्याए

क्रिकेट, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, कराटे जैसे खेलों में युवाओं की बढ़ती गतिविधियों के कारण देश के युवा वर्ग की जीवन-शैली भी तेजी से बदल रही है। इससे स्वास्थ्य समस्याओं की पहले से ही लंबी सूची में जोड़ों के लिगामेंट
टूटने, मांसपेशियों से संबंधित दिक्कतें, हड्डियों के कार्टिलेज खराब होने जैसी कई परेशानियां जुड़ गई है।

युवाओं में कंधे का डिसलोकेशन (कंधे का अपने नियत स्थान से खिसक जाना) और इससे जुड़ी दूसरी बीमारियां और मध्य आयु (मिडिल एज) के लोगों व बुजुर्गों में फ्रोजन शोल्डर (कंधा जाम होना या कंधा घुमाने में
दर्द होना) और शोल्डर रोटेटर कफ टीयर (सिर के ऊपर वस्तु उठाने में दिक्कत होना) नामक रोग अब तेजी से बढ़ रहे हैं। अतीत में लोग इन समस्याओं को बर्दाश्त कर लेते थे और जीवन-शैली से समझौता कर लेते थे।


ऐसा इसलिए, क्योंकि तब एक ही विकल्प उपलब्ध था- बड़ी ओपन सर्जरी। इस सर्जरी की सबसे बड़ी समस्या यह थी कि इससे कंधे का मूवमेंट सीमित हो जाता था, लेकिन वर्तमान दौर में लोगों की अपेक्षा रहती है कि
कंधे का मूवमेंट सीमित न रहे। वर्तमान दौर में आज एमआरआई जांच और आर्थोस्कोपिक
सर्जरी के जरिये कंधे से संबंधित उपर्युक्त रोगों का इलाज कारगर ढंग से संभव है।

## 'की होल' सर्जरी

अब 'की होल' सर्जरी द्वारा छोटे चीरे से ही इस समस्या का अच्छी तरह इलाज किया जा सकता है। इससे न सिर्फ जटिलताएं कम होती हैं बल्कि परिणाम भी अच्छा हासिल होता है। साथ ही, स्वास्थ्य-लाभ (रिकवरी) भी काफी तेज होता है। कंधों के इलाज के लिए अतीत में देश के क्रिकेटर विदेश जाते रहे हैं। अब यह सब कुछ भारत में किया जा रहा है।

## युवाओं की समस्याएं

युवाओं में कंधे की जो समस्याएं सबसे आम हैं, उनमें एक है कंधे का बार-बार अपने नियत स्थान से हट जाना। इस स्थिति को शोल्डर डिसलोकोशन कहते हैं। यह समस्या कंधे की संरचना के कारण है, क्योंकि कंधे का जोड़ (ज्वाइंट) एक अस्थिर जोड़ है। इसमें बॉल बड़ी और सॉकेट छोटा है। इसलिए एक बार कंधा डिसलोकेट हो जाए तो 10 में से 7 मामलों में




इसके फिर ऐसा होने की संभावना रहती है। पहले इस तरह की समस्याओं का कारण ही नहीं पता चलता था क्योंकि जांच के दौरान आमतौर पर कोई चिकित्सकीय संकेत नजर नहीं आता था। मरीज इनके साथ ही जीना सीख जाता था। आज एमआरआई और सी टी स्कैन से कंधे की संरचनात्मक जांच और आर्थोस्कोपिक सर्जरी से ज्यादातर मामलों में एनाटॉमिक रिपेयर या एनाटॉमिक रिकंस्ट्रक्शन द्वारा सफल निदान संभव है।

## मिडिल एज की समस्याएं

मध्य आयु (मिडिल एज) के लोगों और खासकर डाइबिटीज के रोगियों में कंधा अक्सर सख्त या जाम हो जाता है। इसे फ्रोजन शोल्डर कहा जाता है। यह पीड़ित व्यक्ति के कार्यों को सीमित करने वाली बीमारी है और मरीज अक्सर करीब एक साल में पूरी तरह ठीक हो जाते हैं। कंधे के बीच कॉर्टिसोन (स्टेरॉयड) इंजेक्ट करके ठीक होने की अवधि को कम किया जा सकता है, लेकिन कंधे से संबंधित गंभीर मामलों में आर्थोस्कोपिक सर्जरी जरूरी हो जाती है।

मध्य आयु के और बुजुर्ग लोग कफ डिजीज से भी ग्रस्त होते हैं। कफ मांसपेशियों का एक समूह है, जो कंधे के मूवमेंट को नियंत्रित करता है। यह सिर से कंधे के ऊपर तक जाता है और अक्सर हड्डियों के बीच दब जाता है, जो कभी-कभी फट जाता है। इसे रोटेटर कफ टीयर कहते हैं। इस समस्या का सफल उपचार आर्थोस्कोपिक सर्जरी है।

## सर्जरी के फायदे

आर्थोस्कोपिक सर्जरी कंधे की %की-होल% सर्जरी है, जहां जोड़ के अंदर के हिस्से को पेंसिल के आकार के एक पतले टेलीस्कोप से देखा जाता है। टेलीस्कोप से एक छोटा वीडियो कैमरा जुड़ा होता है और इस तरह जोड़ के अंदर का हिस्सा टीवी स्क्रीन पर देखा जा सकता है। यह सब एनेस्थेसिया देने के बाद दो या तीन छोटे सुराख के जरिए किया जाता है। चीरा या टांका लगाने की आवश्यकता नहीं होती। ऑपरेशन के बाद की अवधि में कम से कम असुविधा होती है और मरीज जल्दी ठीक हो जाता है। मरीज को सिर्फ एक दिन अस्पताल में रहना पड़ता है और वह हल्की पट्टी लगाकर घर आ सकता है।

सप्ताह भर के बाद कई पट्टियां हट जाती हैं और मरीज को प्रेरित किया जाता है कि वह कंधे को हिलाए। फिजियोथेरेपी से वापस हिलाने की ताकत और क्षमता हासिल करने में सहायता मिलती है।


# ऐसे में न जाएं जिम

जिम में सभी फिट रहने के लिए जाते हैं, पर क्या आप जानते हैं कि जिम जाने से शरीर को नुकसान भी पहुंच सकता है? किन-किन स्थितियों में जिम जाने से बचना चाहिए, बता रही हैं।

जिम जाएं सेहत बनाने के लिए, न कि सेहत को नुकसान पहुंचाने के लिए। आपकी उम्र कम या अधिक है या आप गर्भवती हैं या फिर आप अक्सर दोपहर में जिम जाते हैं तो तुरंत सावधान हो जाएं।

### अगर 14 साल से कम उम्र है

जिम 14 साल की उम्र के बाद ही जाना चाहिए। 14 वर्ष से कम उम्र में जिम में व्यायाम करने से बच्चों के शरीर को क्षति पहुंच सकती है, क्योंकि कम आयु में बच्चों की हड्डियां बहुत संवेदनशील होती हैं। उनकी मांसपेशियां और नसें भी नरम होती हैं। ऐसे में उन्हें जिम में हार्ड वर्कआउट करना नुकसानदायक होता है। यह शरीर के विकास पर भी बुरा असर डाल सकता है। इतना ही नहीं, यदि 15 से 20 वर्ष की उम्र में जिम जाना शुरू कर रहे हैं तो अपना बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) जरूर जांच करवा लें और उसके बाद डॉक्टर से सलाह लेकर ही जिम में एक्सरसाइज की शुरुआत करें।



### दोपहर के समय जिम नहीं

जिम जाने के लिए बेहतर समय तो सुबह का ही है, पर आज की व्यस्त जीवनशैली में लोग अपनी सहूलियत के मुताबिक जिम जाने लगे हैं। कोई सुबह जाता है तो कोई शाम को और कोई रात को। अगर आप सुबह वक्त नहीं निकाल पा रहे हैं तो शाम और रात का समय जिम में वर्कआउट के लिए फिर भी ठीक है, लेकिन दोपहर लगभग बारह बजे से चार बजे तक जिम जाने से बचें। इस समय आपका शरीर वर्कआउट के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं होता। अगर रात को आप खाना देर से खाते हैं तो ही रात को जिम जाएं और खाना खाने के बाद जिम में एक्सरसाइज बिलकुल न करें।

### गर्भवती या मासिक धर्म होने पर

फिटनेस फिएस्टा की कोच गीता चौधरी बताती हैं कि महिलाओं के लिए जिम जाना अच्छा होता है। इससे भविष्य में उनकी सेहत को फायदा होता है, लेकिन गर्भवती महिलाओं को जिम जाने से गुरेज करना चाहिए। इसकी अपेक्षा वह योग या अन्य हल्के व्यायाम डॉक्टर से सलाह ले कर करें। इसके अलावा डिलीवरी होने के बाद भी पांच महीने तक जिम न जाएं। उसके बाद अपनी डिलीवरी रिपोर्ट जिम इंस्ट्रक्टर को दिखा कर उनकी सलाह के अनुसार जिम में व्यायाम शुरू करें। महिलाओं को मासिक धर्म के समय भी जिम नहीं जाना चाहिए, बल्कि मासिक धर्म का दर्द शुरू होने पर भी जिम न जाएं। उस समय महिलाओं में रक्त संचार तेज होता है, जिसमें जिम की एक्सरसाइज से महिलाओं को काफी परेशानी होती है। उन्हें कमजोरी महसूस हो सकती है, चक्कर आ सकते हैं।

### 45 पार कर गए तो

लगभग 45 की उम्र के बाद शरीर की शक्ति कम हो जाती है, साथ ही हड्डियां भी कमजोर होने लगती हैं। इस अवस्था में जिम में व्यायाम करने पर कई तरह की परेशानियां शरीर को सताती हैं। ऐसे में जिम सोच-समझ कर ही जाएं। यदि आप पहले से जिम नियमित तौर पर जाते रहे हैं तो 60 वर्ष की आयु तक भी जिम जा सकते हैं, क्योंकि ऐसे में शरीर में पहले ही स्ट्रेंथ बन जाती है।

### कमर या पैर की तकलीफ में

कमर या पैर संबंधी गंभीर रोग या परेशानी होने पर जिम से परहेज करें। यही नहीं, किसी भी तरह की अंदरूनी बीमारी जैसे अटैक्स, पथरी आदि में भी जिम का व्यायाम नुकसानदायक हो सकता है। हो सके तो ऐसी परिस्थितियों में जिम को नजरअंदाज ही करें या अपने डॉक्टर की सलाह के बाद ही जिम में वर्कआउट करें।

## नांगल में वार्डों का परिसीमन में छोटे वार्ड बनाने के लिए उपखंड कार्यालय पर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया



राजस्थान दर्शन

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** उदयपुरवाटी के निकटवर्ती नांगल पंचायत के बड़े वार्डो का परिसीमन करके छोटे वार्ड बनाने के लिए उपखण्ड अधिकारी को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया है कि नांगल के वार्ड नम्बर 01 ओर वार्ड नंबर 11 बड़े वार्ड है जिसको परिसीमन में तीन वार्ड ओर बनाने की मांग की। वार्ड नंबर 01 ओर वार्ड नंबर 11 जनसंख्या ओर मतदाता की दृष्टि से बड़े वार्ड है ज्ञापन में बताया गया है की दोनों वार्ड बड़े होने के कारण विकास कार्य भी प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन देने वालों में एडवोकेट ताराचंद नांगल, महेन्द्र सैनी, बनवारी लाल सैनी, भेरू राम सैनी, राकेश सैनी, अशोक सैनी, दिनेश सैनी ओर प्रमोद सैनी आदी के हस्ताक्षर है

## विद्यारम्भ संस्कार व सरस्वती नव कुण्डीय महायज्ञ 2 फरवरी को

राजस्थान दर्शन

**दांतारामगढ़ (सीकर)।** श्री बद्रीनारायण भैरवदत्त खेतान उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर दांता में 2 फरवरी को बसन्त पंचमी के पावन अवसर पर विद्या एवं संगीत की देवी माँ शारदा के प्राकट्य के दिन विद्यालय के बालकों द्वारा नवकुण्डीय महायज्ञ का आयोजन होगा। भारतीय संस्कृति एवं परम्परा के अनुसार 3 से 5 वर्ष तक के बच्चों का विद्यालय में प्रथम प्रवेश विद्यारम्भ संस्कार से किया जाएगा।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए अलवर से जाएंगे भाजपा के नेता

राजस्थान दर्शन

**अलवर।** दिल्ली विधानसभा चुनाव फतह करने के लिए भाजपा पूरी ताकत लगा रही है। हर दृष्टि से माहौल अपने अनुकूल किया जा रहा है। यही माहौल बनाने के लिए अलवर से भी कई नेताओं को दिल्ली चुनाव के लिए लगाया गया है दिल्ली विधानसभा चुनाव फतह करने के लिए भाजपा पूरी ताकत लगा रही है। हर दृष्टि से माहौल अपने अनुकूल किया जा रहा है। यही माहौल बनाने के लिए अलवर से भी कई नेताओं को दिल्ली चुनाव के लिए लगाया गया है, जो 31 जनवरी व एक फरवरी को दिल्ली पहुंचेंगे। दिल्ली चुनाव में अलवर सांसद एवं केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। इसी कड़ी में यहां से कई नेताओं को दिल्ली बुलाया गया है। अलवर उत्तर के जिलाध्यक्ष महा सिंह चौधरी व दक्षिण जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता को लगाया गया है। इनके अलावा उत्तर से उपाध्यक्ष रमेश रावत, दक्षिण से उपाध्यक्ष हरिशंकर खंडेलवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय नरुका को लगाया गया है। पूर्व विधायक जयराम जाटव भी पार्टी के पक्ष में माहौल बनाएंगे। इनके अलावा भी कई नेताओं की ड्यूटी लगाई गई है, जो 5 फरवरी तक दिल्ली में ही डेरा डाले रहेंगे।

## छापोली राजस्व ग्राम कृष्णनगर को पंचायत बनाने को लेकर उप खंड अधिकारी को सोपा ज्ञापन

### राजस्व ग्राम कृष्ण नगर को पंचायत बनाने की मांग



राजस्थान दर्शन

**सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी।** निकटवर्ती छापोली पंचायत के राजस्व ग्राम कृष्ण नगर को पंचायत बनाने को लेकर वहां के लोगों ने शुक्रवार को उदयपुरवाटी उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सोपा द्य ज्ञापन में लिखा गया है कि राजस्व ग्राम कृष्ण नगर में सभी सरकारी कार्यालय मौजूद हैं जबकि सिर्फ और सिर्फ पंचायत भवन नहीं है द्य अतः सरकारी गाइडलाइन के अनुसार राजस्व ग्राम कृष्ण नगर अलग ग्राम पंचायत के गठन के सभी मापदंड पूरे करता है द्य ज्ञापन में आगे लिखा गया है कि छापोली के राजस्व ग्राम कृष्ण नगर में सभी जाति के लोग निवास करते हैं द्य इस दौरान बाबूलाल यादव, प्रकाश यादव, सरवन कुमार यादव, चुन्नीलाल गुर्जर,रोहिताश यादव, सांवरमल, प्रकाश, रामनरेश, शीशराम, छोटू राम ,मामराज यादव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे

## विट्ठल व नामदेव भगवान की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कल, कलश यात्रा आज

राजस्थान दर्शन

**दांतारामगढ़।** दांता कस्बे में शिव मठ छतरियों के पास नवनिर्मित श्री विट्ठल भगवान एवं संत श्री नामदेव मन्दिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। श्री विट्ठल नामदेव दर्जी छीपा समाज दांता के पदाधिकारियों ने बताया कि मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में कलश यात्रा शनिवार को प्रातः 9.15 बजे बागवाली बगीची से शुरू होगी। हवन यज्ञ प्रातः 11.15 बजे शुरू होंगे एवं सुन्दर काण्ड सायं 8.15 बजे शुरू होगा। मूर्ति नगर भ्रमण रविवार प्रातः 8.15 बजे एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा रविवार मध्याह्न 12.15 बजे की जायेगी। प्रसादी वितरण मध्याह्न 02.15 बजे की जायेगी।



### दिल्ली से बच्चे का किडनैप कर अलवर लाया साधु

# आधार कार्ड से बच्चे के रिश्तेदार का पता लगा और परिजनों तक पहुंचे

राजस्थान दर्शन

**अलवर।** दिल्ली से सात साल के बच्चे का किडनैप कर साधु अलवर लेकर आ गया। उसे मंदिरों में घूमता रहा। उससे ढाबे में बर्तन साफ करवाए। बच्चे को कहा- जमीन तेरे नाम कर दूंगा। ' इस बीच बच्चा खैरथल रेलवे स्टेशन पहुंच गया। उसे अकेला देखकर पुलिस ने पकड़ा और पूछताछ के बाद हॉस्टल में रखा। अब करीब 2 साल बाद उसके माता-पिता का पता चला। बाल अधिकारिता विभाग की टीम ने मोबाइल पर उसके परिजनों से बात करवाई। अपने बेटे को देखते ही मां बिलखने लगी और बोलने लगी- 'मेरे बेटे को अब किसी को मत दे देना, हम आ रहे हैं।' माता-पिता आज बेटे को लेने अलवर आए। मूल रूप से बिहार के रहने वाले अरविंद शर्मा और कामिनी शर्मा बेटे आदर्श को लेने अलवर आए हैं। उन्होंने



बताया- वे दिल्ली में लकड़ी का काम करते हैं। बच्चा भी उनके साथ दिल्ली ही रहता था, जिसका 19 मार्च 2023 को किडनैप हो गया था। दिल्ली में मुकंदपुर के मच्छी मार्केट के पास से एक साधु नशीली दवा सूंघाकर बच्चे को उठाकर ले गया था। उसकी हर दिन तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। पिता बोले- हर दिन काम पर जाने से पहले सब्जी मंडी जाकर बेटे को तलाशते थे। ऐसा लगता था कि कहीं आसपास गुम हो गया है। रास्ता भटक गया। हो सकता है सब्जी मंडी में मिल जाए। लेकिन नहीं मिला। बहुत बार तो बेटे की याद में काम छोड़कर घर आ जाता था। फिर कहीं ढूंढने निकल जाता था। इसी तरह बेटे की मां भी ढूंढ़ती रहती थी। अब बाल अधिकारिता विभाग, अलवर की टीम का फोन आने पर बेटे का पता चला। बच्चे आदर्श ने बताया- वे 5 भाई-बहन है। उसे इतना याद है कि अपने दोस्तों के साथ घर से कुछ दूर खेल रहे थे। तब एक साधु आया था। उसने उसे पकड़ लिया और कुछ संुघाया। कई जगहों और मंदिरों में लेकर आया। वो कहता था- 'तेरे नाम जमीन करा दूंगा। मेरे साथ ही रहना है।' ढाबों पर बर्तन धुलवाता था। पैसे अपने पास रखता था। भूखा रखता था। बाल अधिकारिता विभाग, अलवर की टीम के प्रमुख रविकांत ने बताया- बच्चा खैरथल रेलवे स्टेशन पर 10 अप्रैल 2023 को मिला था। पुलिस से जानकारी मिलने के बाद बच्चे को भूरासिद्ध स्थित हॉस्टल में रखा। बच्चे के परिवार का पता लगाया जा रहा था लेकिन कोई क्लू हाथ नहीं लग रहा था। इस पर आधार कार्ड के जरिए पता लगाया। आधार कार्ड से बच्चे के रिश्तेदार का पता लगा और परिजनों तक पहुंचे। टीम ने मां-बेटे की वीडियो कॉल पर बात कराई। बेटे को देखकर मां रोने लगी। बोलने लगी कि, 'मेरे बेटे किसी को मत दे देना, हम आ रहे हैं।' आज बच्चे को लेने माता-पिता अलवर आए।

## अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

### 'उमंग 2025' में अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन का उत्कृष्ट प्रदर्शन



राजस्थान दर्शन

**कोटा।**कोटा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव 'उमंग-2025' में अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम मुख्य अतिथि न्यू मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. संगीता सक्सेना रही और विशिष्ट अतिथि इण्डियन रेडक्रॉस के स्टेट चैयरमेन राजेश कृष्ण बिरला थे। कार्यक्रम का संचालन डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नीलू चौहान द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. कैलाश सोडानी, रजिस्ट्रार डॉ. भावना शर्मा एवं अन्य गणमान्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### इन प्रतियोगिताओं में मारी बाजी

अकलंक विद्यालय एसो.अध्यक्ष पीयूष बज व महामंत्री ?अनिमेष जैन ने बताया कि अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक उत्सव 'उमंग 2025' में अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ललित कला श्रेणी में आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में प्रियल मेहरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साहित्यिक श्रेणी की वाद-विवाद प्रतियोगिता में खुशी जैन ने प्रथम स्थान हासिल किया। संगीत प्रतियोगिता में महक पचेरिया, सीमा रावत, खुशबू गोचर, दिव्या अवस्थी, सीमा रावत और हर्षिता मीणा की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।ऑन स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में वैष्णवी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी हिसार (हरियाणा) में आयोजित अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में कोटा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह

## जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने बताया यातायात नियमों का महत्व



राजस्थान दर्शन

**अरुण कुमार/झुंझुनूं।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह शुक्रवार को जिला परिवहन कार्यालय में जिला कलक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में हुआ । जिला कलेक्टर मीणा ने यातायात नियमों के महत्व के बारे में बताते हुए उनका पालन करने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर एवं विशिष्ट अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनियां, पीडब्ल्यूडी एसई महेन्द्र सिंह झाझड़िया, जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह रहे। जिला परिवहन अधिकारी डॉ. मक्खन लाल जांगिड़ ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान की गई विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने "2-डी फॉर्मूले" (प्रथम डी डॉक्टर और द्वितीय डी ड्राइवर) के माध्यम से सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाया और आमजन से यातायात नियमों की पूर्ण पालना करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के दुष्परिणामों से बचने के लिए ड्राइवरों को पूरी सतर्कता से वाहन चलाना चाहिए, जैसे एक डॉक्टर अपने कार्य में सतर्क रहता है। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला परिवहन कार्यालय के कर्मचारी, परिवहन निरीक्षक रोहिताश भगासरा, सुमित कुमार, गजेन्द्र सिंह, राकेश कुमार खारिया, पंकज कुमार, राधेश्याम जांगिड़, अरविन्द कुमार, संदीप कुमार, अभिलाषा और अन्य स्टाफ सहित बड़ी संख्या में आमजन और विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भावना शर्मा ने किया।

## 5 फरवरी से ग्राम पंचायतों में लगेंगे किसान रजिस्ट्री शिविर



राजस्थान दर्शन

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में जिले में 5 फरवरी से आयोजित होने वाले किसान रजिस्ट्री शिविर की तैयारियों के संबंध में बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में 5 फरवरी से 31 मार्च तक प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर तीन दिवसीय किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन जाएगा। इन कैम्पों के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि विभागीय समन्वय स्थापित कर शिविरों की सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों सहित उपखण्ड अधिकारियों एवं विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों में किसान रजिस्ट्री (किसान आईडी) बनाई जाएगी जो कि किसान की एक यूनिक पहचान होगी जिसमें किसान के जनसांख्यिकीय विवरण, स्वामित्व वाली भूमि का विवरण, बोई गई फसलों का व्यापक तथा उपयोगी डेटा होगा। यह रजिस्ट्री किसान के आधार कार्ड से जुडी होगी। इसके लिए किसानों को शिविर में अपना आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल फोन एवं नवीनतम जमाबंदी नकल साथ में लानी होगी। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने बताया कि किसान रजिस्ट्री से पीएम किसान/सीएम किसान सम्मान निधि के साथ-साथ अन्य सरकारी योजनाओं, सब्सिडी और बीमा का लाभ उठाने के लिए किसान आईडी पंजीकरण आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिये कि इस कार्य के साथ-साथ इन शिविरों में आयुष्मान कार्ड ईकेवाईसी, घुमन्तु परिवारों को पट्टे की कार्यवाही के कार्य, मनरेगा के फार्म, पीएम आवास की बकाया किश्त, श्रम विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग व फसल बीमा की पॉलिसी आदि का भी वितरण किया जाएगा।

## पिछली सरकार की उपलब्धियां गिनवाकर क्रेडिट लेने का प्रयास कर रही है भाजपा सरकारः नेता प्रतिपक्ष जूली

राजस्थान दर्शन



**अलवर।** राजस्थान विधानसभा में बजट सत्र की शुरुआत में हुए राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सरकार को उपलब्धियां गिनाने में अभिभाषण में बहुत मेहनत नहीं करनी पड़ी क्योंकि ये हमारी सरकार की उपलब्धियां गिना दी गईं। सोशल सिक्योरिटी पेंशन, इन्दिरा रसोई की थालियों की संख्या, नए मेडिकल कॉलेज खोलने, नर्सिंग कॉलेज खोलने, निशुल्क दवाएं, निशुल्क जांच, स्वास्थ्य बीमा, तमाम इंफ्रास्ट्रक्चर वर्क्स, आई-स्टार्ट स्टार्ट अप को सीड फंडिंग, 18 जिलों में दिन में कृषि बिजली, हर विधानसभा में 10 करोड़ रु की नॉन पैचेबल और मिसिंग लिंक सडक़ें, जैसी उपलब्धियां कांग्रेस सरकार की हैं जिन्हें राज्यपाल ने बताया। जूली ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस सरकार ने राज्यपाल के मुख से कई ऐसी बातें कहलवाईं जो सच नहीं हैं। राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद से राजनीतिक बातें इस सरकार ने करवाईं जो दिखाता है कि उनके पद की गरिमा का भी ध्यान नहीं रखा। इस अभिभाषण में ऐसा लगा कि सरकार ने खुद के काम बताने की बजाय अनावश्यक रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम लेकर उनके सामने नंबर बनाकर अपनी गद्दी सुरक्षित करने की कोशिश की है। जूली ने कहा एक तरफ 350 बिलियन डॉलर इकॉनमी प्रदेश को बनाने की बातें हो रही हैं और प्रदेश का कर्ज 6 लाख करोड़ रु से पार हो गया है।राज्य का राजस्व कम हो रहा है और कर्ज एवं राजकोषीय घाटा बढ़ता जा रहा है यह अपने आप में विरोधाभासी है।

## सूर्य सप्तमी महोत्सव पर होगा भगवान सूर्य नारायण का अलौकिक फूलों से श्रृंगार

राजस्थान दर्शन

सुमेर सिंह राव/उदयपुरवाटी। निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम में 4 फरवरी को सूर्य सप्तमी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा द्य. सूर्य सप्तमी महोत्सव पर भगवान सूर्य नारायण का बंगाली फूलों से श्रृंगार किया जाएगा द्य इसी महीने 4 फरवरी को आयोजित होने वाली सूर्य सप्तमी महोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है द्य सूर्य मंदिर के श्रीमद् जगतगुरु रामानुजाचार्य श्री लोहार्गल पीठधीपति महंत स्वामी अवधेशाचार्य महाराज ने हमारे उदयपुरवाटी संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि 2 फरवरी को सूर्य ध्वज पूजन, नवग्रह स्थापना पूजन ,सर्व विग्रह महा अभिषेक, सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार, सामूहिक आदित्य हृदय स्तोत्र पाठ एवं 3 फरवरी को पूर्वाचार्य समाधि स्थल पूजन, सूर्य मंडल आराधना अभिमंत्रित कवच, एवं सूर्य महायज्ञ का आयोजन होगा आगामी 4 फरवरी को सूर्य महा अभिषेक, छप्पन भोग की झांकी, बंगाली फूलों से भगवान सूर्य नारायण का श्रृंगार एवं सूर्य महा आरती का आयोजन होगा द्य महाराज श्री से मिली जानकारी के अनुसार 4 फरवरी को भजन अमृत वर्षा संत समागम एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी होगा जिसमें आए हुए श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे

## रेडी रेकनर की दरों में वृद्धि का अग्रवाल मारवाडी चेंबर का कड़ा विरोधः राजेश अग्रवाल

### रेडी रेकनर दरों की हर पांच वर्षों में की जाए समीक्षा; कन्स्ट्रक्शन व्यवसाय को दिया जाए उद्योग का दर्जा

राजस्थान दर्शन

**पुणे।** आज देश भर में जमीनों के दाम आसमान छू रहे हैं। साथ ही स्टील, सीमेंट और निर्माण व्यवसाय के लिए लगने वाले सामान पर भारी जीएसटी के चलते घर खरीदना सामान्य और मध्यवर्ग के लिए केवल एक सपना ही बनकर रह गया है। इस स्थिति में रेडी रेकनर के दरों में लगभग 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि करने पर महाराष्ट्र सरकार विचार कर



रही है। ऐसा होने पर खुद का घर लेना मध्य वर्ग के लिए और भी मुश्किल हो जाएगा। इसलिए इस वर्ष सरकार रेडी रेकनर के दरों में कोई वृद्धि ना करें तथा स्टाम्प ड्यूटी में 50 प्रतिशत की छूट दी जाए, ऐसी मांग अग्रवाल मारवाडी चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज ॲन्ड एज्युकेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने की है। इसके साथ ही कन्स्ट्रक्शन व्यवसाय को केंद्र सरकार की ओर से उद्योग का दर्जा दिया जाए तथा कन्स्ट्रक्शन व्यवसाय को लगने वाले सभी परमिशन एक ही जगह पर जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए। इससे देश के कन्स्ट्रक्शन व्यवसाय को एक नयी ऊर्जा प्राप्त हो सकती है, ऐसी जानकारी भी राजेश अग्रवाल ने दी। राजेश अगरवाल ने आगे बताया कि, आज निर्माण क्षेत्र में लगने वाली विभिन्न सामग्री सीमेंट, लोहे और अन्य वस्तूओं सरकार द्वारा पर भारी मात्रा में जीएसटी लगाया गया है, जिसे कम करने की काफी जरुरत है। इन वस्तूओं पर केवल 5 प्रतिशत ही जीएसटी होना चाहिए। जिससे घरों की कीमतों में कुछ हद तक ग्राहकों को राहत मिल सकती है और घरों की खरीद में इजाफा हो सकता है, जिसके चलते हर एक व्यक्ति को उसका खुद का घर मिलने के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के जो प्रयास है, उसे और गति मिल सकती है। घर खरीदने पर जनता को आज स्टाम्प ड्यूटी अलग से भरनी पड़ती है, जिसका बोझ बड़ी मुश्किल से घर खरीदने वाले आम जनता पर पड़ता है। ऐसी स्थिती में लोगों के घरों का सपना पूरा कैसे हो सकता है? इस वास्तविकता को देखते हुए सरकार को चाहिए कि, इस वर्ष रेडी रेकनर के दरों में कोई वृद्धि ना करें। इसके साथ ही कम से कम पांच वर्षों तक इन दरों में वृद्धि ना की जाए तथा हर पांच वर्ष के पश्चात इसमें मात्र पांच प्रतिशत की ही वृद्धि की जाए, ऐसी मांग राजेश अगरवाल ने रखी।

### निर्माण व्यवसाय को दिया जाए उद्योग का दर्जा

आज देश में निर्माण व्यवसाय एक प्रमुख व्यवसाय बन गया है। देश की जीडीपी में बड़ा योगदान देने के साथ-साथ रोजगार दिलाने में यह व्यवसाय काफी अहम रोल अदा करता है। ऐसे महत्वपूर्ण व्यवसाय को उद्योग का दर्जा दिलाना आज काफी जरुरी हो गया है। अग्रवाल मारवाडी चेंबर पीछले कई वर्षों से यह मांग बार-बार उठाता रहा है। निर्माण व्यवसाय को उद्योग का दर्जा देने से इस व्यवसाय में और भी ज्यादा वृद्धि होगी और देश के करोड़ों लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी राव संजय सिंह के लिए क्रैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, सी- 565- सी, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड, जयपुर- 302013 (राजस्थान) से मुद्रित एवं ए-11, प्रथम मंजिल, करधनी शोपिंग सेंटर, हरीमार्ग, मालवीय नगर, जयपुर- 302017 से प्रकाशित।
संपादकः कमलेश सिंह, एच- 6, नंदपुरी कॉलोनी, मालवीय नगर, जयपुर- 302017, फोन न- 0141-48199557 मो. 9166693566 E-mail rdnewsjaipur@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर होगा ( * पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)

# दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार में पीएम मोदी का आप पर बड़ा हमला, पहले कांग्रेस फिर आप-दा को झेला, यहां डबल इंजन की सरकार चाहिए तो भाजपा को जिताइए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

5 फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सभी पार्टियों ने प्रचार में पूरा जोर लगा दिया है। इसी कड़ी में पीएम नरेंद्र मोदी ने द्वारका में जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी पर जमकर हमले किए। दिल्ली को केंद्र और राज्य सरकार की डबल इंजन वाली सरकार चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली ने ठान लिया है, आप-दा वालों को भगाना है। इस बार भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनाना है। भाजपा दिल्ली को जितना आधुनिक बनाना चाहती है, उसकी एक झलक यहां द्वारका में दिखती है। केंद्र ने यहां भव्य यशोभूमि का निर्माण करवाया, यशोभूमि की वजह से यहां द्वारका, दिल्ली के हजारों नौजवानों को रोजगार मिला है, यहां लोगों का व्यापार बढ़ा है। आने वाले समय में ये पूरा क्षेत्र एक प्रकार से स्मार्ट शहर होगा। आपने पहले कितने ही साल कांग्रेस को देखा, फिर दिल्ली पर आप-दा वालों ने कब्जा कर लिया। आपने मुझे देश की सेवा करने का बार-बार अवसर दिया है, अब आप मुझे दिल्ली की भी सेवा करने का मौका दें।

5 फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सभी पार्टियों ने प्रचार में अपना पूरा जोर लगा दिया है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्वारका में जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आम आदमी पार्टी पर जमकर हमले किए।

### आप-दा वालों ने दिल्ली वालों को जमकर लूटा

द्वारका में जनसभा को संबोधित किया

आने वाले समय में इस शहर को हम स्मार्ट बनाएंगे आप सेवा का मौका दें



आप-दा वालों ने दिल्ली को अपनी राजनीति चमकाने का एटीएम बना दिया है। आप-दा वालों ने दिल्ली का पैसा निचोड़ लिया है, लूट लिया है। दिल्ली में घोटाले करके ये आप-दा वाले कालेधन से देश के दूसरे राज्यों में राजनीति चमकाते हैं। दिल्ली में तकरार वाली नहीं, तालमेल वाली सरकार चाहिए, ताकि मिलजुल कर दिल्ली की हर बड़ी समस्या का समाधान हो। हमें मिलकर दिल्ली को लूट और झूठ की आप-दा से मुक्त कराना है।

### यशोभूमि से दिल्ली वालों को रोजगार मिला

पीएम मोदी ने आगे कहा कि केंद्र सरकार ने यहां एक शानदार यशोभूमि का निर्माण किया। यशोभूमि की वजह से द्वारका और दिल्ली के हजारों युवाओं को रोजगार मिला है और यहां के लोगों का कारोबार बढ़ा है। आने वाले समय में यह पूरा इलाका एक तरह से स्मार्ट सिटी बन जाएगा।

### विधानसभा के पहले ही सत्र में कैग रिपोर्ट पेश करेंगे

पीएम नरेंद्र मोदी ने द्वारका में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा के पहले ही सत्र में कैग रिपोर्ट पेश की जाएगी। यह रिपोर्ट आप-दा के घोटालों को उजागर करेगी, यही वजह है कि वे इसे छिपाने की कोशिश कर रहे है। मैंने दिल्ली के लोगों का उत्साह देखा है और हम आप-दा के प्रति उनकी नफरत भी देख सकते है। ये लोग सिर्फ झूठी अफवाहें फैलाते हैं।

### 11 सालों में आप-दा ने केवल लड़ाई लड़ी

पीएम मोदी ने दिल्ली के द्वारका इलाके में एक जनसभा में कहा कि पिछले 11 सालों में आप-दा ने सबसे लड़ाई लड़ी है। वे केंद्र सरकार से लड़ते हैं, वे हरियाणा के लोगों से लड़ते हैं, वे यूपी के लोगों से लड़ते हैं, वे केंद्र सरकार की योजनाओं को लागू नहीं होने देते। अगर दिल्ली में सिर्फ आप-दा के लोग रहेंगे तो दिल्ली विकास में पिछड़ जाएगी और बर्बाद होती रहेगी।

### केजरीवाल के खिलाफ प्रियंका ने की चुनावी जनसभा



दिल्ली विधानसभा चुनाव में पहली बार अरविंद केजरीवाल के खिलाफ गांधी परिवार खुलकर प्रचार करता नजर आएगा। कांग्रेस पार्टी ने अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए अब नई दिल्ली विधानसभा सीट पर सक्रिय प्रचार अभियान शुरू करने का फैसला किया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार शाम को पिलनजी गांव, सब्जी मंडी में प्रचार किया। वे कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित के समर्थन में जनसभा की और कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की।


### अखिलेश ने आप के पक्ष में किया रोड शो



### भाजपा को साफ करने की अपील की

लखनऊ से आप को समर्थन के ऐलान के बाद अखिलेश यादव दिल्ली की सड़कों पर भी उतर चुके हैं। दिल्ली में अखिलेश ने अरविंद केजरीवाल के साथ रोड शो किया है और हाथ में झाड़ू लेकर दिल्लीवालों से भाजपा का सफाया करने की अपील की है। यादव न तो राहुल गांधी का नाम लिया, और न ही कहीं कांग्रेस को सीधे सीधे टार्गेट करने की कोशिश की, जबकि साथ चल रहे केजरीवाल कांग्रेस और भाजपा में ईलू-ईलू का खेल समझाने में लगे रहे, लेकिन लोगों को वोट बर्बाद न करने की सलाह देकर थोड़ा संशय जरूर पैदा कर दिया है। यादव दिल्ली में कांग्रेस या राहुल गांधी का नाम भले न ले रहे हों, लेकिन केजरीवाल का समर्थन करके कांग्रेस के खिलाफ कदम तो बढ़ा ही दिया है। जिस तरह से दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ राहुल गांधी ने आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है, अखिलेश यादव का स्टैंड तो पूरी तरह कांग्रेस के खिलाफ ही जाता है।

### यमुना में जहर संबंधी नोटिस पर केजरीवाल ने दिया जवाब



आप मुखिया अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा दिल्ली को भेजे जाने वाले यमुना के पानी में जहर है। जिस पर चुनाव आयोग ने केजरीवाल को नोटिस भेज कर जवाब मांगा था।जिसका जवाब केजीरवाल ने शुक्रवार को चुनाव आयोग को छह पन्नों को सौंपी गए लेटर में दे दिया है। जिसमें केजरीवाल ने चुनाव आयोग द्वारा पूछे गए पांच प्रश्नों का सिलससिलेवार तरीके से जवाब दिया है। चुनाव आयोग ने कहा केजरीवाल के आरोपों की गहन जांच करने की प्रतिबद्धता जताई है।

## खबर संक्षेप

### उत्तरकाशी में फिर भूकंप के हल्के झटके लगे

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में आज शुक्रवार सुबह करीब 9 बजकर 29 मिनट पर फिर भूकंप का झटका महसूस किया गया। उत्तरकाशी में छह दिन में नौ बार धरती डोल चुकी है, जिससे लोग डरे और सहमे हुए हैं। शुक्रवार सुबह आए भूकंप की तीव्रता 02.07 रही। किसी भी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है।



### राजस्थान विधानसभा से 'अपशकुन' का साया दूर

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा पर 25 साल से मंडरा रहा 'अपशकुन' का साया दूर कर दिया गया है।



अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने वास्तु शास्त्रियों के सुझावों के आधार पर विधानसभा में रंग से लेकर कई बदलाव किए हैं। वासुदेव ने कहा कि हर बार किसी न किसी वजह से विधायक कम हो जाते हैं।

### धर्म संसद में सनातन बोर्ड का जल्द हो गठन

**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बुलाई गई सनातन धर्म संसद बैठक में



सनातन बोर्ड से जुड़ा प्रस्ताव पारित किया गया है। कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर नेकहा कि धर्म संसद में सनातन बोर्ड को लेकर प्रस्ताव पारित हो गया है और जल्द ही बोर्ड बनना चाहिए।

## राष्ट्रपति ने बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया

# तीन गुना गति से काम कर रही सरकार, एक देश एक चुनाव और वक्फ पर कदम आगे बढ़ें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

### देश की विकास यात्रा के अमृतकाल को सरकार उपलब्धियों से नई ऊर्जा दे रही

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को संसद में सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के इस तीसरे कार्यकाल में तीन गुना गति से काम हो रहा है। इस दौरान 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' और वक्फ (संशोधन) विधेयक जैसे कानूनों पर तेज गति से कदम आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भारत की विकास यात्रा के इस अमृतकाल को सरकार अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नई ऊर्जा दे रही है।'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से संबंधित दो विधेयकों पर इन दिनों संसद की एक संयुक्त समिति विचार कर रही है। वहीं वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार करने वाली संयुक्त संसदीय समिति ने अपनी रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी है। संबंधित विधेयक इस बजट सत्र के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

### राष्ट्रपति के अभिभाषण से जुड़ी अहम बातें

- 10 साल में बुनियादी ढांचे का बजट पांच गुना बढ़ा
- डिजिटल टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप और इनोवेशन में भारत आगे
- गरीबी को मात देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम की तारीफ की
- पेपर लीक को रोकने के लिए नया कानून लागू
- साइबर सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर
- देश में महिलाओं के बढ़ते प्रतिनिधित्व को भी सराहा।
- भारत के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क



वक्फ संशोधन विधेयक इसी सत्र में सूचीबद्ध

### 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले

राष्ट्रपति के अनुसार सरकार के प्रयासों के कारण देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं की शिक्षा और उनके लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करने पर विशेष जोर दिया है। राष्ट्रपति ने आठवें वेतन आयोग के गठन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन में बड़ी वृद्धि का आधार बनेगा।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति से रोजगार के अवसर तैयार हो रहे

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शिक्षा प्रणाली तैयार कर रही है। सरकार ने युवाओं की शिक्षा और उनके लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। सहकारी क्षेत्र के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों के फलस्वरूप रोजगार के अनेक अवसर सृजित हो रहे हैं।

### आधुनिक और आत्मनिर्भर कृषि व्यवस्था पर दिया जोर

राष्ट्रपति ने साइबर सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार साइबर सुरक्षा में दक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर कार्यरत है। उन्होंने कहा कि भारत में आधुनिक और आत्मनिर्भर कृषि व्यवस्था हमारा लक्ष्य है। सरकार किसानों को फसलों का उचित दाम दिलाने और आय बढ़ाने के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है।

## पीएम मोदी ने राष्ट्रपति के विकसित भारत के विजन की सराहना की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संसद में दिए भाषण की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का संबोधन एक मजबूत और विकसित भारत का विजन प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि उनका भाषण एक प्रेरणादायक रोडमैप दिखाता है जिससे भारत अपने लक्ष्यों को एकता और संकल्प के साथ हासिल कर सकता है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि राष्ट्रपति का भाषण युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और देश के विकास की दिशा में अहम संदेश देता है। उन्होंने राष्ट्रपति द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की गई पहलों और सभी के विकास की प्रतिबद्धता की सराहना की। अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' अब 'मेक फॉर द वर्ल्ड' बन चुका है। साथ ही उन्होंने सरकार की आर्थिक प्रगति और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए सबका साथ, सबका विकास की नीति को दोहराया और कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने की है।

## सीतारमण के सामने कई समस्याएं

# भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास यात्रा को बनाए रखना 'चुनौती'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार को लगातार आठवीं बार बजट पेश करेंगी। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के लिए बजट 2025 कई मायनों में चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। वैश्विक चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास यात्रा को बनाए रखना सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। दूसरी ओर, देश का आम आदमी बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और करों के बोझ से राहत की उम्मीद कर रहा है। हाल ही में भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी पड़ने के कारण वैश्विक निवेशकों की चिंता बढ़ी है। घरेलू शेयर बाजार में बीते कुछ महीनों के दौरान इस कारण लगातार गिरावट देखने को मिली है। रोजगार के मोर्चे पर भी इससे चुनौती बढ़ती है। लोगों को महंगाई की तुलना में मजदूरी नहीं मिल पा रही, जिससे उन्हें तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

### ये 5 मुद्दे महत्वपूर्ण

1. **महंगाई:** बीते कुछ महीनों में देश में महंगाई तेजी से बढ़ती है। खासकर खाने-पीने की चीजें, सब्जियों, खाद्य तेलों और दूध की कीमतों में इजाफा होने का असर सीधा आम आदमी की रसोई पर पड़ा है। खाद्य तेलों की कीमतों में बड़ा इजाफा दिखा। दूध की कीमतों में भी उत्पादन खर्च बढ़ने का हवाला देकर इजाफा किया गया, इससे भी लोगों पर भार बढ़ा।
2. **वृद्धि दर में सुस्ती:** कोरोना संकट के बाद वृद्धि दर का यह अनुमान सबसे कम है। जानकार मानते हैं कि 2024 में आम चुनावों के बाद आधारभूत ढांचे पर पूंजीगत खर्च में नरमी आने से देश की जीडीपी विकास दर प्रभावित हुई और आने वाले वर्ष में यह फिर से गति पकड़ सकती है। बजट में वित्त मंत्री की ओर से पूंजीगत व्यय के मार्चे पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है।
3. **रोजगार:** देश में पिछले कुछ महीनों में नए रोजगार के आंकड़े उम्मीद से कम रहे हैं। इस मोर्चे पर भी बजट 2025 में सीतारमण से ठोस उपायों की उम्मीद है। देश में बड़े पैमाने पर युवाओं की आबादी नौकरी के लिए संघर्ष कर रही है। सरकारी नौकरियों में उम्मीद के अनुरूप बहाली नहीं हो रही, निजी नौकरियों में मेहनत अधिक आमदनी कम वाली स्थिति है, जिससे युवा निराश हैं।
4. **वेतन में धीमी वृद्धि:** कॉरपोरेट जगत का मुनाफा बढ़ने के बाद बावजूद महंगाई के अनुपात में लोगों का वेतन नहीं बढ़ा है। उद्योग संगठन फिक्की और स्टाफिंग सॉल्यूशन कंपनी क्वेस कॉर्प की पड़ताल भी यही बताती है। 2019 से 2023 के बीच इंजीनियरिंग, विनिर्माण, प्रॉसेसिंग और बुनियादी ढांचा कंपनियों में महज 0.8% की वेतन वृद्धि की गई है। एफएमसीजी कंपनियों के मामले में वेतन वृद्धि का आंकड़ा औसत रूप से 5.4फीसदी रहा है।
5. **आयकर:** बीते कुछ सालों में देश के बजट में आयकर के मोर्चे पर लोगों को कोई खास राहत नहीं मिली है। बजट में इनकम टैक्स पर हर साल सरकार कुछ ऐलान करती है, पर करों के भारत से दबे आम आदमी खास नौकरीपेशा वर्ग को इससे कोई बड़ी राहत नहीं मिली है। इस बार बजट में कई संगठनों से सरकार से आयकर में छूट का दायरा बढ़ाकर 10 लाख रुपए करने की मांग की है।

## चुनाव नियमों पर विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# जब तक निपटारा नहीं हो जाता मतदान के दौरान की वीडियो क्लिप संरक्षित रखी जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मतदान की वीडियो क्लिप को संरक्षित रखने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने चुनाव नियमों पर विवाद पर कहा कि जब तक याचिकाओं का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक मतदान की वीडियो क्लिप संरक्षित रखी जाएं। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने इंदु प्रकाश सिंह की याचिका पर सुनवाई की। आयोग के हर विधानसभा में प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या 1200-1500 बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।

### जवाब देने के लिए चुनाव आयोग ने समय मांगा

### हलफनामा 3 सप्ताह के भीतर दाखिल करें



पीठ ने कहा कि हलफनामा 3सप्ताह के भीतर दाखिल किया जाए। हम प्रतिवादी संख्या 1 को सीसीटीवी रिकॉर्डिंग को बनाए रखने का निर्देश देना उचित समझते हैं। सिंह ने कहा कि प्रति मतदान केंद्र मतदाताओं की संख्या बढ़ाने का निर्णय मनमाना है। यह किसी डेटा पर आधारित नहीं है।

### आमतौर पर इतना मतदान असंभव

उन्होंने कहा कि आम तौर पर चुनाव 11 घंटे तक चलते हैं और वोट डालने में 60 से 90 सेकंड का समय लगता है, इसलिए एक ईवीएम के साथ एक मतदान केंद्र पर एक दिन में 660 से 490 लोग वोट डाल सकते हैं। एक हजार वोट असंभव है।

## राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सत्ता और विपक्ष के बीच जुबानी जंग

# विपक्ष जान-बूझकर राष्ट्रपति का कर रहा अपमान


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के पहले ही दिन राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं के बीच तल्ख जुबानी जंग छिड़ गई है। भाजपा के अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने राष्ट्रपति पर सोनिया गांधी की टिप्पणी को लेकर एक्स पर पोस्ट कर कहा कि राष्ट्रपति के लिए पुअर थिंग फ्रेज का उपयोग सोनिया ने बयान में किया जिसकी भाजपा कड़ी निंदा करती है। जान-बूझकर ऐसे शब्दों का इस्तेमाल कांग्रेस की गरीब विरोधी, आदिवासी विरोधी प्रकृति को दर्शाता है।



### विपक्ष के बयान निंदनीय और आदिवासी विरोधी

### इस बार भी लोकसभा में नहीं होगी उपाध्यक्ष की नियुक्ति: ब्रायन



तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने बजट सत्र शुरू होने से पहले केंद्र सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि लोकसभा में अब तक उपाध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की गई है। बजट सत्र में भी नियुक्ति नहीं की जाएगी।

### व्यवधान त्याग कर सार्थक चर्चा की राह बनाएं: धनखड़

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बजट सत्र की शुरुआत होने से पहले कहा कि संसद में व्यवधान का दौर खत्म करके सार्थक चर्चा की राह बनाई जानी चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि 'संसद में ज्यादा चर्चा और बहस होनी चाहिए न कि उसे बाधित किया जाए।

### उम्मीद छोड़िए सांत्वना भी नहीं मिली: मायावती



उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा प्रमुख मायावती ने एक्स पर लिखा- राष्ट्रपति का अभिभाषण देश में महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, जीएसटी कर बोझसे त्रस्त करोड़ों गरीब, मेहनतकश व मध्यम वर्ग बहुजनों हेतु राहत व उम्मीद तो दूर सांत्वना वाला भी कम।

### वरिष्ठ सांसद के बयान अशोभनीय : अनुप्रिया



राष्ट्रपति पर सोनिया गांधी की टिप्पणी पर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि एक वरिष्ठ सांसद के मुंह से ऐसी बातें अच्छी नहीं लगतीं। मैं इसकी निंदा करती हूं।

### इस सरकार से कुछ भी उम्मीद नहीं: दानवे



उद्धव ठाकरे गुट के नेता अंबादास दानवे ने पहले के बजट में की गई घोषणाएं अभी तक पूरी नहीं हुई हैं। इस बार भी उम्मीद नहीं है।

# झाडोल में भव्य भोमट महोत्सव का उद्घाटन , बाल मेले में खूब लिए बच्चों ने आनदं

● राजस्थान दर्शन

**झाड़ोल। पवन लोहार** उदयपुर ज़िले झाडोल उपखंड मुख्यालय में राजस्थान बाल कल्याण समिति द्वारा भव्य भोमट महोत्सव उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान बाल कल्याण समिति के उपाध्यक्ष यदुराजसिंह ने की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वासुदेव मालावत आयुक्त देवस्थान विभाग थे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि गुणवंतसिंह झाला एवं मावली के पूर्व विधायक धर्म नारायण जोशी रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि उपखंड अधिकारी विजेन्श पांडिया झाडोल, डीवाइएसपी नेत्रपाल सिंह, सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा डॉ सतीश आचनिदेशक, मुकेश क्रिशल फाउंडेशन (माय प्रगती परियोजना )नीलमराज पुरोहित मंडल अध्यक्ष झाडोल, संजय मेहता पूर्व मंडल अध्यक्ष झाडोल, मदन शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष ओगना रवि गायरी राजू निमावत रेवाशंकर गायरी लालसिंह रानावत बंशीलाल वडेरा जीतेन्द्र शुक्ला सुरेन्द्रसिंह झाला अमरसिंह झाला आशा वडेरा सरपंच झाडोल , देवधर शुक्ला आदी थे ।





कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत राजस्थान बाल कल्याण समिति के मुख्य प्रबन्ध निदेशक एवं सचिव डॉ गिरजाशंकर शर्मा द्वारा किया गया।

स्वागत उद्बोधन देते हुए शर्मा ने राजस्थान बाल कल्याण समिति के 1981 से 2025 के सफ़र में प्राप्त अनुभवों एवं उपलब्धियों को साझा किया शर्मा ने बताया की राजस्थान बाल कल्याण के निर्माण में पंडित जीवतराम जी के किये गये कार्यो पर प्रकाश डाला ।

कार्यंक्रम में अतिथियों का स्वागत ललित शर्मा, डॉ. एसवीसिंह, डॉ महावीर जैन, डॉ राजीव गौड ,घनश्याम जोशी, तोलाराम मेघवाल, शीला पूर्बिया, नेहा, डॉ लालसिंह राठोड , मनोज गौड़, कुबेरसिंह झाला, राधा कटारा ,डॉ.सहीदा जयपुरी ,डॉ जयश्री रावल, डॉ.सतीश जोशी, हेमकर शर्मा , कमलेश शर्मा, आशा शर्मा के द्वारा किया गया ।

उद्घाटन कार्यक्रम के दोरान राजस्थान बाल विद्या मंदिर उच्च माध्मिक विद्यालय झाडोल राजस्थान पब्लिक माध्मिक स्कूल झाडोल राजस्थान बाल विद्या मंदिर गोराना आदी की छात्रो ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी भोमट महोत्सस्व में बाल मेले के तहत राजस्थान बाल विद्या मंदिर उच्च माध्मिक विद्यालय झाडोल राजस्थान पब्लिक माध्यमिक स्कूल झाडोल राजस्थान बाल विद्या मंदिर गोराना शेक्षणिक परिसर बीड़ा जेआर शर्मा कन्याशिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय जेआर शर्मा पीजी महाविधायालय झाडोल जेआर नर्सिंग इंस्टिट्यूट सागवाडा क्रिशल फाउंडेशन (मय प्रगती ग्रामीण विकास इकाई उदयपुर एवं ग्रामीण विकास इकाई डूंगरपुर द्वारा विभिन्न स्टाल पर विज्ञान एवं अन्य विषयो पर भव्य प्रदर्शन किया उद्घाटन समारोह वासुदेव मालावत धर्मनारायण जोशी गुणवंतसिंह झाला डॉ. सतीशआचार्य नीलमराज पुरोहित उपखंड अधीकारी पुलिस उपाधीक्षक आदी ने संबोधन देते हुए राजस्थान बाल कल्याण समिति के कार्यक्रमों की सराहना की । उद्बोधन में पंडित जीवतराम शर्मा द्वारा किये गये उलेखनीय कार्यो एवं प्रयासों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की ।कार्यक्रम में अतिथीयो का आभार ललित शर्मा द्वारा किया गया । कार्यक्रम का संचालन रामचन्द्र जन्नावत ने किया।

## आईडीबीआई बैंक ने किया सामाजिक सरोकार,स्कूल में भेंट किया आरओ वाटरकूलर



● राजस्थान दर्शन

**उदयपुर।** झामर कोटड़ा स्थित आईडीबीआई बैंक शाखा ने शिक्षा सशक्तिकरण व विकास क्षेत्र में सामाजिक सरोकार करते हुए उच्च माध्यमिक विद्यालय झामर कोटड़ा में एक वाटर कूलर आरओ सिस्टम से युक्त व 2 सेट स्कूल घण्टी भेंट की । ब्रांच मैनेजर मनोज कुमार ने बताया कि सीएसआर सीड प्रोग्राम के तहत आईडीबीआई बैंक शाखा झामर कोटड़ा ने उच्च माध्यमिक स्कूल में आरओ वाटर कूलर व 2 ऑटोमेटिक अलार्म भेंट की है।स्कूल के संस्था प्रधान जय प्रकाश जैन ने सभी का स्वागत किया और कहा कि स्कूल में बैंक द्वारा की किए गए सामाजिक सरोकार को धन्यवाद ज्ञापित करता है।कार्यक्रम के दौरान अमित कुमार सोमानी क्षेत्रीय कॉर्डिनेटर उदयपुर, मनोज कुमार शाखा प्रबंधक झामर कोटड़ा, रवि कुमार नेगी,मैनेजर भारतीय जीवन बीमा निगम ,विनय कुमार, डिप्टी मैनेजर भारतीय जीवन बीमा निगम,कोमल कुमारी सर्विस ऑपरेशन मैनेजर व अंजली आईडीबीआई के अलावा संस्था प्रधान जयप्रकाश जैन,स्कूली ,शिक्षक व स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## डीटीओ ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी



● राजस्थान दर्शन

**सलूंबर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 परवाह का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को जिला परिवहन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह गुलिया द्वारा देव विद्यालय जावर माइंस के छात्रों को सडक सुरक्षा एवं यातायात नियमों के बारे में अवगत कराया।गुलिया ने छात्रों को चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनने के लिए और दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया एवं यातायात नियमों के पालन करने हेतु निर्देशित किया ओर छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस दौरान विद्यालय के छात्र छात्रा एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## धरतीपुत्रों को डिजिटली सशक्त बनाने प्रदेश सरकार की अभिनव पहल,किसानों को मिलेगी डिजिटल पहचान

### प्रदेश भर में फार्मर रजिस्ट्री अभियान 5 से जिले में भी आयोजित होंगे शिविर

● राजस्थान दर्शन

**उदयपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य के किसानों को सशक्त करने के लिए उन्हें डिजिटल रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। एग्रीस्टैक योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री के लिए सीकर में चलाए गए पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद राज्य सरकार ने उसे पूरे प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत आगामी 5 फरवरी से संपूर्ण राजस्थान में फार्मर रजिस्ट्री अभियान प्रारंभ किया जाएगा। इसमें राज्य के सभी जिलों में ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर शिविर आयोजित कर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करते हुए उन्हें 11 डिजिट की विशेष आईडी जारी की जाएगी।

**यह है एग्रीस्टैक और फार्मर रजिस्ट्री**

कृषकों को प्राप्त होने वाली सेवाओं का लाभ कृषक डिजिटली प्राप्त कर सके तथा कृषि कार्य में होने वाले लाभ में वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एग्रीस्टैक-डिजिटल एग्रीकल्चर परियोजना संचालित की जा रही है। एग्रीस्टैक परियोजना का उद्देश्य किसानों के लिए सस्ता ऋण, उच्च गुणवत्ता वाले कृषि आदान, स्थानीयकृत और विशिष्ट लक्षित सलाह और बाजारों तक पहुंच को आसान बनाना है।

**प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री अभियान 5 से**

प्रदेश में कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री करने के लिए 5 फरवरी से अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत उदयपुर जिले में 5 फरवरी से 9 फरवरी तक जिले की प्रत्येक तहसील में एक-एक ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित होगा (प्रति सप्ताह 2 ग्राम पंचायत), 10 फरवरी से 16 फरवरी तक प्रत्येक तहसील की दो-दो ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन होगा ( प्रति सप्ताह 4 ग्राम पंचायत) तथा इसी प्रकार 17 फरवरी से 31 मार्च तक प्रत्येक तहसील में पांच-पांच ग्राम पंचायतों (प्रति सप्ताह 10 ग्राम पंचायत) में शिविरों का आयोजन होगा। जिला कलक्टर (भू अभिलेख) अरविन्द पोसवाल ने जिले की सभी तहसीलों में शिविर आयोजन का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है।



**यह होगा फार्मर रजिस्ट्री में**

फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु राजस्व विभाग के भू-अभिलेख के डेटाबेस को समेकित कर प्रत्येक राजस्व ग्राम के प्रत्येक समान नाम व पिता के नाम वाले कृषको को समेकित करते हुए ऑनलाइन बकेट तैयार कर ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक जिले में इन बकेट का प्रयोग कर राज्य स्तर से फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जाएगा।

**यह है उद्देश्य**

अभियान के तहत प्रदेश के समस्त कृषकों की आधार लिंक्ड रजिस्ट्री तैयार की जाएगी, जिससे योजनाओं का नियोजन, लाभार्थियों का सत्यापन, कृषि उत्पादों के विपणन आदि सुविधाजनक होगा। समस्त कृषकों को राज्य सरकार द्वारा कृषकों के कल्याण के लिए संचालित विभिन योजनाओं का लाभ सुगम एवं पारदर्शी तथा समयबद्ध तरीके से उपलब्ध हो सकेगा।योजनाओं में लाभ हेतु अथवा अन्य उद्देश्य से कृषकों की पहचान एवं प्रमाणीकरण में सुगमता होगी।

**फार्मर रजिस्ट्री से संभावित लाभ**

पीएम किसान योजना के अंतर्गत किस्त प्राप्त करने हेतु अनिवार्यता की शर्त को पूर्ण कर वर्तमान में चौपम किसान योजना के लाभार्थी को इस योजना का लाभ लगातार प्राप्त करने में सुगमता होगी। पीएम किसान योजना के संतृप्तिकरण करने में सहायता मिलेगी। कृषकों को फसली ऋण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड एवं एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फण्ड एवं कृषि के विकास के लिए अन्य ऋण प्राप्त करने में सुगमता होगी। फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने में आसानी होगी।

## झाड़ोल के 6 सरकारी विद्यालयों के बच्चो को चित्रकला कीट बांटे

● राजस्थान दर्शन

**पवन लोहार / झाड़ोल।** उपखंड झाड़ोल के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय गोगला, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थोबावाड़ा,राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रिछावर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तलाई, राजकीय प्राथमिक विद्यालय खाड़ियाफला, राजकीय प्राथमिक विद्यालय घाटीफला में कक्षा एक से पांच तक के समस्त विद्यार्थियों को अध्यापक नरेश लोहार के प्रयासों से आस्था अ डिवाइन योगिक कनेक्शन एंड स्टर्लिंग पब्लिकेशन द्वारा जयपुर की संस्थान फीडिंग हैंड्स के माध्यम से चित्रकला किट भेंट किए गए ,यह किट बच्चो को रंग बिरंगी दुनिया में आगे बढ़ने का और शिक्षण कार्य को रुचिकर बनाने के साथ ही विद्यार्थियों के विचारों को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करेगी,फीडिंग हैंड्स जयपुर के पंकज जैन ने बताया कि बच्चो को



रंग बिरंगी दुनिया पसंद होती है और

कक्षा- कक्ष में ऐसी छोटी- छोटी गतिविधियां होने से बच्चे पढ़ने में रुचि लेते है,यह किट बच्चो को शिक्षा में रुचि लेने के लिए प्रेरित करेगी,ज्ञातव्य है कि इससे पहले भी अध्यापक के प्रयासों से 6 और भी विद्यालयों में इस प्रकार के चित्रकला कीट पहुंचाए गए हैं,वितरण कार्यक्रम में समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य जिसमें रमेश कुमार कोड़ियां,चंदू लाल मीणा,फतेहलाल, प्रेम शंकर जोशी,गजेंद्र कुमार पुरबिया, रंजना रालोती सहित अध्यापक रतन गामठ,महावीर देवावत, यमुना शंकर मेघवाल,धर्मी लाल कटारा, पवन गायरी,चंदू लाल मीणा, दीपेश सेवक, जगदीश पालीवाल, दिनेश सालवी, चंद्रशेखर पालीवाल, नरेश मेघवाल, सुर वीर सिंह झाला, पवन जोशी, हिम्मत मेघवाल आदि उपस्थित रहे,विद्यालय परिवार द्वारा आस्था अ डिवाइन यौगिक कनेक्शन एंड स्टर्लिंग पब्लिकेशन जयपुर तथा संस्था फीडिंग हैंड्स का आभार जताया गया।

## डी.एल.एड. क्रियात्मक अभ्यास शिक्षण परीक्षा 3 मार्च से 7 मार्च के मध्य होगी आयोजित

● राजस्थान दर्शन

**उदयपुर।** डी.एल.एड. प्रथम वर्ष प्रोन्नत ,द्वितीय वर्ष नियमित ,पूवर्वर्ती तथा पूरक परीक्षार्थियों की सैद्धांतिक परीक्षाएं कल दिनांक 30.01.2025 को संपन्न हुई हैं। पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएं, राजस्थान, बीकानेर के अनुसार इन परीक्षार्थियों कि द्वितीय वर्ष की क्रियात्मक अभ्यास शिक्षण परीक्षा (210) एवं डी.एल.एड. प्रथम वर्ष प्रोन्नत परीक्षा की क्रियात्मक अभ्यास शिक्षण परीक्षा (111) का आयोजन 27 एवं 28 फरवरी को आयोज्य रीट परीक्षा के उपरान्त दिनांक 03 मार्च से 07 मार्च, 2025 के मध्य किया जाएगा। यह जानकारी डाइट प्रधानाचार्य डीईओ चंद्रशेखर जोशी ने दी।

## केन्द्रीय सहकारी बैंक उदयपुर की विकासोन्मुखी कार्य योजना कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय मॉनिटरिंग एवं रिव्यू कमेटी की बैठक



● राजस्थान दर्शन

**उदयपुर।** दी उदयपुर सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की जिला स्तरीय मॉनिटरिंग एवं रिव्यू कमेटी की बैठक शुक्रवार को बैंक प्रशासक एवं जिला कलक्टर अरविन्द कुमार पोसवाल की अध्यक्षता में हुई। बैंक के प्रबंध निदेशक अनिमेष पुरोहित ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दी राजस्थान स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लि.जयपुर के द्वारा विकासोन्मुखी कार्य योजना (डी.ए.पी.) के अन्तर्गत दिये गये लक्ष्यों के विरूद्ध त्रैमास दिसंबर 2024 तक की उपलब्धियों पर चर्चा की गई।

बैठक में बैंक प्रशासक ने बिन्दुवार बैंक की प्रगति की जानकारी ली। इसके अन्तर्गत प्रबन्ध निदेशक ने बैंक की हिस्सा पूंजी में 37.45 लाख की वृद्धि, अमानतों में 604.89 लाख की वृद्धि, उधार ऋण के स्तर में 3882.02 लाख की वृद्धि, ऋण बकाया के स्तर में 4875.00 लाख की वृद्धि तथा बैंक की कार्यशील पूंजी में रूपए 5411.11 लाख की वृद्धि की जानकारी प्रस्तुत की। इसके साथ राज्य सरकार की बजट घोषणा के अन्तर्गत गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना की प्रगति तथा दीर्घकालीन कृषि/अकृषि ऋण ब्याज अनुदान योजना के संबंध में भी विस्तृत विवरण दिया। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पैक्स कम्प्यूटराइजेशन योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बैंक प्रबंध निदेशक ने बताया कि बैंक कार्यक्षेत्र के उदयपुर, सलूंबर, राजसमंद एवं धरियावद (प्रतापगढ़) की शाखाओं के अधीन कुल 360 पैक्स-लैम्पस के कम्प्यूटराइजेशन के लक्ष्य के विरूद्ध 261 पैक्स/लेम्पस् का कम्प्यूटराइजेशन कार्य सम्पूर्ण हो चुका है।

कलेक्टर ने वार्षिक कार्य योजना के अन्तर्गत आवंटित सभी लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने तथा राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के अंतर्गत योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए अधिकाधिक पात्र कृषकों/सदस्यों को लाभान्वित करने व पैक्स कम्प्यूटराइजेशन का कार्य भी प्राथमिकता से सम्पन्न करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां खण्ड उदयपुर श्रीमती गुन्जन चौबे, शीर्ष सहकारी बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल खटीक, केंद्रीय सहकारी बैंक के मुख्य प्रबन्धक के.एल.शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक वैभव गौड़, प्रबंधक (साख्यिंकी) हितेश कुमार पांचाल भी उपस्थित थे।

## नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का सम्मान



● राजस्थान दर्शन

**अंकित पुरोहित/ब्यूरो जोधपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की ओर से सूरसागर चौपड़ स्थित शिव शक्ति स्टोन पर नवनियुक्त सूरसागर मंडल अध्यक्ष पंकज भाटी, प्रताप नगर मंडल अध्यक्ष भैरूदास वैष्णव एवं गणतंत्र दिवस पर सामाजिक क्षेत्र उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित होने पर शैलेंद्र सोनी का माला दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया।किसान मोर्चा के जिला महामंत्री काशीराम भाटी ने बताया कि इस दौरान पूर्व जिला महामंत्री महेंद्र मेघवाल किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष घनश्याम पंवार ,काशीराम भाटी, दिलीप आचार्य, युधिष्ठिर कटारिया, उम्मेदसिंह सोलंकी, ओम प्रकाश मेवाड़ा, रामनिवास पटेल ,पप्पू राम गहलोत, मगराज चौधरी, दलपत सिंह चौहान इत्यादि उपस्थित थे।

## साइबर शिल्ड अभियान के दौरान 3 प्रकरण दर्ज कर 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार गुमशुदा 54 मोबाईल बरामद करने मे मिली सफलता



● राजस्थान दर्शन

**सलूंबर।** साइबर शिल्ड अभियान के दौरान जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार यादव द्वारा साईबर सेल व पुलिस थानों से टीम का गठन कर साईबर अपराध में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही व गुमशुदा मोबाईलों को रिकवर कर परिवादियों को सुपुर्द करने के निर्देश दिये गये थे, जिस पर साईबर टीम व पुलिस थाना झल्लारा की संयुक्त कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना झल्लारा सर्कल में एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर ऑनलाईन लडकियां उपलब्ध करवाने के नाम पर लोगों के साथ धोखाधडी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया । विगत 2 सालों में आमजन के गुम हुए मोबाईलों को रिकवर करने का कार्य किया गया। जिसमें साईबर सेल व थाना पुलिस ने मिलकर कुल 54 मोबाईल बरामद कर मालिकों को सुपुर्द किये गये है।

पूर्व में साईबर सेल द्वारा दो अलग-अलग अभियान चलाकर कूल 118 मोबाईल रिकवर कर मालिकों को सुपूर्द किये गये थे। सलूम्बर जिला बनने के बाद अब तक कूल 172 मोबाईलो को रिकवर कर उनके मालिकों को सुपुर्द किये जा चुके है। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार यादव ने आमजन से अपील की भविष्य मे किसी भी व्यक्ति को कहीं मोबाइल लावारिस हालात में मिले, उसे अपने पास रखने के बजाय अपने नजदीकी पुलिस थाने मे जमा कराये एवं किसी से भी बिना बिल के कोई भी मोबाईल ना खरीदें । मोबाईल दुकानदारों से अपील है कि अपने दुकान पर कोई ग्राहक मोबाईल को अनलॉक कराने या मोबाईल बेचने आता है तो सर्वप्रथम दुकानदार उस मोबाईल का बिल अवश्य मांगे तथा बिल एवं ग्राहक के आधार कार्ड की फोटोकॉपी लेकर रिकॉर्ड अपनी दुकान पर रखे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह - पुरस्कार वितरण समारोह 1 को

● राजस्थान दर्शन

**उदयपुर।** जिला कलक्टर के निर्देशन में प्रादेशित परिवहन, सड़क सुरक्षा विभाग और आधार फाउंडेशन द्वारा मनाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शनिवार 1 फरवरी को प्रातः 10 बजे पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन नगर निगम के दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित होगा।

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ज्ञानदेव विश्वकर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान आयोजित गतिविधियों में सहयोग देने वाले एवं सड़क सुरक्षा पर आधारित प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्षपर्यंत सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा परवाह कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे।

## आमजन को दी चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर की जानकारी

● राजस्थान दर्शन

**उदयपुर।** उदयपुर बाल अधिकारिता विभाग के अंतर्गत संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 को आमजन तक पहुंचाने के लिए अभियान चलाया गया। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक के.के. चंद्रवंशी ने बताया कि जरूरतमंद बच्चों की सहायतार्थ चाइल्ड हेल्पलाइन की जानकारी लोगों तक पहुंचाने एवं बाल विवाह बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति जैसे गहन मुद्दों पर सभी को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। चाइल्ड हेल्पलाइन जिला परियोजना समन्वयक नवनीत औदिच्य ने टीम का गठन करके उदयपुर क्षेत्र के बड़गांव, सूरजपोल, धानमंडी आदि थाना क्षेत्र में बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के साथ चाइल्डलाइन के कार्यों की चर्चा की व थाना परिसर में पोस्टर लगवाए। इस कार्य में चाइल्ड हेल्पलाइन टीम सदस्य बाल संरक्षण अधिकारी राजकुमार जीनगर, मोईन पिंजरा, मोहन गायरी, रोहित गरासिया, भाग्यवंती कुमावत आदि ने भागीदारी निभाई।